अधिकतम :32°C
न्यूनतम : 19°C

सेंसेक्स 78,553.20
निफ्टी 23,851.65

सोना 98,350
चांदी 1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, सोमवार 21 अप्रैल 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 251 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 22 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




### हजारों लोगों ने राष्ट्रपति ट्रम्प का आवास घेरा

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### धीमे ओवर रेट के लिए शुभमन गिल पर लगा जुर्माना

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# यूपी व उत्तराखंड सहित 20 राज्यों में आंधी-बारिश

**मप्र के पांच जिलों में हीटवेव की चेतावनी**

**नई दिल्ली।** देशभर में अप्रैल के शुरुआती दिनों में तेज गर्मी के बाद एक बार फिर मौसम बदला है। उप्र, उत्तराखंड, बिहार, हिमाचल प्रदेश, जम्मू- कश्मीर समेत 20 राज्यों में आंधी-बारिश की संभावना है।

केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, और आंध्र प्रदेश में भारी बारिश और तूफान का अलर्ट है। इधर राजस्थान, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में हीटवेव की संभावना है। इन राज्यों के कई इलाकों में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मौसम विभाग ने मप्र के रतलाम, गुना, सागर, दमोह और सीधी में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। 26 शहरों में तापमान 40 डिग्री से अधिक रहा।

## जम्मू-कश्मीर में बादल फटने से तबाही, बाढ़ व भूस्खलन से तीन की मौत

### रामबन में 100 लोगों का रेस्क्यू

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में पिछले कई दिनों से बारिश हो रही है। रामबन जिले के सेरी बागना इलाके में रविवार सुबह बारिश के बाद बादल फटने से 3 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने करीब 100 लोगों को रेस्क्यू किया। सूत्रों ने बताया कि बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई।

पहाड़ का मलबा गांव की तरफ आ गया, जिसकी चपेट में कई लोग और घर आ गए। फिलहाल रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। उधर, रामबन जिले के बनिहाल इलाके में कई जगह लैंडस्लाइड हुई हैं। इसकी वजह से जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे बंद कर दिया गया है। सैकड़ों



वाहन फंसे हुए हैं। किश्तवाड़-पद्दर मार्ग भी बंद है। यहां वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। अधिकारियों ने मौसम साफ होने के बाद ही हाईवे पर सफर करने की अपील की है।

# बेंगलुरु एयरपोर्ट पर खड़े इंडिगो प्लेन से टकराया टेंपो

बेंगलुरु, वार्ता

**बेंगलुरु के** केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक टेंपो ट्रैवलर की इंडिगो प्लेन से टक्कर की फोटो वायरल हो रही है। ये हादसा शुक्रवार (18 अप्रैल) दोपहर का है, जब एक टेंपो ट्रैवलर खड़े हुए इंडिगो प्लेन से टकरा गया, जिसमें ड्राइवर को हल्की चोटें आईं।

हादसा दोपहर करीब 12:15 बजे एयरपोर्ट के अल्फा पार्किंग वे 71 पर हुआ। एयरपोर्ट प्रशासन ने बताया कि टेंपो एक थर्ड-पार्टी ग्राउंड हैंडलिंग एजेंसी का था और उसे

**ड्राइवर की लापरवाही से हुआ हादसा**

एयरपोर्ट स्टाफ को छोड़ने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। जिस विमान से टेंपो टकराया, वह इंजन रिपेयर के चलते पहले से ही ग्राउंडेड था और अभी संचालन नहीं होना था। इस वजह से कोई भी यात्री मौजूद नहीं था। इंडिगो ने अपने बयान में कहा कि हादसा ड्राइवर की लापरवाही की वजह से हुआ। टेंपो विमान से जा टकराया, जिससे वाहन की छत और चालक की साइड बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

## संयुक्त अरब अमीरात में अपने जौहर दिखाएंगे भारतीय लड़ाकू विमान

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना के मिग-29 और जगुआर लड़ाकू विमान सोमवार (आज) से संयुक्त अरब अमीरात में प्रतिष्ठित हवाई युद्ध अभ्यास डेजर्ड फ्लैश -10 में अपने जौहर और रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन करेंगे। वायुसेना के प्रवक्ता ने रविवार को यहां बताया कि वायु सेना की टुकड़ी इस अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए संयुक्त अरब अमीरात के अल धफरा एयर बेस पर पहुंच गई है। डेजर्ट फ्लैग अभ्यास संयुक्त अरब अमीरात वायुसेना द्वारा आयोजित एक बहुराष्ट्रीय अभ्यास है जिसमें भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, फ्रांस, जर्मनी, कतर, सऊदी अरब, कोरिया, तुर्की, संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन और अमेरिका की वायु सेनाएं भाग ले रही हैं। यह अभ्यास सोमवार (आज) से शुरू होकर आठ मई तक चलेगा।

## विश्व में हर सेकंड होती है 1.63 करोड़ की साइबर ठगी

**नई दिल्ली।** इंटरनेट और तकनीक जीवन आसान बना रही हैं, लेकिन साइबर ठगों ने इसे खौफनाक जगह बना दिया है। 2024 में दुनिया में 498 लाख करोड़ से ज्यादा की साइबर ठगी हुई। यानी कि हर सेकंड 1.63 करोड़ की चपत लगी। भारत में 2023 में 9.2 लाख से ज्यादा शिकायतें आईं, जिनमें 6 हजार करोड़ की चपत लगी। गृह मंत्रलय की रिपोर्ट के अनुसार साइबर ठगी 6 साल में 42 गुना बढ़ गई। यह तकनीकी ही नहीं, बल्कि आर्थिक व कानूनी चुनौती भी बन गया है। ठगी की रकम की लॉन्ड्रिंग के लिए मनी म्यूल, क्रिप्टोकरेंसी व हवाला नेटवर्क इस्तेमाल हो रहे हैं। सरकारें साइबर सुरक्षा पर अरबों रुपये खर्च कर रही हैं। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने 2025 में भारतीयों से 1.2 लाख करोड़ से ज्यादा की ठगी की आशंका जताई है। यह बिहार के बजट के 50 प्रतिशत के बराबर है। साइबर अपराध अर्थव्यवस्था के लिए भी खतरा है। 2024 में दुनिया में साइबर क्राइम से 498 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। ये कितना गंभीर है, यह इस तरीके से समझ सकते हैं।

## रविशंकर प्रसाद ने BSF जवानों के साथ देखी 'ग्राउंड जीरो'

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद और पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जवानों के साथ एक्सेल एंटरटेनमेंट की फिल्म 'ग्राउंड ज़ीरो' देखी। सच्ची घटना पर बनी फिल्म ग्राउंड जीरो में बीएसएफ के पिछले 50 सालों की सबसे बड़ी ऑपरेशन की कहानी दिखाई गई है। 18 अप्रैल को ग्राउंड जीरो ने इतिहास रच दिया। पिछले 38 सालों में यह पहली फिल्म बनी, जिसका रेड कार्पेट प्रीमियर और स्पेशल स्क्रीनिंग श्रीनगर में हुई। यह पूरा इवेंट बीएसएफ जवानों के लिए रखा गया था। इस जज्बे को आगे बढ़ाते हुए ग्राउंड जीरो की टीम 19 अप्रैल को दिल्ली पहुंची, जहां एक और स्पेशल प्रीमियर रखा गया। इस मौके पर सांसद रवि शंकर प्रसाद ने भी बीएसएफ जवानों और फिल्म की टीम के साथ फिल्म देखी।

# अमेरिका के नक्शे कदम पर भारत: नया कानून बनेगा

## भारतीयों के डिपोर्टेशन के बाद केंद्र ने लिया फैसला

नई दिल्ली, वार्ता

**केंद्र सरकार** विदेश में नौकरी के लिए जाने के नियम सख्त बना रही है। विदेश मंत्रालय नया कानून बना रहा है। बिल का ड्राफ्ट जल्द जारी होगा। जनता और विशेषज्ञों से राय लेने के बाद संसद के मानसून सत्र में इसे पेश किया जाएगा।

अवैध तरीके से अमेरिका गए भारतीयों के डिपोर्टेशन के बाद ये प्रक्रिया तेज हुई है। नया कानून 1983 के इमिग्रेशन एक्ट की जगह लेगा। इसका नाम इमिग्रेशन, ओवरसीज मोबिलिटी, फैसिलिटेशन एंड वेलफेयर बिल होगा। नौकरी के अलावा पढ़ाई और व्यवसाय के लिए विदेश जाने वालों की समस्याएं और मुद्दे भी इसमें शामिल हैं। इसमें भर्ती एजेंसियों की गैर-कानूनी गतिविधियां अपराध की श्रेणी में रखी जाएंगी। अब सिर्फ रजिस्ट्रेशन रद्द करने या ब्लैक लिस्टिंग जैसी कार्रवाई नहीं होगी। विदेश में नौकरी का झांसा देकर भारतीयों को फंसाने पर 5 से 10 साल की सजा और 1 से 10 लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान होगा। विदेश मंत्रालय के अनुसार, अक्टूबर 2024 तक देश में 3094 गैर पंजीकृत एजेंट पहचाने गए थे। नौकरी के लिए विदेश जाने वालों के लिए डिक्लेरेशन



**उल्लंघन पर पांच से 10 साल तक सजा संभव, एक से 10 लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान होगा**

अनिवार्य किया जा सकता है। इससे विदेशों में भारतीयों की संख्या का सही आंकड़ा रखा जा सकेगा। पुराने कानून में विदेश में पढ़ने जाने वालों के मुद्दे शामिल नहीं थे। नए बिल में ऐसे एजेंटों पर भी कार्रवाई होगी, जो छात्रों को झूठे वादे कर विदेश भेजते हैं। बिल मजबूत बनाने के लिए उन राज्यों से राय ली जाएगी, जहां से बड़ी संख्या में लोग नौकरी के लिए विदेश जाते हैं। भारतवंशियों के बीच काम करने वाले संगठनों को भी ड्राफ्ट भेजा जाएगा। दुनियाभर में इस समय साढ़े तीन करोड़ भारतीय फैले हैं। इनमें से 1.58 करोड़ एनआरआई हैं, जबकि 1.97 करोड़ भारतीय मूल के लोग हैं। अमेरिका ने हाल ही में अपने यहां अवैध तरीके से पहुंचे भारतीयों को बेड़ियों में जकड़कर डिपोर्ट किया था। माना जा रहा है कि अमेरिका के बाद अब अन्य देशों में भी इमिग्रेशन कानून सख्त हो सकते हैं। ऐसे में भारत सरकार इमिग्रेशन की एक पारदर्शी व सुरक्षित व्यवस्था तैयार करना चाहती है, ताकि भविष्य में किसी तरह की शर्मिंदगी और नागरिकों को होने वाली दिक्कतों से बचा जा सके।

## भारत और फ्रांस 28 अप्रैल को साइन करेंगे 26 राफेल मरीन जेट डील

**नई दिल्ली।** भारत और फ्रांस 28 अप्रैल को 26 राफेल मरीन फाइटर जेट के लिए अब तक के सबसे बड़े रक्षा सौदे पर हस्ताक्षर करेंगे। डील पर साइन फ्रांसीसी रक्षा मंत्री सेबेस्टियन लेकार्नू की मौजूदगी में होंगे। रक्षा सूत्रों के मुताबिक 64 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की डील पर साइन करते समय दोनों पक्षों का प्रतिनिधित्व वरिष्ठ अधिकारी करेंगे। यह कार्यक्रम साउथ ब्लॉक में रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय के बाहर भी आयोजित करने की योजना है। फ्रांसीसी मंत्री का 27 अप्रैल की शाम को भारत पहुंचने और अगले दिन लौटने का शेड्यूल है। गौरतलब है कि भारत ने 9 अप्रैल को गवर्नमेंट-टु- गवर्नमेंट डील के तहत पीएम मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में फ्रांस के साथ 26 राफेल-मरीन लड़ाकू विमानों के लिए सौदे को मंजूरी दी थी। इस सौदे में 22 सिंगल-सीटर, 4 ट्विन-सीटर जेट शामिल होंगे। साथ ही बेड़े के रखरखाव, लॉजिस्टिक सपोर्ट, पर्सनल ट्रेनिंग और स्वदेशी निर्माण वाला पैकेज भी शामिल होगा। ये सभी 26 मरीन राफेल जेट आईएनएस विक्रांत से ऑपरेट होंगे और मौजूदा मिग-29 के बेड़े का सपोर्ट करेंगे। इस सौदे के साथ ही राफेल जेट की संख्या बढ़कर 62 हो जाएगी। 26 राफेल-एम फाइटर जेट खरीदने की डील पर पहले दौर की चर्चा जून 2024 में शुरू हुई थी। तब फ्रांस सरकार और दसा कंपनी के अधिकारियों ने रक्षा मंत्रालय की कॉन्ट्रैक्ट नेगोशिएशन कमेटी से चर्चा की थी।

# भाजपा और आरएसएस बांटना चाहते हैं लोगों को: ममता

कोलकाता, वार्ता

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस ने पश्चिम बंगाल में दुर्भावनापूर्ण झूठा अभियान शुरू किया है। ममता ने शनिवार देर रात दो पेज का खुला पत्र जारी कर ये आरोप लगाए।

उन्होंने मुर्शिदाबाद हिंसा का जिक्र करते हुए कहा कि ये ताकतें उकसावे पर हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना का इस्तेमाल बांटने वाली राजनीति के लिए कर रही हैं। ममता ने लोगों से शांति बनाए रखने का अपील की। साथ ही कहा कि बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक समुदायों को एक-दूसरे का ख्याल रखना चाहिए। उन्होंने लिखा कि हम सांप्रदायिक दंगों की निंदा करते हैं और उन्हें रोकना चाहिए। दंगों के पीछे के अपराधियों से सख्ती से निपटा जा रहा है। लेकिन हमें आपसी अविश्वास से बचना चाहिए।

**सीएम ने खुला पत्र जारी किया कहा: दुर्भाग्यपूर्ण घटना का इस्तेमाल बांटने वाली राजनीति के लिए कर रहे**



## मुर्शिदाबाद हिंसा: बाप-बेटे की हत्या मामले में चौथी गिरफ्तारी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद में हिंसक प्रदर्शन के दौरान बाप-बेटे की हत्या के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। यह मामले में चौथी गिरफ्तारी है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान जाफराबाद के पड़ोसी गांव सुलिताला पुरबापारा निवासी जियाउल शेख के रूप में हुई है।

आरोपी 12 अप्रैल से फरार था। शेख को पश्चिम बंगाल पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और विशेष जांच दल (एसआईटी) ने उसके ठिकाने से गिरफ्तार किया था। पुलिस के अनुसार यह व्यक्ति मुख्य आरोपियों में से एक है, जिसने मृतक के घर तोड़फोड़ करने के लिए भीड़ को उकसाया था और 12 अप्रैल को हरगोबिंदो दास और उनके बेटे चंदन दास की हत्या कर दी थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और शेख के मोबाइल फोन लोकेशन से उसका पता लगाया। इससे पहले पुलिस ने दो भाइयों कालू नादर और दिलदार के साथ ही एक अन्य आरोपी इंजामुल हक को गिरफ्तार किया था। हरगोबिंदो दास (72) और उनके बेटे चंदन (40) को भीड़ ने उनके घर के सामने मार डाला था।

# डिब्रूगढ़ जेल में ही बंद रहेगा अमृतपाल सिंह

नई दिल्ली, वार्ता

**पंजाब के** खडूर साहिब से निर्दलीय सांसद और खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह की डिटेंशन की अवधि को एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है। अमृतपाल सिंह के ऊपर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लगाई गई है।

पहले इसकी अवधि दो साल थी, जो 23 अप्रैल को पूरी हो रही है। अब पंजाब सरकार ने इसे एक साल के लिए बढ़ा दिया है। ऐसे में अमृतपाल सिंह को अप्रैल 2026 तक जेल में रखा जाएगा। अमृतपाल सिंह पिछले

**पंजाब सरकार ने एनएसए की अवधि एक साल और बढ़ाई**

दो साल से असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद है। 23 अप्रैल को अमृतपाल की डिटेंशन के दो साल पूरे हो रहे हैं। अब उसके डिटेंशन की कुल अवधि तीन साल हो गई है। उसे 23 अप्रैल 2026 तक जेल में रखा जाएगा। पूरी संभावना है कि अगले एक साल तक उसे असम की डिब्रूगढ़ जेल में ही रखा जाएगा।

## फ्लाइट डायवर्जन पर भड़के जम्मू-कश्मीर सीएम उमर अब्दुल्ला

**नई दिल्ली।** इंडिगो की फ्लाइट को जयपुर डायवर्ट किए जाने के बाद एयरपोर्ट अधिकारियों ने रविवार को सफाई दी। फ्लाइट डायवर्जन मौसम में अचानक बदलाव और रनवे अपग्रेडेशन के चलते हुआ। जम्मू- कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला इसी फ्लाइट से ट्रैवल कर रहे थे। वे शनिवार रात दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट डायवर्जन को लेकर भड़क गए। दिल्ली एयरपोर्ट पर पूरी तरह बर्बादी का नजारा है। अथॉरिटी ने उमर अब्दुल्ला को जवाब देते हुए लिखा कि डियर मिस्टर अब्दुल्ला, जैसा कि आप जानते हैं, हमने दिल्ली में अचानक बदलते मौसम और हवा की दिशा को लेकर कई एडवाइजरी पहले ही जारी की हैं।

# वक्फ मामले में जमील मर्चेंट की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

मुंबई, वार्ता

**अधिनियमित वक्फ** (संशोधन) अधिनियम को लेकर याचिका दायर करने वाले मुंबई के सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद जमील मर्चेंट, उन पांच याचिकाकर्ताओं में शामिल हैं, जिनकी याचिका पर उच्चतम न्यायालय में सुनवाई होगी।

उच्चतम न्यायालय द्वारा जिन पांच याचिकाओं पर सुनवाई की जाएगी, उनमें मौलाना अरशद मदनी बनाम भारत संघ, मोहम्मद जमील मर्चेंट बनाम भारत संघ, मोहम्मद



फजलुर्रहीम और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य- फजलुर्रहीम ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव हैं, शेख नूरुल हसन बनाम भारत संघ और अन्य- मणिपुर नेशनल पीपुल्स पार्टी के विधायक और असदुद्दीन ओवैसी बनाम भारत संघ शामिल हैं। श्री मदनी एक इस्लामी विद्वान और मुस्लिम समुदाय की सर्वोच्च संस्था जमीयतुल उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष हैं। श्री मर्चेंट एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं। श्री फजलुर्रहीम ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव हैं। श्री हसन मणिपुर नेशनल पीपुल्स पार्टी के विधायक हैं। श्री ओवैसी, एक अनुभवी सांसद, ऑल इंडिया मजलिस- ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष एवं हैदराबाद का प्रतिनिधित्व करने वाले लोकसभा सदस्य हैं। श्री मर्चेंट महाराष्ट्र से एकमात्र याचिकाकर्ता हैं।

## कर्नाटक जनेऊ विवाद: प्रिंसिपल व स्टाफ मेंबर सस्पेंड

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बीदर जिले के साई स्पूर्थी पीयू कॉलेज में 17 अप्रैल को एक स्टूडेंट ने जनेऊ उतारने से मना किया तो उसे एग्जाम में बैठने नहीं दिया गया। मामला सुर्खियों में आया और इस पर विवाद हुआ। अब मामले में प्रिंसिपल डा. चंद्रशेखर बिरादर और स्टाफ मेंबर सतीश पवार को सस्पेंड कर दिया है। ऐसा ही एक मामला शिवमोगा जिले के आदिचुंचनगिरी स्कूल से भी सामने आया था, जहां कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (सीईटी) एग्जाम देने आए तीन स्टूडेंट का जनेऊ उतरवाया गया। कर्नाटक ब्राह्मण महासभा की तरफ से पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई।

# वोटर्स लिस्ट से डुप्लीकेसी हटाने के लिए चलेगा अभियान

## बिहार चुनाव से होगी शुरुआत , 22 करोड़ वोटर्स आधार से लिंक नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग (ईसीआई) वोटर्स लिस्ट को साफ सुथरा बनाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी कवायद करने जा रहा है।

इसके लिए मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ने पर सहमति बन चुकी है, लेकिन इसकी शर्त को पूरा करने के लिए उन वोटर्स से कारण जानना जरूरी है, जिन्होंने अभी तक अपना आधार नंबर वोटर रजिस्ट्रेशन के लिए नहीं दिया है। आयोग के पास अभी तक 66 करोड़ मतदाताओं के आधार एपिक नंबर (इलेक्टर्स फोटो आइडेंटिटी कार्ड नंबर) से लिंक्ड हुए हैं, लेकिन अब भी करीब 22 करोड़ मतदाताओं के आधार उपलब्ध नहीं हैं। इसका नतीजा ये है कि आधार के बेस पर मतदाता सूची से डुप्लीकेशन खत्म करने की प्रक्रिया शुरू भी नहीं हो पाई है। सूत्रों के अनुसार, मतदाता सूचियों से डुप्लीकेसी खत्म करने के लिए वोटर्स तक पहुंचने की योजना बनाई गई है। इसमें बूथ स्तर के अधिकारियों को सक्रिय किया जाएगा, जो मतदाताओं के घर जाकर संपर्क करेंगे। इस दौरान पता लगाया जाएगा कि अगर एपिक नंबर को आधार से लिंक किया गया है तो उसकी पुष्टि क्यों नहीं की? अगर लिंक नहीं किया है तो उसकी वजह जानी जाएगी। अपना संपर्क नंबर वोटर्स के साथ शेयर करेगा। वोटर्स तक पहुंचने का यह व्यापक अभियान विधानसभा चुनावों के समानांतर चलाया जाएगा। जिस राज्य में चुनाव आने वाले हैं, वहां यह प्रक्रिया



प्राथमिकता से पूरी की जाएगी। इस साल के आखिर में बिहार में होने वाले चुनाव में बीएलओ वोटर्स से संपर्क करेंगे। अगले साल पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल के मतदाताओं से संपर्क की योजना है। 2014 और 2018 के चुनावों में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में लाखों डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम सामने आए थे। एक अनुमान के मुताबिक, तेलंगाना में 20 लाख से ज्यादा डुप्लीकेट नाम थे। इसे रोके बिना निष्पक्ष चुनाव कराना मुश्किल है।

### बीएलओ घर-घर करेंगे वेरिफिकेशन

अगले 20 महीने में बिहार के 7. 80 करोड़, प. बंगाल के 7.57 करोड़, असम के 2.45 करोड़, केरल के 2. 77 करोड़ और तमिलनाडु के 6.23 करोड़ मतदाताओं के घरों तक आयोग के बीएलओ पहुंचेंगे। क्योंकि, बिहार में इसी साल अक्टूबर-नवम्बर में विधानसभा चुनाव होने हैं।

पश्चिम बंगाल, असम, केरल और तमिलनाडु में अगले साल मई में विधानसभा चुनाव होंगे। निर्वाचन आयोग ने वोटरों के वेरिफिकेशन और उनसे संपर्क का यह अभियान इन कारणों से शुरू किया। राजनीतिक दल बड़े पैमाने पर वोटर जोड़े जाने की शिकायत तो करते हैं, लेकिन इस बारे में होने वाली अपील और सेकेंड अपील के आंकड़ों में भारी फासला दिखाई देता है। सूत्रों के मुताबिक, महाराष्ट्र में लोस चुनाव के बाद 39 लाख नए वोटर जोड़ने को लेकर आरोप लगे पर जिला निर्वाचन अफसरों के स्तर पर 89 शिकायतें दर्ज हुईं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के स्तर पर सिर्फ एक शिकायत पहुंची। उन आरोपों की सच्चाई भी सामने आएगी कि एक ही पते पर कई वोटर्स पंजीकृत किए गए। बूथ लेवल अधिकारियों का मतदाताओं के साथ सीधा संवाद कायम हो सकेगा।

# गौरैया को बचाने के लिए कोर्ट ने सीलबंद दुकान के ताले खुलवाए

**कन्नूर।** केरल के कन्नूर की उल्लीकल में एक सीलबंद कपड़ा दुकान के कांच के शोकेस के पीछे तीन दिनों से फंसी एक गौरैया को बचाने का वीडियो सामने आया है।

यह चिड़िया वहां बने एक छेद से अंदर चली गई, लेकिन बाहर निकलने का रास्ता नहीं खोज पाई। आसपास के लोगों ने उसे देखा, तो उसे खाने-पीने की चीजें दीं। लेकिन गर्मी के कारण उसके मरने की चिंता हुई। लेकिन फायर ब्रिगेड, ग्राम अधिकारी, कलेक्टर कोई भी दुकान तोड़ने की कार्रवाई नहीं कर सका, क्योंकि दुकान को कोर्ट के आदेश से सील कर दिया गया था। इसके बाद जिला कलेक्टर अरुण के. विजयन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पंचायत



सचिव को दुकान खोलने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। डिस्ट्रिक्ट जज निसार अहमद भी मौके पर मौजूद रहे। शटल खुलते ही गौरैया उड़ गई। डिस्ट्रिक्ट जज निसार अहमद ने कहा कि यह घटना हमें बताती है कि कानून को मनुष्यों या जानवरों के जीवन पर बोझ नहीं बनना चाहिए। हर जीवन मायने रखता है, यहां तक कि गौरैया का भी।

# सफर के दौरान महिला के बैग से जेवरात चोरी

## पीड़िता ने पुलिस को सौंपी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** क्षेत्र में एक महिला के साथ सफर के दौरान चोरी की वारदात सामने आई है, जिसने स्थानीय कानून-व्यवस्था और निगरानी तंत्र पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

बेरखेड़ा निवासी शबाना खातून ने आरोप लगाया है कि उसके साथ गांव से ही चल रहे कुछ अज्ञात लोगों ने योजनाबद्ध तरीके से उसके बैग से करीब 5 तोले के सोने और चांदी के गहने पार कर दिए और यह सब पब्लिक ट्रांसपोर्ट में खुलेआम हुआ। शबाना खातून अपने मायके सहसपुर जा रही थी।

बस में जब वह गांव से चढ़ी तो वही अज्ञात व्यक्ति और महिलाएं उसके साथ सवार हुए। स्योहारा के फव्वारा चौक पर वह जब उतरी तो वे सभी संदिग्ध भी साथ उतरे। आगे जब वह मैजिक वाहन में चढ़ी तो वही लोग फिर उसी वाहन में आ धमके। सवारी भर जाने की वजह से महिला ने अपना बैग ऊपर रख दिया। थोड़ी देर बाद जब वह अपने गंतव्य सहसपुर पहुंची तो देखा कि बैग में रखे सारे गहने बालियां, हार, अंगूठियां, चेन और पायल गायब थे। महिला ने थाने में तहरीर देकर मामला दर्ज कराया है। थाना प्रभारी अमित कुमार ने जांच शुरू करने की बात कही है।

# अभद्र टिप्पणी करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**धामपुर।** भगवान श्री राम पर सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने शिकायत मिलने पर नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कई लोगों ने बताया था कि सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल की गई है, जिसमें भगवान श्रीराम पर अभद्र टिप्पणी की गई है।

शिकायत में बताया कि गजेंद्र जाटव के नाम से पोस्ट की गई इस टिप्पणी में अपमानजनक एवं अभद्र शब्दों का इस्तेमाल किया गया है। इस पोस्ट के बाद हिंदू समाज के लोगों में रोष व्याप्त है। राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रांशु भटनागर, अमित कुमार, संयम जैन आदि ने शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पेंशनरी नियमों में बदलाव के विरोध में धरना प्रदर्शन 22 को

## माध्यमिक शिक्षक संघ के सभी पदाधिकारी प्रदर्शन में प्रतिभाग करें: विनोद कुमार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ आगामी 22 अप्रैल को अखिल भारतीय राज्य पेंशनर फेडरेशन के आह्वान पर जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले विरोध प्रदर्शन में प्रतिभाग करेगा।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष गय्यूर आसिफ तथा जिला मंत्री विनोद कुमार ने विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दी है कि वित्त विधेयक 2025 के माध्यम से पेंशनर नियमावली में कुछ ऐसे प्रावधान किए गए हैं, जिनके लागू होने से आठवें वेतन आयोग में मिलने वाले लाभों से पेंशनर्स को वंचित किया जाएगा। इसके विरोध में अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स फेडरेशन ने समस्त भारत में आगामी 22 अप्रैल को जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन के उपरांत जिलाधिकारी के माध्यम से एक ज्ञापन प्रधानमंत्री को भेजे जाने का निर्णय लिया है। उधर उत्तर प्रदेश में उत्तर प्रदेश शिक्षक महासंघ के अध्यक्ष दिनेश शर्मा तथा संयोजक पूर्व एमएलसी सुरेश कुमार त्रिपाठी ने अपने सभी घटक संगठनों को निर्देश जारी कर फेडरेशन के इस निर्णय को समर्थन देते हुए संगठन के सभी पदाधिकारियों से 22 अप्रैल को सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के साथ मिलकर धरना प्रदर्शन में प्रतिभाग करने का आह्वान किया गया है। जिला



अध्यक्ष ने वित्त विधेयक 2025 में पेंशनरी नियमों में किए गए बदलाव को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की भी मांग की गई है। इसके अतिरिक्त सेवानिवृत्ति की तिथि के आधार पर पेंशनर्स में भेदभाव न करने की मांग भी की गई है। मांगपत्र में आठवें वेतन आयोग के नियम एवं शर्तों में पेंशन पुनरीक्षण को भी संदर्भित किए जाने की मांग की गई है। साथ ही कर्मचारियों के वेतन पुनरीक्षण की तिथि एवं वेतन निर्धारण के प्रचलित नियमों के अनुरूप ही पेंशनरों की पेंशन के पुनरीक्षण की तिथि एवं सिद्धांत में समानता रखने की मांग भी की गई है।

इसके अतिरिक्त मांग पत्र में पेंशनरों को पेंशन राहत का शासनादेश भी कर्मचारियों को महंगाई भत्ते के शासनादेश की तिथि को ही जारी करने की मांग उठाई गई है तथा महंगाई राहत को महंगाई भत्तों से डीलिंक न किए जाने की मांग भी सम्मिलित की गई है।

इन सबके अतिरिक्त मांग पत्र में कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मचारियों को यूपीएस एनपीएस के मकर जाल में न उलझाकर हूबहू पुरानी पेंशन बहाल किए जाने की मांग भी केंद्र सरकार से की गई है।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के दोनों पदाधिकारियों ने अपने सभी जनपदीय पदाधिकारियों सक्रिय सदस्यों तथा शिक्षकों से अपील की है कि वे आगामी 22 अप्रैल को प्रात: दस बजे से एक बजे तक जिलाधिकारी कार्यालय पर होने वाले धरने प्रदर्शन में प्रतिभाग करने के लिए समय से पहुंचे तथा ज्ञापन दिए जाने तक धरने पर उपस्थित रहें।

# अतिक्रमण पर कब चलेगा सरकार का पीला पंजा

## नगर का सौंदर्यकरण चढ़ा अतिक्रमण की भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** नगर पालिका द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यो को आजकल नगर के अंदर और नगर के बाहरी मार्गो पर अतिक्रमण का पर्याय बने अतिक्रमणकारी लगातार पलीता लगाने का काम कर रहे है।

पालिका बोर्ड द्वारा नगर के अवाम को बेहतर सुविधा प्रदान कराने और नगर के चहुंमुखी विकास और सौंदर्यकरण कराने का कार्य कर रहा है, मगर नगर में बढ़ता अतिक्रमण नगर की सौंदर्यता को पलीता लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। शहर के अंदर हो या बाहर सभी जगह फड़, ठेले, खोखे, अवैध कब्जे हुए देखने को मिल जायंगे। शहर की बात करे तो सड़कों पर दुकानदारों का अतिक्रमण काफी बड़ी समस्या बनता जा रहा है। अतिक्रमणकारियों ने अपनी-अपनी दुकानों के सामान को सड़कों पर लगाकर सड़के संकरी करने में कोई कसर नहीं छोड़ रखी। अगर सच कहा जाये तो नगर की जनता भले ही चुप्पी साधे हुए हो, मगर





कहना बहुत चाहती है। शहर के संभ्रांत नागरिक चाह रहे है कि पालिका और तहसील प्रशासन मिलकर एक बड़ा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाये ताकि इस पानी की चिपकने वाली जोख जैसी समस्या से कुछ निजात मिल सके और शहर की रौनक और सुंदरता को देखने का मौका मिल सके। फिलहाल धनौरा रोड, स्याऊ दतियाना रोड, चांदपुर रोडवेज से ग्राम पीपलसाना रोड, धनौरा बाईपास डिग्री कॉलेज द्वितीय गेट वाले रोड आदि अतिक्रमण की चपेट में है जहां देखो वहां अतिक्रमण का पर्याय बने अवैध रूप से रखे खोखे, फड़ व ठेले यहां तक सरकारी आदेशों की धाज्जियां उड़ा रहे है। साथ ही सड़कों पर दौड़ रही ई रिक्शाएं भी इस अतिक्रमण में जाम का कारण बनी रहती है। सड़कों पर लगे बड़े-बड़े फ्लैक्स बोर्ड भी चांदपुर की सुंदरता को ढके हुए हैं। शहर के बाहरी छोर ही नहीं बल्कि अंदर शहर में अतिक्रमण अपने चरम पर है। तहसील और नगर पालिका मे नगर की स्वच्छता और सुंदरता को ग्रहण लगाने वाले इन अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध जल्द ही अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाये जाने की सुगबुगाहट भी चल रही है। बस समय पर आदेश आने की देरी है।

# गुलदार दिखाई देने से दहशत

**नहटौर।** ग्राम जमालपुर के पास तालाब में गुलदार दिखाई देने से किसानों में दहशत का माहौल पैदा हो गया। वन विभाग की टीम ने गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया है।

बताया जाता है कि गुलदार जमालपुर के पास स्थित एक तालाब में खड़े झाड़ों में घुस गया। गुलदार को देखने के लिए ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। जंगल में काम कर रहे किसान गुलदार की दस्तक को लेकर जंगल से अपने घरों को लौट गए। तीन दिन पूर्व गुलदार एक बाइक सवार पर हमला भी कर चुका है। उधर सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची है। उसने गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया है। वन रेंजर गोविंद राम गंगवार ने बताया कि गुलदार की सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंची है। गुलदार को पकड़ने के प्रयास किए जा रहा है।

# शिक्षक व कर्मचारी एक मई को करेंगे दिल्ली कूच: चंद्रहास सिंह

## एनपीएस व यूपीएस एक सिक्के के हैं दो पहलू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर जनपद शाखा बिजनौर की एक मई दिल्ली जंतर-मंतर पर होने वाले यूपीएस व एनपीएस के विरोध एवं पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर जिला अध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत की अध्यक्षता एवं नगीना तहसील प्रभारी अरुण कुमार के संचालन में ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। जिसमें मजबूती के साथ में आगामी एक मई के विशाल प्रदर्शन को सफल करने की रणनीति बनाई गई।

बैठक में अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह अपने सभी विभागीय संगठनों एवं शिक्षकों एवं कर्मचारियों से आगामी एक मई के आंदोलन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान करते हुए कहा कि यह वक्त संगठित होकर संघर्ष करने का है। क्योंकि पुरानी पेंशन बहाली का मुद्दा श्रेय एवं अस्तित्व का नहीं है। पुरानी पेंशन 2005 के बाद नियुक्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों के बुढ़ापे का सम्मान एवं सुरक्षित जीवन व्यतीत करने का माध्यम है। एनपीएस एवं यूपीएस एक सिक्के के दो पहलू हैं, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

बैठक में उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के अफजलगढ़ के ब्लॉक अध्यक्ष विजयपाल सिंह प्राथमिक शिक्षक संघ आंकू के ब्लॉक मंत्री हेमराज आर्य, पूनम रानी, पुष्पा रानी, अटेवा धामपुर तहसील प्रभारी आफताब अली, ब्लॉक अध्यक्ष पुनीत कुमार, अफजलगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष सिकंदर पाल, ब्लॉक मंत्री लोकेश, नगीना तहसील प्रभारी अरुण कुमार, कोतवाली ब्लॉक अध्यक्ष विजेंद्र कुमार, सचिन कुमार, आंकू ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश, नूरपुर ब्लॉक अध्यक्ष अमित कुमार, महामंत्री जगदेव सिंह, बुढ़नपुर कोषाध्यक्ष मौहम्मद आरिज, नजीबाबाद तहसील प्रभारी सुभाष चंद्र, ब्लॉक अध्यक्ष सुशील कुमार चांदपुर, ब्लॉक अध्यक्ष सचिन अग्रवाल, भान सिंह, दिनेश कुमार, सलाहुद्दीन आदि मौजूद रहे।

# चार दिन पूर्व दम्पति से हुई लूट का खुलासा



## तीन बदमाश गिरफ्तार एक फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** चार दिन पूर्व दंपति से हुई लूट की घटना के क्रम में पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन बदमाशों को हिरासत में लिया और संबंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार चार दिन पूर्व चेतन सिंह पुत्र सलेखचंद निवासी ग्राम बढ़ापुर सीकरी थाना किरतपुर ने थाने में सूचना दी थी कि कुछ बदमाश आए और उनकी पत्नी से पर्स छीन कर भाग गए, जिसमें एक मोबाइल फोन व दस हजार रुपए और आईडी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर लिया था। जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में विशाल पुत्र लल्लू सिंह निवासी ग्राम गुजरपुरा जसराम थाना कोतवाली शहर, निखिल पुत्र राजीव निवासी ग्राम बैबलपुर थाना कोतवाली शहर, सागर पुत्र राकेश निवासी ग्राम नांगल जट थाना हल्दौर व अमन पुत्र चेतराम निवासी ग्राम मिलक गंगौडा थाना हल्दौर के नाम प्रकाश में आए। जिसमें से उक्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि अमन अभी फरार है, जिसे जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

गिरफ्तार करने वाली टीम में दरोगा ललित कुमार, दरोगा रोबिन कुमार, हैड कांस्टेबल सन्नीराज, अनुराग, सोनू सहगल, गौरव कुमार रहे।

# एसबीडी में योगासन चैंपियनशिप

## छात्राओं की नृत्य प्रस्तुति ने सभी का मन मोहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एसबीडी कॉलेज में जिला योगासन भारत एसोसिएशन बिजनौर के अंतर्गत आज जनपद स्तरीय योगासन चैंपियनशिप का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन संगठन के पदाधिकारी डॉ. अर्चना सचिव DYSAB, डॉ. अदिति सिंधु सहसचिव DYSAB, एवं डॉ. अर्चना कुंतल कोषाध्यक्ष DYSAB की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ उपस्थित समस्त अतिथिगण एवं योगासन संगठन के पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। वैदिक मंगलाचरण वेद मंत्रोच्चार डॉ. अर्चना कुंतल द्वारा किया गया।

एसबीडी महाविद्यालय की छात्रा कु. अनुश्री सिसोदिया ने सांस्कृतिक नृत्य के माध्यम से गणेश वंदना प्रस्तुत की। एसबीडी महाविद्यालय की छात्रा कु. श्रद्धा की 'कान्हा सो जा जरा' के माध्यम से प्रस्तुत सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुति ने जनमानस का मन मोह लिया।

पुष्प निकेतन की छात्रा आरोही द्वारा एरियल योगासन की सुंदर प्रस्तुति दी, जो कि धामपुर में इस प्रकार की प्रथम प्रस्तुति है। पृथ्वी दिवस को मानते हुए एवं पर्यावरण



की सुरक्षा एवं संरक्षण को ध्यान में रखते हुए उपस्थित समस्त अतिथिगण को स्मृति चिन्ह एवं पुष्प घट देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम ऋतु रानी उपस्थित रहीं।

अतिथि के रूप में रेनू गोयल व्यवस्थापिका एसबीडी कॉलेज, प्रो. पूनम चौहान प्राचार्य एसबीडी कॉलेज, डॉ. भारती चौहान विभाग अध्यक्ष वनस्पति विज्ञान आरएसएम कॉलेज, प्रो. शंकरलाल शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग आरएसएम कॉलेज, प्रो. बिमला सिंह विभागाध्यक्ष बीएड विभाग एसबीडी कॉलेज, सुनील कुमार अग्रवाल उपाध्यक्ष एसबीडी कॉलेज, अजय कुमार माहेश्वरी उप मंत्री एसबीडी कॉलेज, नरेंद्र कुमार गुप्ता कोषाध्यक्ष एसबीडी कॉलेज, श्रीमती गीता शर्मा आदि सम्मिलित रहे।

चैंपियनशिप में सब जूनियर कैटेगरी में 10 से 14 वर्ष, जूनियर कैटेगरी में 14 से 18 वर्ष एवं सीनियर कैटेगरी में 18 से 55 वर्ष तक अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया तथा पारंपरिक, कलात्मक एवं लयात्मक में एकल एवं युगल रूप से अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें योगासन की विविध कैटेगरी में प्रथम स्थान सम्यक जैन, अनुश्री सिसोदिया, ऋतु तोमर, कत सरस्वती चौहान, श्रीमती प्रीति तोमर, गुंजन, शिवा द्वितीय स्थान ओम वर्मा, नंदिनी सैनी, आरोही, अभिमन्यु तृतीय स्थान आकाश कुमार, रितिका शर्मा, स्वस्ति चौहान, प्रिंसी रही। सांत्वना में देवाक्ष राजपूत, विभूति राजपूत, दीपेंजल सिंह ने प्राप्त किया।

प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल वितरण समापन सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रो. रश्मि रावल प्रदेश महामंत्री भाजपा महिला मोर्चा एवं अतिथि के रूप में रश्मि गोयल एवं नीलम गोयल एवं समस्त DYSAB के पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

संगठन की सचिव डॉ. अर्चना द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया तथा संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन एसबीडी कॉलेज संस्कृत विभाग की विभाग अध्यक्ष तथा संगठन की कोषाध्यक्ष डॉ. अर्चना कुंतल द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में DYSAB के अध्यक्ष विकास कुमार, उपाध्यक्ष डा. जिनेंद्र बौद्ध, निर्णायक मंडल में विकास आर्य, श्रीमती शालिनी चौहान एवं अरूण राजपूत रहे।

# हैल्थ कैम्प में 40 मरीजों का परीक्षण

**नजीबाबाद।** मैट्रो हॉस्पिटल की ओर से मुर्मू हैल्थ क्लीनिक पर क्षेत्र के ग्राम चौहड़खाता में नि:शुल्क हैल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में डॉ. मौ. जुबैर व डॉ. हुमा ने करीब 40 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें नि:शुल्क परामर्श व दवा दी। अधिकांश मरीजों में सामान्य बीमारियां नजला, खांसी व बुखार की समस्या पाई गई। कैम्प में मौ. शादाब आदि का सहयोग रहा।

# बंद फव्वारों को चालू कराने की मांग





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर पालिका परिषद के सभासद सैयद उस्मान जैदी ने अन्य सभासदों के साथ मिलकर शनिवार को आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी जसजीत कौर को एक शिकायत पत्र देकर नगर में लंबे समय से बंद पड़े फव्वारों को दोबारा चालू कराने की मांग की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में सभासद उस्मान जैदी ने नगर में बंद पड़े फव्वारों को चालू कराने के संबंध में एक शिकायती पत्र जिलाधिकारी को दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि नगर के मुख्य मार्गो पर जो फव्वारे लगे हुए है वे कई वर्षों से बेहद खस्ताहालत व बदहाल पड़े हुए हैं। जिनकी मरम्मत व सफाई का कार्य किया जाना है। नगर के सौंदर्यकरण के लिए उन फव्वारों का चलना जरूरी है। जिन जगहों पर फव्वारों लगे हुए है अब उनमें से कई जगहों पर लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है, जिससे शहर कि सुन्दरता खराब हो रही है।

इस सम्बन्ध मे पालिका के अधिशासी अधिकारी को अवगत भी करा दिया गया है। उन्होंने जिलाधिकारी से इस पर संज्ञान लेकर सभी फव्वारों का सौंदर्यकरण करा कर सभी फव्वारों को चालू कराने के आदेश पारित करने का अनुरोध किया।

इस अवसर पर सैयद उस्मान जैदी के साथ वार्ड नंबर 8 की सभासद फरहीन के पति जुनैद व सभासद मौ अहमद आदि मौजूद रहे।

# हेराल्ड के झूठे मुकदमों में उलझा रही है सरकार: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि सरकार जिस नेशनल हेराल्ड मामले में झूठे मुकदमे लगाकर कांग्रेस नेतृत्व को उलझा रही है इसी अखबार को पंडित जवाहर लाल नेहरू ने देश की आजादी की लड़ाई के लिए शुरू किया था। खड़गे ने रविवार को ट्वीट कर कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने नेशनल हेराल्ड की शुरुआत की थी। इसके अलावा नवजीवन अखबार और कौमी आवाज भी शुरू किया गया था। इन अखबारों को शुरू करने का मकसद देश को आजाद कराना, देश की जनता को जागरुक करने और लोगों की आवाज अंग्रेजी हुकूमत तक पहुंचाने का था। उन्होंने कहा कि आरएसएस व भाजपा के लोग षडयंत्र करने में माहिर हैं। इन दिनों उन्होंने कांग्रेस को झूठे मुकदमों में उलझाने की फिर से कोशिश की है। जैसे ही कांग्रेस का अधिवेशन अहमदाबाद में खत्म हुआ, एक दिन बाद नेशनल हेराल्ड की प्रॉपर्टी को अटैच करकर दी। दो दिन बाद कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी का नामआरोप पत्र में डाल दिया। हमारे नेताओं के ऊपर पिछले 11 सालों में अनगिनत रेड हुए। निकला कुछ नहीं, लेकिन बदनाम करने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि हाल में नेशनल हेराल्ड मामले में जिस परिवार को बदनाम करने का प्रयास किया गया।

## अनियंत्रित बस चालक ने सड़क के निकट खड़े वाहनों में मारी टक्कर एक युवक घायल

**ठाकुरद्वारा।** नगर में तेज गति अनियंत्रित बस चालक ने सड़क किनारे खड़े वाहनों में जोरदार टक्कर मार दी जिसमे टेम्पू, सहित दो कार स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गए वही टेम्पू की बैटरी बदल रहै युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया जिससे नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रविवार को यात्रियों से भरी तेज रफ्तार बस ने अनियंत्रित नगर के धोबियान मस्जिद के निकट सड़क किनारे खड़े वाहनों में जोरदार टक्कर मार दी । जिसमे टेम्पू, सहित दो कार स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई। वही टेम्पू की बैटरी बदल रहे फजलु गम्भीर रूप से घायल हो गया । जिसको राहगीरों की मदद से नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुँची कोतवाली पुलिस ने बस को अपने कब्जे में लेकर घटना की जांच शुरू कर दी है।

# चौराहे पर शिव पार्वती रसोई परिवार की ओर से भोजन का किया वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर के प्रकाश नगर चौराहे पर शिव पार्वती रसोई परिवार की और से राजमा चावल और जल वितरण किया गया संस्था के अध्यक्ष और संस्थापक पुष्प यादव एडवोकेट द्वारा बताया गया हैं। इस अवसर पर संस्था की ओर से प्रत्यूष यादव अंकुर यादव आशीष यादव राजकुमार सुनीत अग्रवाल बिट्टू कश्यप योगेश भारती ओम प्रकाश सिंह आदि संस्था के सदस्य उपस्थित रहे।

शिव पार्वती रसोई का आयोजन प्रत्येक रविवार को किया जा रहा है जिसमें निशुल्क भर पेट भोजन के साथ साथ फल और मिष्ठान भी वितरण की व्यवस्था रहती है और संस्था द्वारा प्रत्येक रविवार को फ्री मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया जाता है और आने वाले समय में इस संस्था द्वारा अनेक सामाजिक कार्य किए जाएंगे संस्था का उद्देश्य व मूल वाक्य है। 'अन्न है सभी के लिए' पुष्प यादव ( अध्यक्ष ) शिव पार्वती रसोई परिवार।





शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**

**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक

**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

☎ 0591-2313314

मुख्यालय:

मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263

**www.shahtimesnews.com**

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# प्रेमिका का सरेआम कत्ल

## एक तरफा प्रेम में पिता व बहन के सामने सरेआम वारदात, गांव में पसरा सन्नाटा

**राशिद कुरैशी**

**कोतवाली देहात।** एक तरफा प्रेम में बदमाश मानसिकता के युवक ने अपने पिता व बहन के साथ बाइक से जा रही युवती को गोली मार कर उसका कत्ल कर दिया। शातिर बदमाश की तरह आरोपी ने हथियार के साथ थाने पहुंच कर सरेंडर कर दिया। इस सनसनीखेज वारदात से गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। खास बात यह है कि बदमाश मानसिकता के युवक द्वारा पूर्व से ही युवती को परेशान किया जाता था और उसकी शिकायत पर भी कोई कार्यवाही नहीं की गई, उल्टा दबंगों व आरोपी के परिजनों ने उसकी हिमायत की। जिससे उसका दुस्साहस बढ़ गया।

थाना क्षेत्र के ग्राम करौंदा चौधर निवासी वेद प्रकाश शर्मा अपनी पुत्री भावना उर्फ नीशू (25 वर्ष) और छोटी बेटी आकांक्षा के साथ आज बाइक से शादी का सामान खरीदने के लिए नगीना जा रहे थे। जैसे ही वह ग्राम हीमपुर मानक उर्फ बढ़ापुर के पास पहुंचे, तभी वहां पर पहले से घात लगाए बैठे ग्राम करौंदा चौधर के ही शिवांक त्यागी पुत्र सुनील त्यागी ने बाइक पर पीछे बैठी भावना शर्मा को गोली मार दी। गोली लगते के साथ ही भावना शर्मा नीचे गिर पड़ी। पिता वेद प्रकाश शर्मा तथा बहन आकांक्षा ने उसे संभाला। पिता वेद प्रकाश घायल अवस्था में भावना शर्मा को कंधे पर डाल कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोतवाली देहात ले आए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। गोली मारने के बाद युवक मौके से फरार हो गया। लेकिन इस कत्ल की साजिश में शामिल अपने परिजनों व अन्य की सलाह पर आरोपी खुद ही थाने में हथियार सहित पहुंच गया और उसने कत्ल करना स्वीकार करते हुए पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। दिनदहाड़े कत्ल की इस सनसनीखेज वारदात से क्षेत्र में दहशत फैल गई। काफी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़े। बताया जा रहा है कि शिवांक त्यागी मृतका भावना शर्मा से शादी करना चाहता था। वह खुद को दबंग समझता था। उसके परिवार के लोग भी दबंगई में साथ देते थे। आरोपी के द्वारा परेशान करने की वजह से भावना शर्मा ने परिजनों से शिकायत की थी। इस मामले में गांव में पंचायत भी हुई थी। दबंगों ने आरोपी की हिमायत करते हुए कहा था कि वह आगे गलती नहीं करेगा। लेकिन वह एकतरफा प्रेम में पागल हो चुका था। वह नहीं चाहता था कि भावना शर्मा की शादी किसी दूसरे से हो। भावना शर्मा की शादी तय हो गई थी। एक मई को भावना की बारात नूरपुर से आनी थी। 26 अप्रैल को उसका तिलक उत्सव था। भावना के घर में शादी की तैयारियां जोर-शोर से चल रही थी। जिससे गुंडा शिवांग परेशान था। उससे भावना शर्मा की खुशी देखी नहीं जा रही थी। इसी के चलते शिवांक ने इस सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया है।

भावना के पिता वेद प्रकाश शर्मा नगीना मुंसफी में वरिष्ठ अधिवक्ता है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने कत्ल के आरोपी शिवांक को किसी दूसरे थाने में भेज दिया है। ग्राम में सन्नाटा पसरा हुआ है। साथ ही हालात भी तनावपूर्ण हैं। कत्ल की इस सनसनीखेज वारदात से बहन-बेटियां डरी हुई हैं। कातिल शिवांक तथा मृतका भावना के घर पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। गांव की सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। सभी दहशतजदा है। पुलिस ने मृतका भावना शर्मा के पिता वेद प्रकाश शर्मा की तहरीर के आधार पर कातिल शिवांग, उसके पिता सुशील, माता शैली तथा जीजा नितिन त्यागी के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।


गांव में पसरा सन्नाटा


भारी संख्या में तैनात पुलिस


मृतका


आरोपी


मृतका की बहन के साथ मौके का निरीक्षण करते अधिकारी।

## सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर रासुका लगाने की मांग

**कोतवाली देहात।** एक तरफ योगी सरकार बहन-बेटियों की इज्जत की हिफाजत करने का दावा करती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहते हैं कि एक चौराहे पर अगर बहन-बेटी के साथ छेड़छाड़ होती है, तो अगले चौराहे से आरोपी उठकर नहीं जाना चाहिए। लेकिन यहां तो बाप और बहन के सामने दबंग ने साजिशकर्ताओं की शह पर खुलेआम एक बेटी का कत्ल कर दिया। पुलिस कातिल को पकड़ ही नहीं पाई और वह अपने ही अंदाज में थाने पहुंच गया। जिससे साफ जाहिर है कि न तो उसे पुलिस का डर था और न ही पुलिस उसे सबक सिखा पाई। इसे पुलिस की बड़ी नाकामी माना जा रहा है। छोटे-छोटे मामलों में पुलिस जो कुछ करती है, वह किसी से छिपा हुआ नहीं है। लेकिन दिनदहाड़े कत्ल की इस वारदात के बाद मांग उठ रही है कि सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ रासुका की कार्यवाही की जाए। ताकि फिर कोई इस तरह की वारदात को अंजाम न दे सके। क्षेत्र में काफी छात्राएं पढ़ने के लिए जाती है। वह भी इस वारदात से दहशतजदा हो गई है। अभिभावक भी अपनी बेटियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

## एक नजर

### बाइक चोर मोनू गिरफ्तार

**बिजनौर।** नजीबाबाद थाने में 19 अप्रैल को कृष्ण कुमार पुत्र वेदप्रकाश निवासी ग्राम जालबपुर गुदड़ उर्फ खिदरीपुरा ने तहरीर दी थी कि अज्ञात चोरों द्वारा उसकी बाइक संख्या यूपी 20 एआर 1428 को घर के पास से चोरी कर लिया गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 303 (2) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। विवेचना के दौरान बाइक चोर मोनू पुत्र चन्द्रपाल निवासी ग्राम खिदरीपुरा का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने चोरी की गई बाइक के साथ मोनू को गिरफ्तार कर लिया है।

### पेड़ के नीचे दब कर मौत



**गंज।** थाना हीमपुर दीपा के ग्राम सबदलपुर रेहरा निवासी पच्चीस वर्षीय जुल्फिकार पुत्र शब्बीर रविवार को जिला सूरजपुर, छत्तीसगढ़ में मजदूरी पर पेड़ काटने का कार्य कर रहा था। कटान के दौरान अचानक पेड़ जुल्फिकार के ऊपर गिर गया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को उसके साथ मजदूरी कर रहे उसके तीन सगे भाइयों तथा दो चचेरे भाइयों द्वारा कस्बा भैयाथाना में अस्पताल लाया गया। जहां से गम्भीर हालत में उसे जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल सूरजपुर में उसका पोस्टमार्टम किया गया है । मृतक अपने पीछे दो बच्चे छोड़ गया है। जुल्फिकार की मौत की खबर सुनकर उसके परिवार के सदस्य गमजदा हैं। परिवार पर आर्थिक संकट आ गया है।

### चाइनीज मांझे से गर्दन कटी



**नजीबाबाद।** स्थानीय निवासी बाइक सवार सईद आज हरिद्वार रोड पर बाइक से जा रहे थे। इस दौरान अचानक चाइनीज मांझा उनके सामने आ गया। जिससे उनकी गर्दन कट गई। जब तक वह बाइक रोक पाते, तब तक गर्दन काफी अंदर तक कट चुकी थी। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया। उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। नगर में तमाम रोक व चेतावनी के बावजूद चाइनीज मांझे की बिक्री हो रही है। साथ ही चाइनीज मांझे का इस्तेमाल खुलकर हो रहा है। न तो प्रशासन और न ही पुलिस चाइनीज मांझे की किरकिरी करने वालों के खिलाफ कार्यवाही कर रही है।

## विशेष प्रार्थना


बिजनौर के मेथडिस्ट चर्च में विशेष ईस्टर आराधना हुई। प्रार्थना पादरी डॉ. चंद्रमोहन सिंह दैनिएल द्वारा कराई गई। तड़के चार बजे प्रभु यीशु के उठने के अवसर पर प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें ईसाई समुदाय के सैकड़ों सदस्य शामिल हुए। आराधना मे शैलेन्द्र, दीपाली, सेरील, अक्षत, विशाल, संदीप, समुएल राजा, शीलू, श्रीमती नाथ, अमृत, अनूप, अदिति आदि ने हिस्सा लिया।

# पेंशनर्स एसो. की बैठक में बनाई रणनीति

## अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होने का आह्वान, 22 को धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक में आंदोलन की रणनीति बनाते हुए अपने अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होने का आह्वान किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार राजस्व पेंशनर्स वैलफेयर एसोसिएशन द्वारा अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स फैडरेशन के आह्वान पर 22 अप्रैल को होने वाले धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के सम्बन्ध में रणनीति बनाने के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि भारत सरकार द्वारा फाइनेन्शियल बिल -2025 में पुराने पेंशनर्स को वेतन आयोग 2008 की सुविधाओं से बाहर रखा गया है। इसके विरोध में आयोजित होने वाले धरना प्रदर्शन की तैयारी एवं समीक्षा के लिए वक्ताओं ने अपने विचार रखें। बाबूराम रासैनी संयुक्त सचिव के आवास पर हुई बैठक की अध्यक्षता इन्ददेव शर्मा ने की एवं राकेश कुमार शर्मा के द्वारा संचालन किया गया।

बैठक में अनिल कुमार शर्मा आडिटर, ब्रजेश सिंह, जोगेंद्र सिंह, अजय कुमार महेन्द्रा, सुबोध गुप्ता, सुशील कुमार त्यागी, चन्द्र शेखर छिम्बाल, जगदीश वर्मा, शमीम अहमद, सलाहुद्दीन, मदनपाल सिंह, नरेश सिंह ऋषिपाल सिंह, देवराज सिंह, सतीश वर्मा प्रथम आदि उपस्थित रहे।

संस्था के सभी सदस्यों से प्रदर्शन में उपस्थित रहने का आह्वान किया गया।



## लटकते बिजली तारों से निजात दिलाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर के वार्ड नंबर 8 में दर्जनों की संख्या में लटकते विद्युत तारों से परेशान क्षेत्रवासियों द्वारा बिजली विभाग के अधिकारियों से शिकायत करने पर भी कोई समाधान न मिलने पर शनिवार को इसकी शिकायत सभासद फरहीन के पति जुनैद ने समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड नंबर 8 मोहल्ला पटेरी व कायस्थ सराय में दर्जनों की संख्या में लटकते विद्युत तार किसी बड़ी घटना को दावत दे रहे है। आलम यह है कि बिजली के तार जमीन से मात्र सात से आठ फिट की ऊंचाई से गुजर रहे है। हाथ उठाते ही बिजली का तार स्पर्श हो जाता है। आए दिन लटके तारों के चलते विद्युत की समस्या के साथ-साथ लोगों को दुर्घटना का भय बना रहता है। जानकारी के बाद भी बिजली विभाग लापरवाह बना हुआ है। वार्डवासियों ने कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए निजात दिलाने की मांग की, लेकिन कोई समाधान न मिलने पर शनिवार को सभासद फरहीन के पति जुनैद ने समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराई। जुनैद ने जिलाधिकारी जसजीत कौर को शिकायती पत्र देकर विद्युत अधिकारियों को समस्या का समाधान करने के आदेश देने की गुहार लगाई, जिस पर जिला अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समस्या का तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए।

# अनाथ राजू के घर पहुंचे दिगंबर सिंह

## राजू को बंधाया ढांढ़स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह ने सपत्नीक राजू की झोपड़ी में पहुंचकर उसको सांत्वना दी। उन्होंने उसके पिता की आरष्टी के बाद राजू का किसी अच्छे स्कूल में दाखिला कराने और उसका पूरा ध्यान रखने की बात कही।

प्राप्त समाचार के अनुसार कस्बे के मौहल्ला सत्तीयान निवासी राजू तंगदस्ती के साथ अपने पिता के साथ घर के नाम पर टूटे छप्पर पर पड़ी पन्नी वाले घर में रहता था। तीन दिन पूर्व बीमारी के चलते 13 वर्षीय राजू के पिता परवीन सिंह की मृत्यु हो जाने पर राजू अनाथ हो गया है। अब उसके परिवार में कोई नहीं बचा है। मौहल्ले वालों ने आपस में चंदा एकत्र कर परवीन सिंह का अंतिम संस्कार कर दिया था। लेकिन अब अनाथ हुए राजू का भविष्य एक सवाल बनकर खड़ा है।

रविवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह सपत्नीक राजू के घर पहुंचे और राजू को सांत्वना देते हुए उससे काफी देर तक बातचीत की। वहां मौजूद मौहल्लेवासियों ने उनको राजू के पिता व राजू की तंगदस्ती में जीवन यापन करने और अब पिता की मौत के बाद अनाथ हुए राजू की दयनीय हालत और उसके भविष्य को लेकर चिंता प्रकट करते हुए भाकियू नेता चौधरी दिगंबर सिंह से राजू के लिए कुछ करने की अपनी बात रखी।

भाकियू नेता ने उत्पन्न परिस्थिति पर दुख जताया और राजू की आर्थिक बदहाली के दृष्टिगत राजू के पिता की आरष्टी के पश्चात राजू का किसी अच्छे स्कूल में दाखिला कराने और उसका पूरा ध्यान रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि राजू को अच्छा नागरिक बनाने के लिए प्रथम आवश्यकता शिक्षा की है।

भाकियू नेता चौधरी दिगंबर सिंह के साथ उनकी पत्नी निगम चौधरी, वीर सिंह डबास, प्रेमलता चौधरी, मौहम्मद मारुफ व अनुज कुमार थे, जो काफी समय तक राजू की टूटे छप्पर की झोपड़ी में राजू के साथ रहें।

चौधरी दिगंबर सिंह ने बताया कि वह अनाथ हुए राजू की किसी अच्छे स्कूल में शिक्षा दीक्षा का प्रबंध कराएंगे। राजू की परिस्थिति के संबंध में उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को भी अवगत कराया है। राजू के पिता की आरष्टी हो जाने पर वह प्राथमिकता के साथ राजू का किसी अच्छे स्कूल में दाखिला दिलाएंगे और उसको किसी प्रकार की कमी नहीं होने देंगे।



## काशिफ खान की वालदा का इंतकाल

**बिजनौर।** युवा सपा नेता एवं बिजनौर नगर अध्यक्ष काशिफ खान की वालदा का इंतकाल होने से क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। उनकी मृत्यु अचानक हार्ट अटैक के कारण हुई है। स्थानीय मौहल्ला मिर्दगान निवासी काशिफ खान की वालदा अजरा बेगम (70 वर्ष) की शनिवार सुबह हार्ट अटैक के कारण इंतकाल हो गया। अजरा बेगम बहुत ही नेकदिल और खुशमिजाज महिला थी। जिनकी मौत के बाद मौहल्ले में शोक व्याप्त हो गया। जिसके बाद सैकड़ों लोग शोकाकुल परिवार को ढांढ़स बंधाने पहुंचे। असर की नमाज के बाद उनके पैतृक कब्रिस्तान में नम आंखों से सुपुर्द ए खाक किया गया।

## हज यात्रियों के लिए टीकाकरण शिविर आज

**नजीबाबाद।** पिछले 24 वर्षों की तरह इस वर्ष भी नजीबाबाद नगर पालिका परिषद के चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम की ओर से बिजनौर के सभी हज यात्रियों के लिए टीकाकरण व हज ट्रेनिंग सोमवार को सुबह साढ़े सात बजे नगर के कासमिया इंटर कॉलेज में होगा। जिसमें बिजनौर के चिकित्सकों की टीम हज पर जाने वाले यात्रियों की स्वास्थ्य की जांच करेगी और उसी दौरान सर्टिफिकेट भी जारी किए जाएंगे। इसके अलावा हज यात्रियों को हज करने का तरीका भी बताया जाएगा। और इस कार्यक्रम में यात्रियों की हज से जुड़ी सभी जरूरी जानकारियां भी दी जाएगी। शिविर आयोजक समाजसेवी व नगर पालिका परिषद के चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने हज आजमीनों से समय का ध्यान रखते हुए शिविर में पहुंचने की अपील की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# वेतनभोगी समिति की बैठक में हंगामा, तोड़ी कुर्सियां

## काफी देर तक रहा अफरा-तफरी का माहौल, लगाए गए गंभीर आरोप





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला परिषद वेतनभोगी अध्यापक सहकारी समिति की विशेष बैठक हंगामे की भेंट चढ़ गई। शिक्षकों ने बिजनौर इंटर कॉलेज में समिति की बैठक नहीं होने दी। शिक्षकों ने समिति मुख्यालय के बजाए नूरपुर ले जाने का आरोप लगाते हुए कुर्सी फेंकी और समिति का बैनर उतार दिया। हंगामे को देखकर समिति सभापति अपने साथियों के साथ खिसक गए। शिक्षकों ने संयुक्त संघर्ष समिति बनाकर मामला शासन में उठाने और बोर्ड को भंग करने के लिए आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार जिला परिषद वेतनभोगी अध्यापक सहकारी समिति की विशेष बैठक बिजनौर इंटर कालेज में प्रस्तावित थी। इस समिति में बेसिक शिक्षा विभाग के लगभग 2500 शिक्षक सदस्य हैं। बैठक के लिए बिजनौर इंटर कालेज के हाल में कुर्सी और बैनर लगा दिया गया था। बैठक शुरू होने से पहले ही राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिलाध्यक्ष दिग्विजय सिंह, महिला शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष रुचिता सिंह, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक अध्यक्ष अरविंद चौधरी ने सुधा राज संचालक आदेश पाल, राम अवतार सिंह आदि ने हंगामा करते हुए कुर्सी उठाकर फेंक दीं और बैनर उतार दिया। शिक्षकों ने बताया कि समिति दो करोड़ रुपये के लाभ में चल रही है। शिक्षकों का आरोप है कि करीब ढाई हजार शिक्षण समिति के सदस्य हैं, जिन्हें बैठक में बुलाया जाना था। आरोप है कि समिति के सदस्यों को उचित माध्यम से विशेष बैठक की सूचना नहीं दी गई।

आरोप लगाया गया कि समिति सभापति सुधीर यादव व सचिव गुपचुप तरीके से एजेंडा पास कर समिति का जिला मुख्यालय से कार्यालय नूरपुर ले जाने की मंशा से काम कर रहे हैं। इस बैठक के लिए किसी को सूचना भी नहीं दी गई। हंगामा के दौरान कई शिक्षिकाओं ने बोर्ड के चोर-चोर होने के नारे लगाए। समिति सभापति सुधीर यादव इस बीच मंच पर भी आए। पर शिक्षकों का जोरदार हंगामा देखकर वह अपने साथियों के साथ खिसक गए। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिलाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने कहा कि शिक्षक इस समिति से अपनी जरूरत के हिसाब से लोन लेते हैं। शिक्षकों ने ही इसे दो करोड़ के लाभ में पहुंचाया है। बोर्ड के कुछ सदस्य इस कमाई का बंदरबांट करना चाहते हैं। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ने कहा कि शिक्षकों की मेहनत से जमा हुई रकम का किसी सूरत में दुरुपयोग नहीं होने दिया जाएगा। शिक्षकों ने तय किया कि संयुक्त संघर्ष समिति बनाकर जिला परिषद वेतन भोगी अध्यापक सहकारी समिति को बचाया जाएगा। जिला मुख्यालय पर भव्य भवन निर्माण भी कराया जाएगा। वरिष्ठ शिक्षक नेता दुष्यंत कुमार ने कहा कि किसी भी सूरत में शिक्षकों की संपत्ति को खुर्द-बुर्द नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने शिक्षकों द्वारा दिखाए गए साहस की सराहना की तथा संघर्ष को जारी रखने का आह्वान किया।

इस दौरान ब्लॉक आकु के संचालक राम अवतार सिंह किरतपुर के संचालक आदेश पाल सिंह, नजीबाबाद के नाजिर हुसैन, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, दुष्यंत कुमार, रूपेश चौधरी, महिला शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष रुचिता सिंह, मंत्री वर्षा पवार, सौरभ चौधरी, अरुण उपाध्याय, रोशन लाल, गर्वित चौधरी, पूर्व संचालक रोहतास सिंह, मौहम्मद तारिक अलीम, जयदीप मलिक, भूपेश त्यागी, राजीव चौधरी आदि सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। दूसरी ओर सभापति पक्ष के शिक्षकों ने नूरपुर रोड स्थित गहलौत कॉलेज में बैठक की है।

# क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का शुभारंभ 6 अप्रैल को किया गया, जिसका 20 अप्रैल को समापन हुआ।

इस टूर्नामेंट में आजाद कॉलोनी, लाल सराय, मोहल्ला चौधराना, बिश्नोई सराय रेती, अंबेडकर नगर, नेजावाली गांवड़ी आदि टीमों ने भाग लिया। पूरा टूर्नामेंट एमएम इंटर कॉलेज के मैदान पर खेला गया। फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करती हुई लाल सराय क्रिकेट क्लब की टीम 12 ओवर में मात्र 76 रन ही बना सकी। इस लक्ष्य को नेजावाली गांवड़ी ने मात्र 8 ओवर में ही हासिल कर लिया और मुकाबले को 8 विकेट से जीत लिया। वहीं फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच सचिन कुमार रहे और मैन ऑफ द सीरीज नवनीत कुमार को मिला। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि गोपाल सिंह बैक प्रबंधक रहे।

इस मौके पर मुख्य अतिथि गोपाल सिंह ने कहा कि खेल है ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा मनुष्य शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ व मजबूत होता है। आज यह पल देखकर मुझे भी अपने जमाने के दिन याद आ गए। डॉ. भीमराव अंबेडकर बाबा साहब ने कहा था कि शिक्षित रहिए, संगठित रहिए और समाज को मजबूत करिए। आज इस मौके पर मैं सभी समाज के नागरिकों को यह कहना चाहता हूं कि बाबा साहब के जो मूल मंत्र हैं, उन्हीं पर संपूर्ण समाज को चलना चाहिए।

इस मौके पर रविदास सभा के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार, आजाद समाज पार्टी के विधानसभा प्रभारी ज्ञानचंद, बहुजन समाज पार्टी के विधानसभा प्रभारी रवि कुमार, धर्मेंद्र कुमार, संजय कुमार, एडवोकेट रविकांत, रचित कुमार, अवनीश कुमार, प्रशांत कुमार, दीपक कुमार, विजय कुमार, सुगम प्रधान, दिव्य सेवा संस्थान के संस्थापक संजय शर्मा, अपनी कमेंट्री से मनमोहित करने वाले इरफान आदि समाज के नागरिक सम्मिलित रहे।

# पालिका ने अवैध होर्डिंग व बैनर हटवाये

## बिना रजिस्ट्रेशन नहीं लगने दिए जाएंगे होर्डिंग व बैनर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** पालिका प्रशासन ने नगर के चौराहों पर बिना रजिस्ट्रेशन द्वारा लगाए गए अवैध होर्डिंग को हटाने के लिए रविवार की शाम को अभियान चला कर होर्डिंग व बैनर हटवाये

नगर क्षेत्र में चारों तरफ बिना रजिस्ट्रेशन कराये चौराहों पर राजनीतिक लोगों ने व व्यापारियों ने अपने होर्डिंग व बैनर से चौराहों को पाट दिया था। इस मामले को पालिका प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए बैनर हटाने के लिए कार्य योजना बनाकर रविवार की शाम को यह अभियान युद्ध स्तर पर चलाया। इस अभियान के अंतर्गत एजेंसी चौराहे पर लगे बैनर होर्डिंग को हटाया तथा खंभों पर लगे बैनरों को उतरवाया। इस अभियान के प्रभारी सावेज अहमद ने बताया कि अभियान लगातार नगर में चलाया जाएगा तथा अवैध होर्डिंग बैनरों को उतरवाया जाएगा। रविवार को यह अभियान एजेंसी चौराहे पर चलाया गया तथा सोमवार को अन्य स्थानों पर टीम के साथ चलाया जाएगा तथा बिना रजिस्ट्रेशन के कोई भी बैनर होर्डिंग नहीं लगने दिया जाएगा तथा जिस व्यक्ति को राजनेता को होर्डिंग व बैनर लगाने हैं वह अपने पंजीकरण पालिका में कराए ताकि बैनर होर्डिंग का शुल्क लिया जा सके।

# मजदूर ने घर में फांसी लगा कर दी जान

## दौरे पड़ने की बीमारी से परेशान था



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मंडावर थाना क्षेत्र के रावली में एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक की पहचान रवि (23 वर्ष) के रूप में हुई है। वह महेंद्र का पुत्र था।

रवि मजदूरी करके अपना जीवन यापन करता था। वह लंबे समय से एक बीमारी से जूझ रहा था। उसे अक्सर दौरे पड़ने की शिकायत रहती थी। परिवार उसका इलाज भी करा रहा था। परिवार में चार भाइयों में से रवि दूसरे नंबर का था। उसने अपने घर में ही फांसी लगा ली। जैसे ही परिजनों को इस घटना की जानकारी मिली, घर में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# शिविर में 15 लोगों ने किया रक्तदान

## ब्लड डोनेट से शरीर पर नहीं पड़ता कोई कुप्रभाव : हुकुम सिंह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** बादीगढ़ में केहरीपुर रोड पर स्थित प्रकाश पाली क्लीनिक पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक 15 लोगों ने रक्तदान किया।

शिविर में ब्लड डोनेट करने वाले सभी लोगों को जसपुर ब्लड सेंटर जसपुर की ओर से ललित मोहन शर्मा ने शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। जबकि रक्तदान शि. विर के आयोजक जिला पंचायत सदस्य दलीप सिंह एवं कोऑपरेटिव सोसाइटी अफजलगढ़ के चेयरमैन हुकुम सिंह चौहान ने ब्लड डोनेट करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान जसपुर ब्लड बैंक की ओर से ललित मोहन शर्मा, रवि दयाल, प्रिंस चौहान, लक्की शर्मा, कु. अजरा, कु. सलमा, डॉ. राहुल, डॉ. आकाश आदि लोग मौजूद रहे।

इस अवसर पर दलीप सिंह व हुकुम सिंह चौहान ने कहा कि रक्तदान महापुण्य का कार्य है। यह एक महादान है, इससे बड़ा कोई दान नहीं है। स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। रक्तदान करने से शरीर पर कोई कुप्रभाव नहीं पड़ता बल्कि स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किए गए इस महादान से किसी जरूरतमंद बीमार इंसान की जान बचाई जा सकती है।





**हाजियों को प्रशिक्षण।** बिजनौर के एक प्रतिष्ठान में आज हाजियों को प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें हज यात्रा के दौरान आने वाली समस्याओं एवं उनसे निपटने के तरीकों के बारे में बताया गया। साथ ही हज के अरकान भी समझाए गए।

# हज यात्रियों के लिए लगा विशेष शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** हज 2025 के लिए हज कमेटी ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं टीकाकरण शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह शिविर मंडावर रोड स्थित एक बैंकट हॉल में आयोजित किया गया, जिसमें कुल 310 हज यात्रियों ने प्रतिभाग किया। इनमें 140 महिलाएं और 170 पुरुष शामिल रहे। शिविर का उद्देश्य हज यात्रियों को उनकी यात्रा से पूर्व आवश्यक प्रशिक्षण देना और स्वास्थ्य संबंधी सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करना था।

शिविर में हज ट्रेनर्स द्वारा यात्रियों को हज के अरकान (अनिवार्य कर्तव्यों) और यात्रा के दौरान अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। यात्रियों को हज यात्रा के हर चरण की महत्वपूर्ण बातें बताई गई, ताकि वे किसी भी प्रकार की असुविधा से बच सकें। प्रशिक्षण के दौरान मक्का और मदीना में निभाई जाने वाली धार्मिक रस्मों, समूह अनुशासन, खान-पान के नियमों और आपातकालीन स्थितियों से निपटने के तरीकों पर भी प्रकाश डाला गया।

हज यात्रा के दौरान स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, स्वास्थ्य विभाग की विशेष टीम ने शिविर में मौजूद सभी यात्रियों का टीकाकरण किया। टीकाकरण के अंतर्गत मेनिनजाइटिस, फ्लू और अन्य जरूरी वैक्सीनेशन शामिल रहे। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यात्रियों को यात्रा के दौरान स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के बारे में भी जागरूक किया, ताकि वे बीमारियों से सुरक्षित रह सकें और अपनी यात्रा सकुशल पूरी कर सकें।

जिला हज ट्रेनर मोहम्मद आसिफ ने जानकारी दी कि शिविर में प्रतिभाग करने के लिए यात्रियों को कुछ अनिवार्य दस्तावेज साथ लाने थे। इनमें पासपोर्ट साइज फोटो (सफेद बैकग्राउंड में), हज कवर स्टेटस और एक अद्यतन मेडिकल सर्टिफिकेट शामिल थे।

# वार्षिक उत्सव मंथन 2025 का समापन समारोह



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आरवी इन्स्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बिजनौर के परिसर में चल रहे तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव (मंथन 2025) का समापन हुआ। समापन समारोह में प्रसिद्ध गायक अमन भट्ट का स्वागत सोसायटी के अध्यक्ष योगेन्द्र देशवाल, सचिव अरविन्द कुमार, उपाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार, डा. कुलदीप अहलावत, डा. दिग्विजय, मैनेजिंग डायरेक्टर सन्नी देशवाल व जतिन अहलावत, समस्त प्रबंधन समिति के सदस्यों और आरवीआईटी के निदेशक डॉ. संजीव कुमार, फार्मेसी के निदेशक डा. हितेश कुमार, रजिस्ट्रार विपिन कुमार, चीफ प्रोक्टर विनीत चौधरी और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के कोर्डिनेटर डॉ. आशुतोष कंसल द्वारा किया गया। इसी के साथ धामपुर शुगर मिल के डायरेक्टर संदीप शर्मा, बिजनौर टाइम्स और चिंगारी के संम्पादक सूर्यमनी रघुवंशी और समस्त प्रबन्ध समिति के सदस्यों के द्वारा दीप प्रज्जलीत कर कार्यक्रम का आरम्भ किया गया।

संस्थान के अध्यक्ष योगेन्द्र देशवाल ने अपने विचारों को प्रकट करते हुए कहा कि आरवीआईटी कालेज को क्षेत्र के श्रेष्ठ कालेजों में से एक होने पर गर्व है। पढ़ाई से भी बढ़कर, हम छात्रें को एक ऐसा मंच देने में विश्वास रखते हैं जहाँ वे खुद को व्यक्त कर सकें, आगे बढ़ सकें और अपनी प्रतिभा को निखार सकें - और मंथन ऐसा ही एक मंच है।

संस्थान के सचिव ने कहा कि सभी छात्र छात्रों को तकनीकी शिक्षा में, सांस्कृतिक गतिविधियों में अपने आप को परखने की और अच्छे से अच्छा करने की बात कही जिससे छात्र तकनीकी शिक्षा में अपना और अपने देश का नाम रोशन कर सके। उन्होंने बताया कि आज की युवा पीढ़ी को किस तरह से अपने देश की तकनीकी शिक्षा, सस्कृति को कैसे उजागर किया जाए और कहा की देश को ऐसे युवा पीढ़ी की जरूरत है जो आगे चलकर डॉक्टर, इंजीनियर बनेंगे और देश के भविष्य को उजागर करेंगे।

प्रबंधक निदेशक सन्नी देशवाल ने कहा कि यह तकनीकी कार्यक्रम और सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्र/छात्राओं को आने वाले भविष्य में नई उचाईयों पर ले जाने में अहम योगदान प्रकट करेगा। उसी तरह से हमारा आरवीआईटी कॉलेज भी एक वार्षिक महाउत्सव (मंथन) की तरह ही है, जो हर वक्त यही सोचता है कि किस तरह से छात्र/छात्राओं का तकनीकी ज्ञान, शारीरिक ज्ञान तथा सांस्कृतिक ज्ञान को बढ़ाया जाए।

संस्थान के निदेशक डॉ. संजीव कुमार ने अपने विचारों को प्रकट करते हुए कहा कि यह सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्र/छात्राओं को उनके व्यक्तित्व को निखारने में अहम भूमिका निभाता है। आरवीआईटी कॉलेज का वार्षिक महाउत्सव (मंथन) छात्र/छात्राओं के तकनीकी ज्ञान, शारीरिक दक्षता तथा सांस्कृतिक ज्ञान को बढ़ाता है। सभी छात्र छात्राओं को तकनीकी शिक्षा में तथा सांस्कृतिक गतिविधियों में अपने आप को परखने की और अच्छे से अच्छा करने की बात कही, जिससे छात्र तकनीकी शिक्षा में अपना और अपने देश का नाम रोशन कर सके। उन्होंने कहा कि देश को ऐसे युवा पीढ़ी की जरूरत है जो आगे चलकर डॉक्टर, इंजीनियर बनेंगे और देश के भविष्य को उजागर करेंगे।

इस अवसर पर गतवर्ष के परीक्षा परिणाम के आधार पर संस्थान के 72 छात्र/छात्राओं को संस्थान की सोसाइटी सुदेशना एजुकेशनल चैरिटेबल सोसाइटी के सौजन्य से सोसाइटी के प्रबन्ध समिति द्वारा छात्रवृत्ति वितरित की गयी।

समापन के दौरान सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें सोलो सिंगिंग में प्रथम उमंग चौहान एसएम एकेडमी से व दूसरे स्थान पर वंश शर्मा वर्धमान कॉलेज बिजनौर से रहे। ग्रुप सिंगिंग में प्रथम फरमान मलिक व रेशु वर्धमान कॉलेज बिजनौर से व दूसरे स्थान पर यष भार्गव व निषान्त आरवीआईटी बिजनौर से रहे।

सोलो डांसिंग में प्रथम अनुराग आरवीआईटी बिजनौर से व दूसरे स्थान पर गोरी गुप्ता मुरादाबाद से रही। ग्रुप डांसिंग में प्रथम गणेश वन्दना टीम आरवीआईटी कॉलेज बिजनौर से व दूसरे स्थान पर परमजीत व रोहन आरएनआर एकेडमी से रहे। वाद्य यंत्र में प्रथम नन्द नन्दन गोस्वामी मोर्डन ऐरा पब्लिक स्कूल व दूसरे स्थान सौर्य नारायण शर्मा चौधरी छोटु राम इण्टर कॉलेज मुजफ्फरनगर से रहे।

प्ले/थिएटर में अंकिता मिश्रा ग्रुप आरवीआईटी बिजनौर से प्रथम व दूसरे स्थान पर यश भर्गव ग्रुप आरवीआईटी बिजनौर से रहे। नेल पैंट प्रतियोगिता में प्रथम भावना राजपूत जीएसएच कॉलेज चॉदपुर से व दूसरे स्थान पर मोहिनी कुमारी आरवीआईटी बिजनौर से रही। मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम दिशिका आरबीडी कॉलेज बिजनौर से व दूसरे स्थान पर ईशा गुप्ता रामा कॉलेज से रहे। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम मनीशा व कनिका वर्मा आरवीआईटी बिजनौर से व दूसरे स्थान पर शिल्पी शेखावत व लक्षीता आरवीआईटी बिजनौर से रही। क्राफ्टिंग प्रतियोगिता में प्रथम आशीष व अंकिता मिश्रा आरवीआईटी बिजनौर से व दूसरे स्थान पर अलीना वर्धमान कॉलेज बिजनौर से रही।

17 अप्रैल से चल रहे खेल प्रतियोगिताओं का परिणाम घोषित हुआ, जिसमें क्रिकेट का फाइनल मैच फजलपुर 11 और आदर्श 11 की टीमों के बीच हुआ जिसमें फजलपुर 11 ने 22 रनों से आदर्श 11 टीम को पराजित कर ट्रॉफी हासिल की। बैडमिंटन एकल (पुरूष) में प्रथम स्थान पर रिधाम एचएल एकेडमी व द्वितीय स्थान भास्कर सोनकपुर एकेडमी से रहे। बैडमिंटन एकल (महिला) में प्रथम स्थान आयुशी काला एमडीआई बिजनौर व द्वितीय स्थान अग्रयता एचएल एकेडमी से रही। बैडमिंटन डबल (पुरूष) में पीयूष व भास्कर (सोनकपुर एकेडमी) ने बाजी मारी। प्रोजेक्ट प्रदर्शनी में प्रथम स्थान पर प्रिया भारती आरवीआईटी बिजनौर व द्वितीय स्थान पर अशमित व वैभव पराशर वीरा कॉलेज से रहे।

तीन दिवसीय कार्यक्रम मंथन 2025 में हो रही प्रतियोगिताओं की निरन्तर जानकारी व बाहर से आने वाले सभी प्रतिभागियों का स्वागत कर उचित मार्ग दर्शन डॉ. जैदी, कुशल कुमार एवं अनिल धीमान द्वारा किया गया। साथ ही साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं के अपडेट एवं उनके परिणाम की सूचना निरन्तर उपलब्ध कराते रहे।

प्रसिद्ध गायक अमन भट्ट नें अपनी अवाज से मंथन की शाम के माहौल को और भी रंगीन बनाया और विभिन्न प्रकार के गानो पर अपनी प्रस्तुति के द्वारा देखने और सुनने वालो को मंत्र मुग्ध कर दिया। सभी छात्रों ने खूब आनंद उठाया। इसके बाद ब्लैक बॉल्फ बैण्ड ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी को थिरकने के लिए मजबूर कर दिया।

फार्मेसी संस्थान के निदेशक डा. हितेश कुमार ने सभी अतिथियों, शिक्षकों व छात्र छात्राओं का मंथन के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद किया।

मंथन के इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में बिजनौर व आस पास के जनपदों के 50 से अधिक स्कूल कॉलेजो से आये हुए 500 से भी अधिक छात्र छात्राओं ने खेलकूद, तकनीकी एवं सास्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया।

# पाक कला के उत्कृष्ट कार्य के लिए कारीगर सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** सभासद शबनम व सिद्दीक मुल्तानी के बेटे उमर फारूक की शादी के रिसेप्शन में बेहतरीन जायकेदार खाना बनाने वाले कारीगरों को उनकी पाक कला के उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सभासद शबनम व सिद्दीक मुल्तानी के बेटे उमर फारूक का निकाह अदीबा नाज के साथ बीते सप्ताह धूमधाम से हुआ था और रिसेप्शन में नगर के गणमान्य लोंगों की भी बड़े स्तर पर उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में जहां मेजबान मेहमानों का दिल से शुक्रिया अदा करते नहीं थक रहे थे। वहीं मेहमान खाने की तारीफ करते नहीं थम रहे थे। इंतहा तो तब हो गई जब शादी बीत जाने के कई दिन बाद भी लोग जायके को भुला नहीं पा रहे। उधर समाज सेवक सिद्दीक मुल्तानी ने भी कारीगरों दिलशाद सैफी, फुरकान अहमद, जोगेन्दर पूर्व सभासद का शुक्रिया अदा करने के लिए उनको अपने आवास पर शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सिद्दीक मुल्तानी ने कहा कि अब वो दिन दूर नहीं जब नगीना का नाम काष्ठ कला के साथ-साथ पाक कला में भी दुनिया भर में प्रसिद्ध होगा और जिस तरह नगीना के कारीगरों द्वारा बनाए गए लकड़ी के सामान को पूरी दुनिया में पसंद किया जाता है, उसी तरह आने वाले समय में नगीना के खाना बनाने वाले कारीगरों को भी पूरी दुनिया में पहचाना जाएगा। इस मौके पर नगर के कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# आग की भेंट चढ़ गए दर्जनों पेड़

## इस वर्ष नहीं बनाई गई फायर लाइन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** वन विभाग लाखों रुपये खर्च करके हर वर्ष सड़कों के किनारे वृक्षारोपण के तहत पौधे लगाता है। लेकिन ये बड़े होने से पहले ही आग की भेंट चढ़ रहे हैं। वन विभाग के पास आग को रोकने वाली फायर लाइन जैसी कोई योजना नहीं है। जिसका नजारा नहटौर धामपुर मार्ग पर गांव कश्मीरी के पास सड़क किनारे लगी आग से देखने को मिला। वन विभाग के दर्जनों पेड़ आग की भेंट चढ़ गए। आसपास के लोगों ने एकत्रित होकर आग को बुझाते हुए वन विभाग के पेड़ों को बचाया।

जानकारी के अनुसार अधिकांश मार्गों पर सड़क किनारे आग लगने से वन विभाग के अलावा किसानों के पेड़ भी जल रहें हैं। इस ओर यदि थोड़ा सा ध्यान दिया जाए तो लाखों पौधों कों बचाया जा सकता है। जिले में अधिकांश मार्गों पर सड़क किनारे खड़े पेड़-पौधों को आग की लपटों से झुलसा हुआ देखा जा सकता है। आग को रोकने के लिए वन विभाग के पास फायर लाईन योजना है। फायर लाइन में जगह-जगह चार से पांच फिट खाई खोदकर मिट्टी डाल दी जाती है, इससे आग आगे बढ़ने से रुक जाती है। इस वर्ष यह फायर लाइन नहीं बनाई गई। फायर लाइन नहीं बनने से एक बार आग लग जाती है तो बढ़ती चली जाती है और आगे निकल जाते है। वन विभाग के पास आग लगने का कोई कारण भी सामने नहीं आता है। कहीं किसान, तो कहीं धूम्रपान करने वालों की लापरवाही और कई स्थानों पर विद्युत लाईन इन जीवनदायी पेड़ों को भस्म कर रही है। वन विभाग हर बार गर्मी के मौसम में लगने वाली आग को रोकने के लिए गंभीर नजर नहीं आता है। वन विभाग के हर वर्ष जिले में कई हजार पेड़-पौधे आग की लपटों से खामोश हो जाते हैं। लेकिन वन विभाग को आज तक इस ओर कोई ध्यान नही दिया जाता।



रविवार को नहटौर धामपुर मार्ग पर गांव कश्मीरी के पास सड़क किनारे आग लग गई। फायर लाईन न होने की वजह से आग बढ़ती चली गई। आसपास के लोग रईस अहमद, चांद आलम, अब्बास, भूरे आदि ने पानी आदि से बामुश्किल आग को बुझाया। लेकिन तब तक दर्जनों पेड़ जल चुके थे। आग पर काबू पाने से आग आगे बढ़ने से रूक गई, जिससे वन विभाग के सैकड़ों पेड़ बच गए।

वन रेंजर गोविंद राम गंगवार का कहना है कि सूचना मिली थी। वन विभाग की टीम मौके पर भेजकर जांच कराई जाएंगी।

# धामपुर में लो वोल्टेज व अघोषित कटौती से उपभोक्ता परेशान

**धामपुर।** गर्मी का मौसम शुरू होते ही अघोषित विद्युत कटौती शुरू हो गई है। विद्युत कटौती के निर्धारित समय से अलग विद्युत कटौती की जा रही है। जब उपभोक्ता विद्युत कार्यालय एवं कर्मचारियों को आपूर्ति शुरू होने की सही स्थिति जानने के लिए उनके मोबाइल पर कॉल करते हैं, तो उनके द्वारा कॉल रिसीव नहीं की जाती है। इसके अलावा फाल्ट सही करने के नाम पर बार-बार विद्युत कटौती की जाती है। लो वोल्टेज की समस्या से भी उपभोक्ता बेहद परेशान है। नगर के कई मौहल्लों में वोल्टेज काफी कम आ रहे हैं। जिसकी वजह से विद्युत उपकरण ठीक ढंग से काम नहीं कर पाते हैं। विभाग के द्वारा इस समस्या का अभी तक स्थायी समाधान नहीं किया गया है। नगर में आबादी तेजी के साथ बढ़ रही है। उपभोक्ताओं की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। लेकिन न तो ट्रांसफार्मरों की संख्या बढ़ाई जा रही है और न ही उनकी क्षमता वृद्धि की जा रही है। जिससे गर्मी के मौसम में समस्या ज्यादा बढ़ गई है।

# विधायक को धमकी देने वाले आरोपी के खिलाफ आक्रोश

**किरतपुर।** पूर्व मंत्री व नगीना विधानसभा के लोकप्रिय विधायक मनोज पारस को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी के खिलाफ नगर में आक्रोश व्याप्त है।

सर सय्यद गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रबंध कमेटी ने एक प्रेस नोट जारी करते हुए दो टूक कहा कि लोकप्रिय विधायक मनोज पारस का अपमान बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने पुलिस प्रशासन से अपील की है कि विधायक मनोज पारस की सुरक्षा बढ़ाई जाए। जिससे भविष्य में इस तरह की गतिविधियों को रोका जा सके।

उन्होंने कहा कि विधायक मनोज पारस जनता के दिलों में बसे हुए है। उन्होंने कहा कि विधायक मनोज पारस एक बहुत अच्छे विधायक के साथ साथ अच्छे इंसान भी है और उनकी अच्छाई इस बात से जाहिर होती है कि भाजपा की जबरदस्त लहर में भी तीसरी बार विधायक चुने गए। इसलिए नगीना विधानसभा की जनता उनके अपमान को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगी।

# महिलाओं ने किया बिजलीघर का घेराव

## बिजली न आने से मौहल्लेवासी परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** नगर के मौहल्ला रविदास नगर में लाइट न आने के कारण बिजली पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। बिजली की समस्या ठीक न होने से मौहल्लेवासी परेशान हाल है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगर में दो दिन से आंधी-तूफान आने से बिजली की व्यवस्था गड़बड़ा गई थी। पूरे क्षेत्र में तूफान-बारिश आने से बिजली के खम्भों से बिजली के तार टूट कर जमीन पर गिर गए थे। बिजली के तार टूट कर गिरने से बिजली की सप्लाई त्रस्त हो गई। लाइट न आने से पीने के पानी की किल्लत हो गई है। जिसको लेकर नगर के राष्ट्रीय लोकदल पार्टी के जिला महासचिव चौधरी अजयवीर एड. ने सैकड़ों महिलाओं के साथ पहुंच कर बिजली घर का घेराव कर बिजली विभाग के अधिकारियों से जल्द से जल्द बिजली की समस्या को तुरंत ठीक कराने के लिए अवगत कराया। अगर जल्दी बिजली की सप्लाई व्यवस्था को ठीक नहीं किया गया, तो बिजली विभाग के लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जायेगा। बिजली विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि वह जल्द से जल्द बिजली की सप्लाई व्यवस्था को ठीक करा कर बिजली की सप्लाई को ठीक कर समस्या का हल किया जाएगा। सैकड़ों महिलाओं को आश्वासन मिलने के बाद अपने घर वापस लौट गए।



# व्यापारियों के हित में काम करेंगे: मोनू टाटा

**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन नवाब नजीबुद्दौला मार्केट स्टेशन रोड शाखा के अध्यक्ष मोनू टाटा ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए स्टेशन रोड के व्यापारी नरेंद्र प्रजापति को शाखा उपाध्यक्ष, कुलदीप कुमार को शाखा प्रचार मंत्री, जहांगीर व शाहरूख को शाखा मंत्री मनोनीत करते हुए उन्हें मनोनयन पत्र भेंट किए। अध्यक्ष मोनू टाटा ने कहा कि वह जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ व नगर अध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी के दिशा निर्देशन में अपने बड़े भाई मरहूम नईम टाटा के नक्शे कदम पर चलते हुए संगठन को मजबूत बनाने के साथ व्यापारियों के हित में काम करेंगे। इस अवसर पर मौहम्मद रफीक, शाहरूख, विक्की, राजेंद्र राजपूत, डॉ. मजहर, अशोक सिंघल आदि मौजूद रहे।

# सरोज बुक बैंक ने किया पुस्तक वितरण समारोह का आयोजन

## 38 बच्चों को पुस्तकें प्रदान की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगर के साहू छजमलदास सरस्वती विद्या मंदिर के सभागार में अनिल सरोज बुक बैंक द्वारा पुस्तक वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उमापति गर्ग तथा विशेष अतिथि पंकज धीमान व श्रीमती मृदुला त्यागी रहे। बुक बैंक के संस्थापक अभिनव गुप्ता ने बताया कि पुस्तक वितरण कार्यक्रम में 38 बच्चों को नि:शुल्क पुस्तक पठन हेतु प्रदान की गई तथा उनकी शिक्षा से संबंधित परेशानियों को दूर करने के लिए एक शिक्षक पैनल का गठन किया गया। पैनल के शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को विश्वास दिलाया गया कि वह सप्ताह के अंत में उनसे सम्पर्क कर अपनी समस्याओं का निराकरण कर सकते हैं। कार्यक्रम में बुक बैंक से पुस्तक लेकर नेट की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले होनहार विद्यार्थी वैभव राजपूत का सम्मान किया गया तथा विद्यार्थियों से कहा गया कि वह उनका अनुकरण कर अपने जीवन में इसी प्रकार सफलताएं प्राप्त करें। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती चित्र राजपूत तथा हिमानी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सरस्वती वंदना श्रीमती शालिनी वर्मा व नेहा राजपूत द्वारा की गई। कार्यक्रम में सर्वश्री केशव देव, डॉ. माहेश्वरी, शुभम, रंजन राजपूत, नमन वर्मा, वरूण वर्मा, मुकेश देव. रानी, अनुराग पांडे, अमित राजपूत, हेमेंद्र राणा, रितु प्रजापति, डॉ. पूनम अग्रवाल, राहुल वर्मा, दीपक महिंद्रा, हर्षिता, कनिष्का, कुंज सालवान आदि उपस्थित रहे।

# नहर में पानी छोड़ने से किसानों के चेहरे खिले

## सूखने के कगार पर थी फसले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** गांगन नहर में पानी छोड़े जाने से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। किसानों ने अपनी फसलों की सिंचाई करना शुरू कर दिया है। तीन दिन पूर्व शाह टाइम्स ने गांगन नहर में पानी न होने से किसानों की फसले सूखने की कगार पर शीर्षक से किसानों की समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

गौरतलब है कि नहटौर के गांगन पुल से निकलने वाली गांगन नहर से गांव कश्मीरी, गारवपुर, मलकपुर, फिरोजपुर, टपरोला, कलाली, भटियाना, खुशाहलपुर, मटौरा मान, मटौरा दर्गा, पाडली मांडू आदि के किसान सिंचाई करते हैं। लेकिन गांगन नहर में पानी नहीं होने से उनकी फसले मुरझा रही थी। तीन दिन पूर्व किसानों की इस समस्या को शाह टाइम्स ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था, जिसके तहत रविवार को नहर में पानी आने से किसानों के चेहरे खिल उठे। किसान रवि कुमार, प्रेम कुमार, केशव कुमार, दीपक कुमार, मोहित कुमार, अमित कुमार, उदयराज सिंह, धर्मवीर सिंह, अवनीश कुमार आदि ने बताया कि नहर में पिछले कई माह से पानी नहीं था। जिससे वह अपने खेतों की सिंचाई नहीं कर पा रहे थे। नहर में पानी आने से रविवार को क्षेत्र के किसानों ने अपने गन्ने आदि की फसल की सिंचाई करना शुरू कर दिया है। नहर में पानी आने से किसानों की समस्या दूर हो गई है।



# नहटौर में सफेदपोश खुलेआम करा रहे मिट्टी का अवैध खनन

## अवैध रूप से काटी जा रही कॉलोनियों में भराव जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नहटौर में सफेदपोश खुलेआम मिट्टी का अवैध खनन कराते हुए अवैध रूप से काटी जा रही कॉलोनियों में भराव करा रहे हैं।

इन सफेदपोश माफियाओं ने जगह-जगह अपने होर्डिंग्स लगा रखे हैं। यह स्वयं को सत्ता पक्ष का साबित करने का प्रयास करते हुए इसकी आड़ में अवैध खनन करा रहे हैं। प्रदेश में जिस पार्टी की सरकार होती है, उसी का ही होर्डिंग्स लगाकर यह अपने आप को पार्टी का वफादार नेता साबित करने की कोशिश करते हैं। सूत्रों का कहना है कि इनके द्वारा महीना भी बाटा जाता है। अब यह महीना किस को मिल रहा है, यह खामोश रहने वालों को देख कर पता लगाया जा सकता है।

# विद्यार्थियों ने किया पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क का भ्रमण

## आयुर्वेदिक औषधियों का संग्रह भी देखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नॉर्थ इंडिया ग्रुप कॉलेज, नजीबाबाद के बीएससी (जीव विज्ञान) के विद्यार्थियों ने डॉ. नीलम कुमार राज, शादमा परवीन, विष्णु दत्त शर्मा व श्रीमती ज्योति तेजवान आदि प्राध्यापक/प्राध्यापिकाओं के मार्गदर्शन में पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क, हरिद्वार, उत्तराखंड का शैक्षिक भ्रमण किया।

17 अप्रैल 2025 को प्रात: सात बजे लगभग 40 विद्यार्थियों के दल को संस्थान के प्रबंध निदेशक इंजी. अवनीश अग्रवाल, कार्यकारी निर्देशक अभिनव अग्रवाल, कॉलेज प्राचार्य डॉ. नीलावती व डॉ. नवनीत राजपूत आदि ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा भ्रमण की सफलता हेतु मंगल कामनाएं की। निश्चित गंतव्य स्थल पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क, हरिद्वार, उत्तराखंड की टीम ने विद्यार्थियों का बड़े ही स्नेह व प्रसन्नता से स्वागत किया। वहां विद्यार्थियों ने आंवला कैंडी, एलोवेरा जेल, पतंजलि दंत कांति, पतंजलि बाथ सोप, पतंजलि धूप व हवन-सामग्री आदि का प्रोडक्शन ध्यानपूर्वक देखा व समझा। साथ ही वेयर हाउस में आयुर्वेदिक औषधियों का संग्रह भी देखा तथा उनसे बनने वाली दवाईयों के महत्व को भी जाना।

भ्रमण की सफलता में टूर कॉर्डिनेटर डॉ. नीलम कुमार राज, शादमा परवीन, विष्णु दत्त शर्मा व ज्योति तेजवान आदि प्राध्यापक/प्राध्यापिकाओं का योगदान रहा।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए कृषक ऋतुराज सम्मानित

## वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में आधुनिक व नवीन कृषि प्रणाली से कर रहे कृषि कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में कृषि के क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने के लिए कृषक ऋतुराज सिंह को कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सम्मानित किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार कृषि अनुसंधान केंद्र नगीना के वैज्ञानिकों के प्रशिक्षण में कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगतिशील युवा किसान ऋतुराज सिंह को रविवार को सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि विश्व. विद्यायल मेरठ में आयोजित पुरस्कार सम्मान समारोह में सर्वश्रेष्ठ किसान का पुरस्कार दिया गया। उक्त पुरस्कार प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय मेरठ के कुलपति डॉ. केके सिंह द्वारा दिया गया। ऋतुराज सिंह को यह पुरस्कार कृषि के क्षेत्र में नवोनवेशी कार्य जैसे ड्रैगन फ्रूट के साथ गन्ना एवं प्राकृतिक खेती के लिए दिया गया। पुरस्कार स्वरुप ऋतुराज सिंह को रुपए 1100/-, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह दिया गया। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद ऋतुराज ने कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के वैज्ञानिकों, जनपद बिजनौर के प्रशासन एवं जनपद के कृषि से सम्बंधित सभी विभागों का आभार व्यक्त किया। कृषक ऋतुराज सिंह को यह पुरस्कार दिलवाने के लिए उनके साथ कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के वैज्ञानिक डॉ. शकुंतला गुप्ता एवं डॉ. केके सिंह गए।

ज्ञात हो कि कृषक ऋतुराज सिंह ब्लॉक नहटौर के ग्राम उमरी के निवासी हैं और एक लंबे समय से कृषि अनुसंधान केंद्र नगीना के वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में आधुनिक व नवीन कृषि प्रणाली से कृषि कार्य कर रहे हैं।




# शराब की दुकान हटाने को डीएम को दिया ज्ञापन

## शराबी दिन भर मचाते हैं उत्पात

**नजीबाबाद।** महिला जागृति समूह संस्था की अध्यक्ष मधु माहेश्वरी के नेतृत्व में नजीबाबाद क्षेत्र के ग्राम खैरूल्लापुर की महिलाओं ने डीएम जसजीत कौर से उनके कार्यालय में बिजनौर पहुंचकर मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्राम क्षेत्र की महिलाओं ने डीएम से ग्राम में स्थित देशी शराब की दुकान हटाने की मांग की। महिलाओं ने कहा कि महिलाओं ने कहा कि ग्राम में देशी शराब की दुकान से पुरुष सारे दिन वहां से शराब का सेवन कर ग्राम में उत्पात मचाते है तथा घरों में झगड़ा करते है। डीएम ने इस संबंध में आबकारी अधिकारी के ग्राम से उक्त दुकान को हटाने के निर्देश दिए। ज्ञापन देने वालों में मधु माहेश्वरी, गीता, ममता, सरोज, रानी, मधु रानी, अमनदीप आदि शामिल रही।

# हेलमेट पहनने के प्रति किया जागरूक

## थाना प्रभारी ने बताया हेलमेट का महत्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** हेलमेट के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को नगीना थाना प्रभारी तेजपाल सिंह द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से संदेश देकर जानकारी दी गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी तेजपाल सिंह ने हेलमेट के महत्व को बताते हुए उसकी जरूरत के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हेलमेट से सिर की सुरक्षा होती है। दुर्घटना में सबसे जयादा गंभीर चोट सिर पर लगती है और हेलमेट सिर की रक्षा करता है।

उन्होंने हेलमेट की कानूनी जरूरत के बारे में बताते हुए कहा कि भारत में मोटर साइकिल व स्कूटर सवारों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य है। हेलमेट को जान बचाने वाला साथी बताते हुए कहा गया कि डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार हेलमेट पहनने से मौत का खतरा 40% और सिर की गंभीर चोट का खतरा 70% तक कम हो जाता है। हेलमेट न केवल दुर्घटना में, बल्कि रोजाना धूल और प्रदूषण से भी बचाव करता है। हेलमेट के उपयोग से जुर्माने से बचाव होता है क्योंकि ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर भारी जुर्माना हो सकता है। उन्होंने ट्रैफिक पुलिस का स्लोगन बताते हुए कहा कि सिर में जान है तो जिंदगी आसान है। हेलमेट पहनिए और सुरक्षित रहिए। उन्होंने जनता को संदेश देते हुए कहा कि हेलमेट न पहनना स्टाइल नहीं, लापरवाही है। उन्होंने कहा कि आज हेलमेट पहनिए और कल जिंदा रहिए। उन्होंने जनता की सुरक्षा को पुलिस की जिम्मेदारी बताया।




# श्रीमद भागवत कथा के लिए कलश यात्रा निकाली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर में श्रीमद्भागवत कथा के लिए कलश यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में दर्जनों भक्त शामिल हुए और रामलीला बाग मंदिर से अभिमंत्रित जल लेकर लौटे।

प्राप्त समाचार के अनुसार शनिवार को नगर के मौहल्ला कायस्थ सराय में पंडित सुरेंद्र भारद्वाज द्वारा श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में दर्जनों कलश यात्री शामिल हुए। कलश यात्री यज्ञ स्थल से रामलीला बाग स्थित मंदिर पहुंचे और वैदिक मंत्रों द्वारा अभिमंत्रित जल को कलश में भर पुन: यज्ञशाला पहुंचे।

कलश यात्रा में विमला शर्मा, मोनी सैनी, पूनम सैनी, शालू, रेखा, अनु आदि उपस्थित रहे। यात्रा के दौरान जीतू शर्मा, रोहित शर्मा, अभिषेक शर्मा आदि ने ढोलक, चिमटा व ऑर्गन प्लेयर का वादन किया।

# जनसमस्याओं के समाधान को भाकियू की गोष्ठी

## कलक्ट्रेट में धरना दिए जाने पर विचार विमर्श

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** जनसमस्याओं के समाधान के लिए भाकियू सामाजिक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी आंदोलन को लेकर क्षेत्रों में बैठकों का निर्णय लिया गया।

रविवार को भारतीय किसान यूनियन सामा. जिक की एक गोष्ठी का अफजलगढ़-कालागढ़ मार्ग स्थित निरीक्षण भवन में आयोजन किया गया। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन सामाजिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार भोले एड. के पहुंचने पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से उनका स्वागत किया। जिसके बाद उनके नेतृत्व में बैठक हुई। जिसमें भाकियू सामाजिक, भाकियू प्रधान, विश्व दलित परिषद, अभिभावक संघ बिजनौर की संयुक्त संगठन बैठक के उपरांत मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी बिजनौर को जनहित की समस्याएं स्मार्ट मीटर पर रोक, प्राइवेट हॉस्पिटल व सरकारी हॉस्पिटल की मनमानी, निजी स्कूलों की मनमानी, अवैध पेड़ों की कटाई, गन्ना किसानों का शोषण, पुलिस प्रशासन की मनमानी, खाद्य पदार्थों में मिलावट, किसानों का कर्ज माफ, राशन वितरण में धांधली व भ्रष्टाचार आदि के खिलाफ अवगत कराया गया था। किन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई। जबकि जिसमें कुछ समस्याओं का जिले के प्रशासन के स्तर से निस्तारण हो सकता था। लेकिन आज तक भी जिला प्रशासन नींद से नहीं जागा। जिसके चलते इसी उद्देश्य से भाकियू सामाजिक सहित संयुक्त संगठनों की बैठक करने व सम्बंधित पदाधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्र में तैयारी करने हेतु निर्णय लिए गए तथा अपनी मांगों की पूर्ति हेतु जल्द ही पैदल यात्रा हेतु दिनांक व दिन तय कर कलेक्ट्रेट में धरना दिया जाने पर विचार विमर्श किया गया ताकि प्रशासन की नींद टूट सके। इसके अलावा अन्य समस्याओं, क्षेत्रीय समस्याओं पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे।



इस अवसर पर भाकियू सामाजिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार भोले सिंह, राष्ट्रीय महासचिव मौहम्मद अकरम उस्मानी, जिला अध्यक्ष ज्ञानचंद प्रजापति जनपद बिजनौर, जिला उपाध्यक्ष आरेंद्र शर्मा, नगर अध्यक्ष अब्दुल बारी, मौहम्मद जैद, रिजवान अहमद, मौहम्मद सलमान, मौहम्मद इस्माइल, सुनील कुमार, डॉ. रामकुमार सिंह चौहान, हरजीत सिंह, हुकुम सिंह ब्लॉक अध्यक्ष, डॉ. ईश्वर सिंह, आशु चौधरी, हरीराज सिंह, हरिशंकर सिंह, सुरेंद्र सिंह, सुनील कुमार, अब्दुल वहाब, परवीन कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, शेर सिंह, विलायत हुसैन, अरविंद कुमार, नरेंद्र सिंह, संजय सिंह, भूदेव सिंह आदि कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर सुधारने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** विकास खंड किरतपुर के अंतर्गत आने वाले कुछ सरकारी स्कूलों में छात्र छात्राओं की संख्या नाम मात्र है। जबकि सरकारी स्कूलों पर सरकार अच्छा खासा रुपया खर्च कर रही है और पढ़ाई का स्तर जीरो बटा जीरो है। सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले अध्यापकों व शिक्षा विभाग के अधिकारियों के बच्चे इन्हीं सरकारी स्कूलों में पढ़ने लगे तो हो सकता है इन स्कूलों की पढ़ाई का स्तर सही हो जाए।

अभिभावकों के अनुसार बताया गया है कि वो अपने नन्हे मुन्ने बच्चों को सरकारी स्कूलों में भेज कर सरकार की योजनाओं का लाभ लेना तो चाहते है लेकिन वहां की पढ़ाई का स्तर जीरो बटा जीरो है। वहां भेज कर अपने बच्चों का मुस्तकबिल खराब करने के अलावा कुछ भी नहीं है। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग के अधिकारियों, अध्यापकों के बच्चे तो बड़े बड़े महंगे स्कूलों में पढ़ रहे है। इसलिए उनको कोई फर्क नहीं पड़ता, चाहे पढ़ाई हो या न हो। अगर इन लोगों के बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ने लगे तो खुद ब खुद पढ़ाई का स्तर ठीक हो जाएगा। उन्होंने मांग की है कि जब सरकार शिक्षा के प्रति इतनी फिक्रमंद है और बहुत मोटा पैसा खर्च कर रही है तो सरकारी स्कूलों के पढ़ाई के स्तर की जांच होनी चाहिए। अभिभावकों ने बताया कि शिक्षा के प्रति जागरूकता करने के लिए रैलियां निकाली जा रही है और योजनाओं के बारे में भी बताया जा रहा है तो ऐसी क्या बात है जो बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ने को तैयार नहीं, यह एक सोचनीय प्रश्न है? एक तो सरकारी स्कूलों में बच्चे पढ़ते नहीं और जो पढ़ते है वो खुद को कमतर समझते है। आखिर क्यों सुधार नहीं होता सरकारी स्कूलों में पढ़ाई का स्तर। गरीबों के बच्चे प्राइवेट स्कूलों में जाए तो पैसे नहीं और सरकारी स्कूल में जाए तो कोई मुस्तकबिल नहीं। आखिर जाए तो जाए कहां? जिलाधिकारी को इस ओर ध्यान देकर पढ़ाई के स्तर को सही करना चाहिए।

# शारिक साटा गैंग की 2.31 करोड़ की सम्पत्ति की सरकार के नाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** 24 नवम्बर की हिंसा की साजिश में शामिल दुबई में रह रहे शारिक साटा पर पुलिस ने बड़ा शिकंजा कसा है। गैंग स्टर एक्ट के तहत उसकी करोड़ों की सम्पत्ति को सरकार के नाम कर दिया है।

पुलिस अधीक्षक के के विश्नोई ने बताया कि शारिक शाटा गैंग और उसके सदस्य सिकंदर के खिलाफ वर्ष 2009 में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। यह गैंग 24 नवंबर की हिंसा में भी शामिल शामिल था। हिंसा में कुछ लोगों की हत्या की गई थी। एसपी ने बताया कि जांच में पता चला कि गैंग ने तुर्तीपुर इल्हा में 268 वर्ग मीटर की प्राइम प्रॉपर्टी खरीदी थी। यह संपत्ति शारिक की पत्नी गुले रोशन और सिकंदर की पत्नी सजा परवीन के नाम पर थी। 2011 में इस संपत्ति को गैंगस्टर एक्ट के तहत अटैच किया गया। पुलिस के मुताबिक, गैंगस्टर एक्ट की धारा 4 के अनुसार, संपत्ति के मालिक को यह साबित करना होता है कि उसने यह संपत्ति वैध तरीके से

**0जन कल्याणकार्यों के लिए किया जाएगा उपयोग**

खरीदी है। कई मौके दिए जाने के बाद भी आरोपी यह साबित नहीं कर पाए कि उन्होंने यह संपत्ति कानूनी तरीके से अर्जित की है। एडीजी गैंगस्टर अदालत के आदेश पर धारा 15 के तहत संपत्ति को सरकार के नाम कर दिया गया है। इस जमीन का उपयोग अब जन कल्याणकारी कार्यों के लिए किया जाएगा।

# ज़ायरीन हज को दिया गया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** मरकजी मदरसा अजमल उलूम, तेल मण्डी सम्भल में हज 2025 की पाक यात्रा पर जाने वाले लोगों के लिए हज ट्रेनिंग कैम्प का आयोजन किया गया।

**0आज वैक्सीनेशन के साथ दी जाएंगी अन्य ज़रूरी जानकारियॉं**

कैम्प का आगाज कुरआने पाक की तिलावत से हुआ, समीर अजमली ने हम्द, नात पेश की। मुफ्ती आलम नूरी ने हज की अहमियत बताते हुए कहा कि हज इस्लाम का बहुत अहम रुक्न है। जिला हज ट्रेनर ख्वाजा कलीम अशरफ ने मक्का शरीफ, मदीना शरीफ में हज के अरकान स्क्रीन पर दिखाकर हाजियों को सिखाए। हज ट्रेनर तकी अशरफ एडवोकेट ने हज के लिए बैग में क्या जाना है एयरपोर्ट पर क्या क्या प्रोसेस से कैसे गुजरना है और वापसी में क्या होना है टिकट, वीजा, पासपोर्ट, बोर्डिंग पास आदि के बारे में विस्तार से बताया। हाजी अब्दुल खालिक जिला हज ट्रेनर ने सऊदी, भारत सरकार द्वारा हाजियों के लिए किए गए काम के बारे में बताया।कारी वसी अशरफ ने बताया कि कल 21 अप्रैल पीर के दिन लगबजग 325 हाजियों को टीका लगाया जाएगा जिसमें सरकारी डाक्टर और सीएमओ शामिल रहेंगे। इस मौके पर हाजी नदीम ने सभी हज यात्रियों के खाने पीने का इंतेजाम कराया।



सम्भल-डिवाइन फेथ फेलोशिप चर्च में ईस्टर पर्व पर पवित्र बाइबिल पढ़ती मसीह समाज की महिलाएं।

## चर्च में हर्षोल्लास से मनाया गया ईस्टर पर्व

# शांति, क्षमा करूणा का संदेश देती हैं प्रभु यीशु की शिक्षाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** मसीह विशवासियों के लिए आशा,नवजीवन और विजय का प्रतीक एवं प्रभु यीशु के पुनरूत्थान की याद में ईस्टर पर्व चर्च में हर्षोल्लास व भक्ति भावना के साथ मनाया गया।

बहजोई स्थित डिवाइन फेथ फलोशिप चर्च में आयोजित ईस्टर पर्व पर प्रातः प्रभात:कालीन स्तुति सभा में विशवासियों ने हाथों में मोमबत्ती लेकर स्तृति गीत का गायन करते हुए प्रभु यीशु के पुर्नजीवन की प्रतीक्षा और स्मरण किया। जबकि प्रातः 10 बजे विशेष आराधना सभा का आयोजन किया गया। सभा मेंचर्च के विकार जनरल रेह. डा. राहुल उठवाल ने गुड फ्राईडे के शोकपूर्ण घटनाओं के बाद जब प्रभु यीशु तीसरे दिन पुर्नीजीवित हुए तो, उनके शिष्य और अनुयायी एक नई आशा, बल और उत्साह से भर गए। उन्होने बताया कि ईस्टर हमें सिखाता है कि सत्य, प्रेम और बलिदान की अन्तिम विजय निश्चित होती है। उन्होने मत्ती 28 बाइबिल का पाठ करते हुए पुनरूत्थान की घटना को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। पादरी प्रवीन कुमार ने अपने संदेश में प्रभु यीशु के चरित्र और शिक्षाओं का मानवता का आर्दश बताते हुए कहा ''उनकी शिक्षाएं आज भी शांति, क्षमा, करूणा और सेवा का संदेश देती है। पुनरूथान केवल चमत्कार नहीं, बल्कि प्रत्येकसंर्घषरत आत्मा के लिए आशा का प्रतीक है। प्रार्थना सभा में विश्व शांति, सामाजिक, एकता और मानव सेवा के लिए विशेष सामूकि विशेष प्रार्थना की गई। इस मौके पर खुशी, अंजली, कोमल, समैन्था उठवाल, कमलेश, अर्जुन, अमयारा, रितु, बीना, कंचन, चुनमुन, विजय, पूजा, शैलिन, बेबी रॉबिंसन, वीनस, आकांक्षा, पंकज रॉबिंसन, विनीत, सीमा टॉड, आनन्द, माला, भूमि आदि मौजूद रहे। मौहल्ला कोट पूर्वी स्थित मैथॉडिस्ट चर्च में ईस्टर पर्व पर पादरी के पी सिंह ने पवित्र बाइबिल की इंजीलों से प्रभु यीशु के पुनरूथान के विषय में पढ़कर सुनाया। उन्होने कहा कि आज से 2025 वर्ष पूर्व पभु यीशु ने मृत्यू पर तीसरे दिन विजय प्राप्त की थी। आज का दिन अति पवित्र और पुनरूत्थान का दिन कहलाता है। चर्च में मधुर गीत गाए और अपनी साक्षियां दीं व पवित्र बाइबिल से वचन पढ़े ओर प्रार्थना की। इस मैके पर एंजलीना पॉल आदि मौजूद रहे।

# मनमाना किराया न देने पर यात्रियों से अभद्रता करते हैं डग्गामार वाहन चालक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सरकार को राजस्व का चूना लगाने के साथ रात्रि में सवारियों को लेकर आ रहे डग्गामार वाहन यात्रियों का आर्थिक शोषण करते है। मनमाना किराया वसूलने के साथ विरोध पर उनके साथ मारपीट और गाली-गलौंच की जाती है। सुबह सवेरे मुरादाबाद से सवारियां लेकर आया डग्गामार वाहन चालक ने सवारियों के साथ अभद्रता कर मनमाना किराया वसूल किया। कुछ लोगों के विरोध पर वह देख लेने की धमकी देकर चला गया।

दूसरे राज्यों से देर रात्रि आने वाले यात्रियों को सम्भल आने के लिए रोडवेज अथवा निजि बसें नहीं मिल पाती है। रेलवे स्टेशन व रोडवेज अडडे के बाहर खड़े डग्गामार वाहनों से गंतव्य को पहुंचते हैं। रविवार की सुबह चंडीगढ़ से आयी सवारियों को ई को वाहन संख्या यू पी 21 ई टी 1154 से लेकर चालक चन्दौसी चौराहे पर पहुंचा। वाहन चालक ने सवारियों को उतारा और उनसे सौ रूपये प्रति सवारी इनमें तीन छोटे बच्चे भी शामिल थे सात सौ मांगे। यात्रियों ने मनमाने रूपये मांगने का विरोध किया तो उसने उनके साथ अभद्रता करनी शुरू कर दी। शोर मचने पर सुबह सवेरे मॉनिग वॉक करने जाते लोग शोर पर वाहन के पास पहुंचे और जानकारी की तो चालक के उनके साथ भी अभद्रता करने लगा। लोगों ने डग्गा मार वाहन को गैर कानूनी और मनमाना किराया वसूलने का विरोध किया तो वह उनके साथ भी गाली-गलौंच पर उतर आया और शोर मचाकर कहने लगा कि सारे वाहन सांठ-गांठ से चलते हैं। हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। सवारी चाहें छोटी हों या बड़ी यौ रूपया प्रति सवारी से कम नहीं लिया जायेगा। शोर मचने पर धीरे-धीरे वहां भीड़ बढ़ने लगी तो चालक सवारियों से सात सौ रूपये लेकर वाहन को तेज गति के साथ लेकर फरार हो गया। लोगो ने इस मामले में उप सम्भागीय परिवहन अधिकारी को भी वीडियो आदि डालकर अवगत करा दिया गया है।



सम्भल-बीडी इंटर कॉलेज में बाबा साहेब के सम्मान में कार्यक्रम में बोलते एमएलसी सत्यपाल सैनी

## कूड़े में लगाई जा रही आग

**सम्भल।** थाना हयातनगर की पीछे मजार के पास सरायतरीन का गंदा कूड़ा लाकर डाला जा रहा हैं। जबकि उसमें आग लगाकर एनजीटी के नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। कूड़े में इलेक्ट्रॉनिक,प्लास्टिक, पालीथिन इत्यादि जलने से विषली गैस एवं धुआ निकलती है।

# बाबा साहेब ने जीवन पर वंचितों के लिए किया कार्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबासाहेब डा. भीमराव रामजी आंबेडकर सम्मान अभियान जिला संगोष्ठी का आयोजन कर बाबा साहेब क पंचशील पर विस्तार से प्रकाश डला।

उप नगरी सराय तरीन स्थित बी डी इंटर कॉलेज में आयोजित संगोष्ठी का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सत्यपाल पाल सैनी जी प्रदेश उपाधयक्ष, सदस्य विधान परिषद एवं पुष्कर मिश्र निदेशक रजा लाइब्रेरी रामपुर ने भारत माता दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने संगोष्ठी की प्रस्तावना रखते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में बाबा साहेब की सम्मान संगोष्ठी कार्यक्रम किए गए हैं। डाक्टर पुष्कर मिश्र ने कहा कि भाजपा लगभग 10 दिन से बाबा साहेब डा. भीमराव रामजी अंबेडकर जी के सम्मान में कार्यक्रम किया जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार ने ऐसी कई योजना शुरू की है जिनका मूल उद्देश्य अनुसूचित वर्ग का कल्याण है ताकि परंपरागत रूप से पिछड़े हुए इस वर्ग के लोग सफल बना सकें उनके आत्मसम्मान में वृद्धि हो और भी समाज और देश के प्रगति में बराबर के साझेदार बन सकें। बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर ने सदैव जीवन भर गरीबों एवं वंचितों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कार्य किया। मुख्य अतिथि सत्यपाल सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी की पहल पर देश के करोड़ों वंचितों के आत्मबोध,सशक्तिकरण और उनके सम्मान हेतु भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर जी से जुड़े पांच स्थानों का पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से स्वदेशी रूप से विकसित नए भुगतान एप भीम का नाम भारत के संविधान के मुख्य वास्तुकार डा. भीमराव अंबेडकर जी के नाम पर रखा गया है।इस मौके पर संचालन कार्यक्रम संयोजक अर्जुन वाल्मीकि ने किया। संगोष्ठी में सतीश अरोरा चरण सिंह भारती राजबहादुर सैनी सुधीर महरोत्रा गजराम सिंह सुरेश अटल पंकज गुप्ता जयप्रकाश गुप्ता विपिन गुप्ता मुकुल कुमार रस्तोगी प्रभात शर्मा हरिओम शर्मा जयप्रकाश प्रजापति मनोज कठेरिया शरद शर्मा सभी मंडल अधयक्ष पारुल शर्मा संधया गर्ग निशि वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

# हरियाणा पुलिस के छापे के बाद से नजर में आ गई थी स्क्रैप फैक्ट्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** काफी समय से चल रही स्क्रैप फैक्ट्री में चोरी के वाहन काटे जाने की सूचना पर पुलिस ने भले ही अब छापमार कार्यवाही की हो लेकिन पूर्व में हरियाणा पुलिस के छापे के बाद से ही फैक्ट्री जिला पुलिस की नजर में आ गयी थी।

कैलादेवी थाना क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर के चल रही स्क्रैप फैक्ट्री पर छापा मारकर बड़े पैमाने पर कटे हुए वाहनों का सामान बरामद कर लिया। पुलिस ने हालांकि फैक्ट्री स्वामी समेत दो पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। रविवार को पुलिस अधीक्षक ने जिस तरह से जानकारी दी है उससे अंदाजा लगाया जाने लगा है कि अवैध रूप से चल रही स्क्रैप फैक्ट्री में चोरी के वाहनों को काटकर उसका सामान बेचा जाता था। इतना ही नही हरियाणा के भाजपा नेता के वाहन को भी इसी फैक्ट्री में काटा गया था। पूर्व में हरियाणा पुलिस ने फैक्ट्री में छापा मारा था, लेकिन स्थानीय पुलिस को इसकी खबर नहीं लग सकी थी बाद में जब इसका पता चला था तभी से पुलिस इस पर नजर रखने लगी थी। चूंकि फैक्ट्री पुलिस कार्यवाही करने को मौका देख रही थी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि मेरठ के सोतीगंज में वाहनों का जो कटान होता था उसी तरह कैलादेवी थाना क्षेत्र में भी चोरी के वाहनों का कटान एक गोदाम में किया जा रहा हैं हरियाणा पुलिस की कार्यवाही के दौरान थाना पुलिस नहीं जा पायी थी। अब जब पुलिस ने छापा मारा तो वहां सौ से ज़्यादा वाहनों के कटे हुए अवशेष मिले। इसकी जानकारी फैक्ट्री संचालक से जानकारी की गई तो वह कोई दस्तावेज नहीं दिखा पाये। पुलिस अधीक्षक के के विश्नोई ने बताया कि फैक्ट्री स्वामी समेत दो के खिलाफ धारा धारा 323 और 317 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होने बताया कि फैक्ट्री में कपिल सिंहल और उनके परिजनों द्वारा चोरी के वाहनों को काटा जा रहा था। पुलिस ने भले ही कार्यवही अब की हो,लेकिन माना जा रहा है कि पूर्व में हरियाणा के भाजपा नेता के वाहन को काटे जाने और हरियाणा पुलिस की कार्यवाही के बाद से ही जिला पुलिस की नजर में आ गयी थी।



सम्भल- ट्यूबवैल कोठरी में चोरी से गुस्साय किसान प्रदर्शन करते।

# ट्यूबवैल की कोठरी में नकब लगाकर स्टॉर्टर, केबिल चोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** बहजोई थाना क्षेत्र के गांव अतरासी और पवांसा में शनिवार की देर रात जंगल में स्थित निजी नलकूप की कोठरी में नकब लगाकर और ताले तोड़कर अन्नदाता के जो ब्यूबवैलों से स्टॉटर और केबिल लाइन चोरों द्वारा चोरी कर लिए गए। रविवार की सुबह 5:30 बजे किसान जब अपने निजी नलकूपों पर पहुंचे तब इसकी जानकारी हुई। जंगल में नौ निजी नलकूप की कोठरी से नकब लगाकर और ताले तोड़ कर चोरी होने की घटना से किसानों में हड़कंप मचा हुआ है। घटना की सूचना किसानों ने तत्काल पवांसा पुलिस चौकी प्रभारी को दी गई। मगर चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचने की जहमत नहीं उठाई। किसानों ने मजबूर होकर डायल 112 पुलिस को जानकारी दी। किसानों ने चोरी की घटनाओं को लेकर पुलिस की कार्यशैली को लेकर किसानों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए विरोध प्रदर्शन कर मामले की जांच पड़ताल के बाद रिपोर्ट दर्ज की मांग की है। गांव पवांसा निवासी पप्पू सिंह, अखिलेश कठेरिया और नीटू राघव, गांव अतरासी निवासी पूर्व प्रधाान रामवीर सिंह, राजवीर सिंह, कालीचरन,धर्मवीर यादव, प्रेम शंकर यादव और आरामी सिंह के जंगल में स्थित निजी नलकूप की कोठरी में नकब लगाकर और ताले तोड़कर स्टार्ट और केबिल लाइन चोरी कर ले गए। किसानों ने बताया कि शनिवार की रात को निजी नलकूप की कोठरी में सिंचाई के उपकरण रखकर ताला लगाकर घर चले गए थे।



सम्भल-लखनऊ में सम्मानित होते आरटीआई कार्यकर्ता साद उसमानी।

# लखनऊ में सम्मानित किए गए आरटीआई कार्यकर्ता साद उसमानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** लखनऊ के सहकारिता भवन में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय गोष्ठी एवं आरटीआई कार्यकर्ता सम्मान समारोह में सूचना के अधाकिार की आवाज बनने और इसका परचम लहराने में योगदान के लिए सम्भल जनपद के साद उस्मानी व अमित उठवाल एड. समेत देशभर के आरटीआई कार्यकर्ताओं को राइट टू इर्न्फोर्मेशन सम्मान-2025 से नवाजा गया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश शासन के पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। जबकि सामाजिक कार्यकर्ता एवं सर्तक नागरिक संगठन की प्रमुख अंजली भारद्वाज, मैगसे से पुरूस्कार विजेता संदीप पाण्डेय, लखनऊ बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुरेश पाण्डेय, सैंट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व मंत्री रजनीकांत दूबे, भाकियू समाज आरटीआई सैल के अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, भाकियू स्वराज के अध्यक्ष कुलदीप पाण्डेय, उ.प्र. कांग्रेस आरटीआई सैल के चौयरमैन पुष्पेंद्र भारद्वाज के अलावा पूर्व उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयुक्त रामकेश्वर सिंह, वीरेन्द्र सक्सैना, ज्ञानप्रकाश मौर्या व हाफिज उस्मान विशष्टि अतिथि के रूप में उपस्थति हुए। पंजीकृत संस्था सूचना का अधिकार बचाओ अभियान के तत्वाधान में आयोजित सम्मान समारोह की अध्यक्षता पूर्व जिला जज चन्द्रभूषण पाण्डेय व संचालन वरिष्ठ आरटीआई कार्यकर्ता देवेश मणि त्रिपाठी ने किया। इस कार्यक्रम में सूचना का अधिकार बचाओ अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष तनवीर अहमद सिददीकी, अशोक कुमार शुक्ला, विष्णु प्रकाश, अतुल किशोर, शवि शंकर अवस्थी, डा. दीपक शुक्ला, शान्तनु शुक्ला आदि अधविक्ताओं के साथ साथ आरटीआई कार्यकर्ता हरिशंकर खंडेलवाल, हरपाल सिंह ने बताया कि हाल ही में संसद द्धारा पारित डेटा प्रोटेक्शन बिल अब कानून का रूप ले चुका है। जिसके जरिये आरटीआई कानून को कमजोर करने की न सिर्फ चेष्टा की जाएगी। बल्कि यह कानून स्वतंत्र एवं निर्भीक पत्रकारिता करने वालों के लिए भी एक खतरे की घंटी है। कार्यक्रम में बिहार के विकलांग आरटीआई कार्यकर्ता रजी हसन, संजय आजाद, सफीर सिददकी व शहजाद सरवर ने भी प्रतिभाग किया।

## आप्रेशन मुस्कान में बालिका परिजनों को सौंपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई व एएसपी श्रीश्चंद्र के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार व थाना प्रभारी हयातनगर चमन सिंह के नेतृत्व में आपरेशन मुस्कान के अंतर्गत शनिवार को थाना हयातनगर पर मो. आरिफ पुत्र नवाब निवासी चमन सराय थाना कोतवाली सम्भल ने एक बच्ची उम्र करीब 03 वर्ष जो छोटे होने एवं भयभीत होने के कारण अपना नाम पता नहीं बता पा रही थी को बिजली घर कस्बा हयातनगर के पास रोती हुई मिली। पुलिस ने उसका पता लगाकर परिजनों को सौंपा।



सम्भल-सर्व ब्राह्मण समाज के कार्यक्रम को सम्बोधित करते।

# चमचमाती कार से चोरी कर ले जाए जा रहे थे बकरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**असमोली।** चमचमाती मेंहगी कार से बकरों को चोरी करने की घटना का अंजाम दिया जा रहा था। पुलिस ने रात्रि चैकिंग में चोरी कर ले जाये जा रहे बकरों समेत दो को धर दबौच लिया।

ईदेअदहा का पर्व नजदीक आता जा रहा है वैसे ही कुर्बानी के लिए बकरों की डिमांड बढ़ने लगी है। जबकि मुम्बई और दिल्ली में ले जाकर बकरों को ऊंचे दामों पर बेचने के लिए ले जाया जाता है। बकरों की कीमतें आसमान छूते ही बकरा चोरी की घटनाएं बढ़ जाती है। जिले में एसपी के के विशनोई के निर्देया पर अपराधियों के

**0पुलिस ने दो किए गिरफ्तार पांच रास बकरे बरामद**

खिलाफ जारी अभियान में असमोली पुलिस रात्रि में वाहनों की चैकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने चेवरोलेट स्पार्क कार सं. डी एल 9 सी टी 2692 को सैदपुर जसकोली से सफात नगर को जाने वाले रोड रवारा तिराहा के पास रोका गया। पुलिस ने वाहन से पांच रास बकरा बराए किए। पुलिस ने बकरा चोर दो अपराधियों को गिरफ्तार कर बकरों को बरामद कर लिया। बताया जाता है कि किसी को कोई शक न हो इसलिए बकरा चोर चमचमाती मेंहगी कार से सुनसान व इधर-उधर मौका देखकर बकरा चोरी करते थे। पुलिस ने अख्तर पुत्र सुबराती निवासी नूरियों सराय नई बस्ती थाना कोतवाली व मौ. फैजान पुत्र नकी अहमद निवासी मकान नं. 185 खैराती वाली गली मकबरा 02 मुगलपुरा थाना कटघर को गिरफ्तार किया।

## पूर्व चेयरमैन पुत्र फरदीन ने की शोभायात्रा में सेवा

**सम्भल।** नगर पालिका परिषद संभल के पूर्व चेयरमैन हाजी नुसरत इलाही जामई के निवास पर उनके पुत्र फरदीन इलाही के नेतृत्व में अम्बेडकर शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया। जयंती के मौके पर शोभायात्रा में शामिल लोगों को ठंडा पानी, कोल्ड्रिंक्स पिलाकर उनका स्वागत किया। फरदीन इलाही ने बोलते हुए कहा कि बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर ने हमे संविधान दिया। बाबा साहेब की जयंती पर निकाले जा रहे जुलूस में शामिल उनके अनुयायियों की सेवा कर काफी अच्छा महसूसा कर रहे हैं।

# ब्राह्मण समाज ने किए सम्पूर्ण समाज के हितार्थ कल्याणकारी कार्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सर्व ब्राह्मण समाज की ओर से, पुष्पांजलि पत्रिका का विमोचन कार्यक्रम डाक्टर्स कालोनी स्थित डा. सचिन सक्सेना मैमोरियल हेल्थकेयर हॉल में, साहित्यकार सविता चौरसिया की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ भगवान परशुराम के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके अनिल शर्मा, जे पी शर्मा, डा. संदीप शर्मा एवं अजय कुमार शर्मा ने किया।

**0सम्पूर्ण ब्राह्मण से अपने कर्तव्यों पर चिंतन करने का आह्वान**

इस अवसर पर मुख्य अतिथि जे पी शर्मा ने शिक्षा पर बल देते हुए,संपूर्ण ब्राह्मण समाज से अपने कर्तव्यों पर चिंतन करने का आहवान किया। साथ ही वादा किया कि एकजुटता न होने के कारण ही आज ब्राह्मण समाज पर अत्याचार किया जा रहा है और आरक्षण ने सबसे अधिक ब्राह्मण समाज को क्षति पहुंचाई है। विशिष्ट अतिथि अनिल शर्मा ने कहा कि आज हमें संगठनात्मक एवं रचनात्मक तरीके से एकजुट होकर अच्छे समाज का निर्माण करना चाहिए जिससे संपूर्ण मानव जाति का कल्याण हो सके। कार्यक्रम अध्यक्ष सविता चौरसिया ने विप्र समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने हेतु ऐसे मिलन समारोह को आवश्यक बताया, उन्होंने आगे कहा कि ब्राह्मण समाज की शक्ति से न केवल कुछ परिवार मजबूत होते हैं, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र सशक्त होता है। मंडल अध्यक्ष संजीव सारस्वत ने ब्राहमण बंधुओं से राजनीतिक रूप से सक्रिय रहने की गुहार लगाई। डा. संदीप शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज के पिछड़ने का कारण आपसी बैरभाव है, गरीब ब्राह्मणों को किसी भी सरकारी योजना का लाभ प्राप्त नहीं हो पाता क्योंकि उसे जाति के आधार पर ही धनी मान लिया जाता है। समाजसेवी निशिकांत तिवारी, उमेश शर्मा, नंदलाल मणि त्रिपाठी, श्रीपाल शर्मा, शिव कुमार चंदन, संजीव शर्मा, राजकुमार शर्मा एवं केद्र केद्र मिश्रा ने ज्ञानप्रकाश उपाधयाय द्वारा संपादित पुष्पांजलि पत्रिका का विमोचन किया तथा ऐसी सुन्दर पत्रिका संपादित करने के लिए सम्पादक मंडल की प्रशंसा की। इस अवसर पर हरिओम शर्मा, सुशील शर्मा, सुमंत शुक्ला, गंगन शर्मा, राहुल शर्मा, सुभाष चंद्र शर्मा, भूकेन्द्र शर्मा, पूनम शुक्ला, स्वामी, नवीन प्रकाश शर्मा, मुकेश शर्मा आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सविता चौरसिया ने संचालन ज्ञानप्रकाश उपाध्याय एवं अतुल कुमार शर्मा ने किया

★शाह टाइम्स★
खबरे छुपाता नही, छापता है।

# कलयुगी बेटे ने 80 वर्षीय पिता को जान से मारने की दी धमकी

● पिता के अनुसार, चन्दौसी में पूर्व में रहा है अपराधिक इतिहास, मकान खाली कराने व कब्जा कराने में निभाता है अहम भूमिका

**चन्दौसी।** अपराधी, अपराधी होता है क्योंकि उसके डीएनए में अपराधिक गतिविधियां कूट-कूट कर भरी होती हैं। मतलब परस्त आदमी चाल फेर कर अपने जैसे लोगों को संगठित कर उनकी गिरोह बनाकर अपराधिक गतिविधियों में लिप्त होकर अकूत सम्पत्ति का मालिक बनना चाहता है। पार्टी का चोला पहन कर अपने अधिकारों का प्रयोग कर पार्टी की छवि धूमिल कर उसकी शाख खराब करता है। हम एक ऐसे पर्यावरणविद् की बात कर रहे हैं कि जहां भी उसके चरण पडते हैं उस घर परिवार का पर्यावरण प्रदूषित हो जाता है। वहीं कई प्रतिष्ठित परिवारों को अपने गिरोह के सदस्यों के माध्यम से रंगदारी, मोटी धन वसूली की बात कर लोगों से उगाही कराने का पूरा ठेका लेकर चन्दौसी में पिछले तीन वर्षों से अशांति फैला रखी है। अब कहीं से वसूली नहीं हुयी तो अपने वंशागत डीएनए पर ही पैतरा अजमाना शुरू कर दिया। उसने समय-समय पर अपने नाम बदलकर अपराध करने के तरीके बदले अब अपने ही परिवार पर उन फार्मूलों का अपनाना शुरू कर दिया है। हालांकि यह भी चर्चा में है कि रेप मामले में गायत्री प्रजापति के खिलाफ गवाही देने में उसने सरकार से सुरक्षा के लिए गनर हासिल कर लिये। अब उन्हीं गनरों का साथ लेकर जगह-जगह सरकार का प्रतिनिधि एवं पर्यायवरणविद बनकर अलीगढ से चन्दौसी के कई सभ्रांत परिवारों पर झूठे केस लगवाकर उनकी प्रतिष्ठा धूमिल करने में लगा है। अब पर्यायवरणविद् के पिता ने उससे तंग आकर कोतवाली की शरण ली जिसमें उन्होंने अपने सौतेले बेटे पर आरोप लगाया है कि उन्हें देवी मौहल्ले वाली गली चन्दौसी में पकड लिया और दो घंटे में मकान खाली करने की धमकी देते हुए जान से मारने की धमकी दी है एवं पिता पर गनर की एलएमजी तान दी। पिता का आरोप है कि उनका बेटा अपराधिक गतिविधियों के कारण घर से चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल है। वहीं कई जघन्य अपराधों में चन्दौसी कोतवाली में लिप्त होना बताया परंतु कोतवाली रिकॉर्ड में मात्र एक केस दर्ज पाया जबकि पिता ने उसे श्रीरामलला शक्ति नगर में हुई डकैती में लिप्त बताया गया। वहीं पूर्व में जानी दुश्मन रहे विभिन्न अपराधों में लिप्त मुनीष शर्मा से हाथ मिला लिया है। जहां उसके साथ मंदिर परिसर में मीटिंग कर रोजाना नयी-नयी वसूली की योजना बनाता है। हालांकि भावी ट्रांसपोर्ट जगह खाली करने के समय पर्यावरणविद् द्वारा लिफाफे छीनने के कारण एक दूसरे के जानी दुश्मन बन गये, फिर व्यापारियों को टारगेट बनाकर अपने सदस्यों के साथ दो परिवारों के मध्य मोटी वसूली कर प्रयास किया परंतु मामला उल्टा पड़ गया। हालांकि प्रयास था कि एक व्यापारी से करोड़ों मिलेंगे पर धेला हाथ नहीं आया। पिता का आरोप है कि भले ही समाज में अपनी दूसरी पहचान बनाने का प्रयास कर कृष्ण चौतन्य का लवादा ओढ़ लिया पर 80 वर्षीय पिता पर हाथ उठाने वाला जब पिता का नहीं हुआ तो किसका हो सकता है। पिता ने अपने बेटे को ले जाकर कलयुगी पुत्र के खिलाफ तहरीर दी है।

वहीं पुलिस ने देवी मौहल्ले में पहुंचकर जांच शुरु कर दी है। उधर बेटे द्वारा भी अपने पिता के खिलाफ आईजीआरएस पोर्टल पर डालकर फर्जी रुप से नये शिकार पर डोरे डालने शुरु कर दिये हैं परंतु पिता का कहना है कि यह अपने शैडो के साथ बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है।



# पूर्व सांसद गिरीश चन्द्र की पुन: बसपा पार्टी में वापसी होने पर किया गया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** विधानसभा के बहुजन समाज पार्टी के समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने नगीना से पूर्व सांसद व पूर्व विधायक चन्दौसी गिरीश चन्द्र को बसपा में पुन: वापसी होने पर बहन कु० मायावती राष्ट्रीय अध्यक्षा व पूर्व मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। तथा बहन जी के निर्णय से खुश होकर समस्त कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया। गिरीश चन्द्र ने समस्त कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सब लोग आपस में भाईचारा बढाकर बहुजन समाज पार्टी को मजबूत करे। 2027 में पार्टी को मजबूत कर बहन कु० मायावती को उ०प्र० का पांचवी बार मुख्यमंत्री बनाना है। इस दौरान रिटायर्ड बैंक मैनेजर व वरिष्ठ समा. जसेवी डी०के० सिंह, ओमप्रकाश, नेकराम, सुभाष, सोमपाल सिंह प्रजा. पति, बदन सिंह आदि के सैकडों की संख्या में बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।



# पीएम श्री विद्यालय पाठकपुर का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**चन्दौसी।** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई द्वारा विकासखंड बहजोई के पीएम श्री विद्यालय पाठकपुर का निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं मेरा विद्यालय स्वच्छ विद्यालय की गतिविधियां कराने के लिए संबंधित को निर्देशित किया तथा पूर्व इंचार्ज प्रधानाध्यापक राजू यादव को वर्तमान इंचार्ज प्रधानाध्यापक विनोद कुमार को अभिलेख सौंपने के लिए निर्देशित किया। विद्यालय के कार्यों में लापरवाही बरतने पर पूर्व इंचार्ज प्रधानाध्यापक राजू यादव का स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए तथा विद्यालय में किये गये व्यय को लेकर सत्यापन कराने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा तथा जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक विनोद कुमार तथा अन्य अध्यापक गण तथा संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



ब्लॉक बनियखेडा, पंवासा और बहजोई के खण्ड शिक्षा अधिकारी ने क्षेत्र में बिना मान्यता के चल रहे विद्यालयों के संचालकों को नोटिस देकर उनके खिलाफ की कार्रवाई

# बनियाखेड़ा ब्लॉक के 12 स्कूलों पर की गई कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** पंवासा, बनियाखेड़ा, बहजोई के खण्ड शिक्षा अधिकारी एम एल पटेल ने पंवासा विकासखंड क्षेत्र में बिना मान्यता के चल रहे 23 और बहजोई 06 अमान्य स्कूलों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही की है। जबकि दो बार विभागीय नोटिस देने के बाबजूद विद्यालय बंद नहीं करने वाले 29 स्कूलों के संचालकों को एक-एक लाख रूपये का नोटिस जारी कर अब स्कूल खोलने के दिन से दस हजार रूपये प्रतिदिन के हिसाब से अर्थदंड वसूलने की कार्यवाही करने की चेतावनी दी है। जिससे बिना मान्यता के फर्जी रूप से चला रहे स्कूलों के संचालकों में हडकंप में मच गया। पंवासा और बहजोई के खण्ड शिक्षा अधिकारी एम एल पटेल ने बताया कि उनके द्वारा प्रधानाध्यपक, नोडल शिक्षक स्कूलों से बिना मान्यता के सत्यापन कराया गया। पंवासा विकास खण्ड में 23 जबकि बहजोई विकास खण्ड में 06 विद्यालय बिना मान्यता के चलते मिले। जिनके संचालकों को स्कूल बंद करने हेतु प्रत्येक को दो-दो नोटिस दिये गये हैं। नोटिस देने के उपरांत भी बिना मान्यता के विद्यालय संचालित कर रहे हैं। ऐसे विद्यालयों पर आरटीई एक्ट के अन्तर्गत अर्थ दण्ड निर्धारित करने हेतु समस्त विद्यालयों को बिना मान्यता के संच. ालन करने पर विद्यालयों को बंद करने हेतु उनके कार्यालय द्वारा नोटिस दिये गये। जबकि खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 16 अप्रैल को यह नोटिस क्षेत्र के सभी 29 विद्यालयों के संचालकों को को जारी किया गया था। इसमें करीब प्रत्येक विद्यालय पर कम से कम एक लाख रूपये अर्थदंड लगाया जायेगा। जिलाधिकारी राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के तहत खण्ड शिक्षा अधिकारी की कार्यवाही से जिले के सभी स्कूल संचालकों में हडकंप मच गया।

इधर चन्दौसी तहसील के बनियाखेडा ब्लॉक में खण्ड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार ने निरीक्षण के दौरान आर०एस० मा० पब्लिक स्कूल फरीदपुर खास, मदरसा फातिमा तुज जहर विल वीनत व रायल नर्सरी स्कूल जनैटा, जयराम बाल विद्या मंदिर विचौटा काजी, मेहरूल उलूम इस्लामिक मार्डन एजूकेशन कल्चरल सोसाइटी ग्राम मई, एमजेपी प्रेय स्कूल ग्राम पल्था मिठनपुर, एस०एस० शिक्षा निकेतन बलकरनपुर, ओपीएस इंटरनेशनल एकेडमी कुढफतेहगढ, शांति देवी मैमो० स्कूल कुढफतेहगढ, आर०क. े० पब्लिक सकेल मानकपुर नरौली, एमकेएम पब्लिक स्कूल मानकपुर नरौली, सरस्वती ज्ञान मंदिर ग्राम कुढ फतेहगढ आदि स्कूलों पर अनिमिताएं व मानक पूरे न होने के कारण कार्यवाही की।

उन्होंने बताया कि जनपद सम्भल में बिना मान्यता के फर्जी तरीके से चल रहे स्कूल संचालकों के ऊपर कार्यवाही की जा रही है।

## एक नजर

### टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने किया विदाई समारोह

**चन्दौसी।** टीचर्स सेल्फ केयर टीम द्वारा चंदौसी इंटर कॉलेज चंदौसी के तत्वाधान में जिला सम्भल टीचर्स सेल्फ केयर टीम के ऐसे सदस्य जो मार्च माह में अपनी सेवा से रिटायर हो चुके हैं, उनका विदाई समारोह आयोजित किया गया। रिटायर होने वाले अध्यापको में ब्लॉक सम्भल से मोअज्जम अली, सतीश.



चंद्र शर्मा, खुर्शीद अकरम और ब्लॉक बनियाखेड़ा से भूपसिंह रावत और प्रज्ञा अग्रवाल शामिल थे। ब्लॉक सम्भल द्वारा सभी को विशेष उपहार दिए गए। कार्यक्रम में सभी जिला टीम और ब्लॉक टीम सदस्यों को उनके बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष कविता शर्मा द्वारा किया गया। जिला संयोजक शाकुल गुप्ता द्वारा समस्त रिटायर्ड अध्यापकों को धन्यवाद दिया गया तथा उनसे आगे भी सहयोग देने की अपील की गयी। कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता सतेंद्र सिंह, जिला आईटी सेल प्रभारी गौरव परिहार, जिला सह संयोजक सचिन सिंह, नइमुद्दीन अली अहमद, मनमोहन सिंह, गजेंद्र पाल सिंह तथा ब्लॉक सह संयोजक छन्नू कुमार, मधुर वार्ष्णेय, देवदत्त कुमार, विपिन कुमार, सचिन शर्मा, पंकज कुमार, पीतम सिंह, अखिलेश कुमार, योगेंद्र सिंह, मुनीश कुमार, विश्वजीत सिंह, ऋषभ सक्सेना, पिंकी, पूनम सैनी, अश्वनी, देवदत्त शर्मा, पुनीत कुमार, हिमांशु आदि उपस्थित रहे।

### अंबेडकर जयंती पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन

**चन्दौसी।** रविवार को संभल के बी.डी. इंटर कॉलेज में संविधान निर्माता भारत रत्न बाबासाहेब डॉ भीमराव रामजी आंबेडकर सम्मान अभियान जिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सत्यपाल पाल सैनी भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व सदस्य विधान परिषद एवं पुष्कर मिश्र निदेशक रजा लाइब्रेरी रामपुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, दीनदयाल



उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत पीडित परिवारों को 85000 से 8.25 लाख तक की सहायता का प्रावधान, वर्ष 2024 25 में 13436 व्यक्तियों को १६७.४६ करोड़ की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। अंबेडकर जयंती के अवसर पर वर्ष २०२५ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम का नामकरण बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के नाम पर करने की घोषणा की। इस अवसर पर सतीश अरोरा, चरण सिंह भारती, राजबहादुर सैनी, सुधीर महरोत्रा, गजराम सिंह, सुरेश अटल, पंकज गुप्ता, जयप्रकाश गुप्ता, विपिन गुप्ता, मुकुल कुमार रस्तोगी, प्रभात शर्मा, अर्जुन वाल्मीकि, हरिओम शर्मा, जयप्रकाश प्रजापति, मनोज कठेरिया, शरद शर्मा, पारुल शर्मा, संध्या गर्ग, निशि वार्ष्णेय, मोक्षिका शर्मा, तरन्नुम, परवीन आदि मौजूद रहे।

### बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार को लेकर किया प्रदर्शन

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय युवा उधोग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में दंगा प्रभावित मुर्शिदाबाद को लेकर ममता सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने




कहा बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार हो रहा है रोज हिंदुओं की हत्या की जा रही है महिलायों के खिलाफ खुलेआम अत्याचार किये जा रहे व्यापारियों की दुकानें लूटी जा रही है पर ममता सरकार अपनी आंखों पर पट्टी वान्धे बैठी है।

बंगाल दंगों की आग में जल रहा है चुन चुन कर हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है ममता सरकार कुम्भकर्ण की नींद सो गई है केंद्र सरकार तत्काल बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाये। इस दौरान प्रदर्शन में राजू चड्डा, शुभम अग्रवाल, मोहित सिंह, शिशिर वार्ष्णेय, नितिन रस्तोगी, विशाल, गौरव सिंह, सचिन रहोली, संजू पाल, अशोक सिंह, संजीव आदि मौजूद रहे।

# ग्राम चौपाल के अन्तर्गत कराए गए विकास कार्यों की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** विकासखंड जुनावई के उच्च प्राथमिक विद्यालय काशीपुर ( कछुए वाला गाँव) में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई के अध्यक्षता में ग्राम चौपाल गाँव की समस्या, गाँव में समाधान तथा पर्यावरण के प्रबंधन में जल जीव जंतुओं का योगदान विषय पर संवाद का आयोजन किया गया तथा विभिन्न विभागों जैसे स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा कैम्प एवं शासन की योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाए गये ताकि ग्रामीण लोग शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि कछुए से हमें सीखना चाहिए, कछुआ बहुत ही सहनशक्ति वाला जीव होता है। यह भगवान विष्णु के अवतार के रूप में भी जाना जाता है।यह सृष्टि की उत्पत्ति एवं सृष्टि के विनाश का प्रतीक है।कछुए के सेवा करने से समृद्धि एवं दीर्घायु प्राप्त होती है। जिलाधिकारी ने कहा कि १२ मई को कछुआ जंयती है इसको अच्छे से मनाया जाए। पुलिस अधीक्षक ने काशीपुर के प्रधान द्वारा ग्राम में पुलिस चौकी बनवाने के लिए दान की गयी भूमि के विषय में भी बताया।उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से जनपद के अख्बंदपुर ग्राम को पूरी तरीके से वाद मुक्त गाँव बनाया जा रहा है, इस प्रकार इस गाँव में भी विवादों का सर्वे कराते हैं समस्याओं का निस्तारण किया जाए। तथा इसको भी वाद मुक्त गाँव बनाया जाए। प्रत्येक ग्राम वासी मैं की भावना के स्थान पर हम की भावना अपनाते हुए इस गाँव को तरक्की के मार्ग पर ले जा सकते हैं।मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने कहा कि विकासखंड जुनावई के ग्राम काशीपुर को कछुए वाला गाँव के नाम से भी जाना जाता है क्योंकि यहाँ के तालाब में लुप्तप्राय प्रजाति के कछुए पाये जाते हैं।

उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति ने सभी जीव जंतुओं के कल्याण की बात की है, यही हमारी संस्कृति की विशेषता है। पर्यावरण प्रबंध करें एवं सभी जीव जंतुओं का सम्मान करें। पर्यावरण अनुकूल हमारे गाँव एवं सरोवर बन जाएंगे तो हमारा देश अच्छे से आगे बढेगा। अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि वह इस गाँव में पहली बार मई माह २०२४ ई को आयीं थीं तथा ५ जून २०२४ को इस तालाब को साफ कर इसका इसके सौन्दर्यीकरण का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि कछुए में भगवान विष्णु का वास होता है। जब उनको पता चला कि इस गाँव के तालाब में लुप्तप्राय प्रजाति के भारतीय सॉफ्टशेल कछुआ नीलसोनिया गंगेटिका वास करते हैं, परन्तु वह तालाब काफी गंदा रहता है। ऐसी स्थिति में इस गाँव के ग्रामीण के सहयोग से इस तालाब की



साफ सफाई की गयी। उन्होंने बताया कि गाँववासी इन कछुओं की सुरक्षा भी करते हैं । उन्होंने कहा कि आज यह पूरी दुनिया के लिए मिशाल है और उन्होंने कहा कि इन कछुओं के कारण इस गाँव को काफी प्रसिद्धि प्राप्त हो रही है तथा भविष्य में पर्यटन की भी संभावना यहाँ बनेगी तथा दूर दूर से यहाँ लोग आएंगे। अत: सभी ग्रामवासियों की यह जिम्मेदारी भी बनती है कि यह गाँव पूरी तरह से साफ स्वच्छ रहे तथा यहाँ के विद्यालय भी अच्छे हो तथा उन्हें पढ़ाई का स्तर भी गुणवत्ता पूर्ण हो तथा बच्चे भी अपनी पढाई पर विशेष फोकस करें। जिला विकास अधिकारी राम आशीष ने कहा कि शासन द्वारा अमृत सरोवर २.४ शुरू किया जा रहा है, इस तालाब को अमृत सरोवर का रूप दिया जाएगा। आर्किटेक्ट के माध्यम से इसका डिजाइन भी तैयार कराया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने महाराष्ट्र के ग्राम हिवरे बाजार एवं रालेगण सिद्धि में उनके नेतृत्व में गयी १५ सदस्यीय टीम द्वारा वहाँ जल संरक्षण, पशुओं के लिए चारा संरक्षण आदि पर अपने अनुभव साझा किये। उन्होंने कहा कि पशुपालन के माध्यम से प्रत्येक परिवार को आजीविका प्राप्त हो सकती है। एएनसी चौक अप शत प्रतिशत संतृप्तिकरण कराने के निर्देश दिए। विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति के विषय में जानकारी प्राप्त की तथा बच्चों की उपस्थिति एवं गुणवत्ता को लेकर जुनावई के खंड शिक्षा अधिकारी को कठोर चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए और उन्होंने कहा कि बिना मान्यता तथा अधोमानक वाले प्राइवेट स्कूलों को बंद कराया जाए। अगर यह संज्ञान में आये कि कोई आशा प्राइवेट अस्पतालों में डिलीवरी के लिए भेज रही है। मंच का संचालन जिला विकास अधिकारी राम आशीष द्वारा किया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, एवं,परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान कार्यक्रम का जिला पंचायत राज अधिकारी ने किया शुभारंभ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) अभियान के अंतर्गत जनपद मुरादाबाद के जिला स्तरीय अधिकारीगण मीडिया प्रतिनिधिगण एवं मॉडल ग्राम पंचायतों के प्रधानगण का सतत विकास के स्थानीय लक्ष्यों, जी०पी०डी०पी०, एवमं पी० डी०आई० विषयों पर एक दिवसीय अभिमुखीकरण प्रशिक्षण उपनिदेशक पंचायत मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद के निर्देशन मे पंचायत भवन सभागार मुरादाबाद में किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक ईशांत कुमार शर्मा ने जी०पी०डी०पी० में सतत विकास के स्थानीय लक्ष्यों (एलएसडीजी) को शामिल करने व सतत विकास के स्थानीय लक्ष्यों की नौ थीमो के विषय में समझाया। डिपीआरसी फैकल्टी संभल डॉ नवनीत शेखर सिंह ने ग्राम पंचायत विकास योजना को बनाने के पांचों चरणों के विषय में विस्तार से समझाया। डिपीआरसी फैकल्टी अमरोहा सतेन्द्र शर्मा ने पंचायत विकास सूचकांक (पी० डी०आई०) के सुधार मे पंचायत से जुड़े सभी विभाग जैसे कृषि विभाग, जल विभाग ( ग्रामीण),मत्स्य पालन विभाग, युवा एवं खेल विभाग , आजीविका मिशन, ग्रामीण विकास विभाग एवं अन्य सभी विभागों के योगदान का महत्व से परिचय करायाद्य अपर जिला पंचायतराज अधिकारी विवेकाननंद ने सतत विकास के स्थानीय लक्ष्यों , जीपीडीपी, एवमं पी० डी०आई० के माध्यम से ग्राम पंचायतों मिलने वाले पुरुस्कारों के विषय में विस्तारपूर्वक चर्चा की। आवरण अग्रवाल,कु० खुशी, अब्दुल कादिर, छूनन अली ने विशेष सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान, कृषि विभाग, जल विभाग ( ग्रामीण) ,मत्स्य पालन विभाग, युवा एवं खेल विभाग, आजीविका मिशन, ग्रामीण विकास विभाग,शिक्षा विभाग के अधिकारी व उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**बेदखली/सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

**मैं सिराजुलहक पुत्र हसन रजा आयु लगभग 75 वर्ष निवासी ग्राम व पोस्ट शरीफनगर, तहसील व थाना ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद** अपने छह पुत्रों व उनकी पत्नियों **क्रमश:** अब्दुल कादिर तथा उसकी पत्नी श्रीमती सोनी व मोबीन तथा उसकी पत्नी श्रीमती राशिदा व अजीम तथा उसकी पत्नि श्रीमति कलसूम व यूसुफ व हारून तथा उसकी पत्नी श्रीमति साजिया व यूनुस तथा उसकी पत्नि श्रीमति फिज़्जा के दुर्व्यवहार से तंग आकर इनको अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद करने की घोषणा करता हूं। भविष्य में समाज के प्रति इनके किसी भी कृत्यों, व्यवहार , लेनदेन आदि के प्रति मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मैंने अपने पुत्र एजाद अली को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में एजाद अली के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **मौ. अय्यूब पुत्र अब्दुल शकूर निवासी लाकड़ी फाजलपुर, थाना मझोला, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**नाम व जन्मतिथि संशोधित सूचना**

**मेरी पत्नी का सेवा पुस्तिकाकरण में नाम शबाना खातून दर्ज है जो गलत है, वास्तव में मेरी पत्नी का सही नाम साबना खातून (SABANA KHATUN) है। मेरी पत्नी की जन्मतिथि सेवा पुस्तिका में 19.02.1984 दर्ज है जबकि आधार कार्ड व पेन कार्ड के अनुसार सही जन्मतिथि 19.01.1980 है। निशार अली पुत्र मुश्ताक अली निवासी ग्राम सिढावली पोस्ट जहाँगीरपुर तहसील ठाकुरद्वारा मुरादाबाद।**

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, मुरादाबाद।**

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

पत्रांक :- 1532/ई0 निविदा/2025-26 दिनांक :- 15.04.2025

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, मुरादाबाद द्वारा क0सं0-1 से 6 तक पर अंकित कार्यो के लिए ए.बी.सी व डी श्रेणी (मार्ग श्रेणी) में पंजीकृत पात्र निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रसं | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा काल सहित) | निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी व जी0एस0टी सहित (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | मुरादाबाद | सहायक अभियन्ता-प्रथम, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, मुरादाबाद के अन्तर्गत पड़ने वाले राज्य मार्गो, प्रमुख जिला मार्गो व अन्य जिला मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। | 32.00 | 3.20 | 12 माह | 300+500+54 =854 |
| 2 | मुरादाबाद | सहायक अभियन्ता-द्वितीय, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, मुरादाबाद के अन्तर्गत पड़ने वाले राज्य मार्गो, प्रमुख जिला मार्गो व अन्य जिला मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। | 32.00 | 3.20 | 12 माह | 300+500+54 =854 |
| 3 | मुरादाबाद | सहायक अभियन्ता तृतीय, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, मुरादाबाद के अन्तर्गत पड़ने वाले राज्य मार्गो, प्रमुख जिला मार्गो व अन्य जिला मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। | 32.00 | 3.20 | 12 माह | 300+500+54 =854 |
| 4 | मुरादाबाद | सहायक अभियन्ता प्रथम, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, मुरादाबाद के अन्तर्गत पड़ने वाले ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। | 32.00 | 3.20 | 12 माह | 300+500+54 =854 |
| 5 | मुरादाबाद | सहायक अभियन्ता द्वितीय, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, मुरादाबाद के अन्तर्गत पड़ने वाले ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। | 32.00 | 3.20 | 12 माह | 300+500+54 =854 |
| 6 | मुरादाबाद | सहायक अभियन्ता तृतीय, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, मुरादाबाद के अन्तर्गत पड़ने वाले ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। | 32.00 | 3.20 | 12 माह | 300+500+54 =854 |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 22.04.2025 से 28.04.2025 है जो कि दिनांक 28.04.2025 को समय दोपहर 12.00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 28.04.2025 को समय दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा के नियम/शर्तें और विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। शासनादेश सं-879(1)/23-7-2020 दिनांक 25-08-2020 एंव प्रमुख अभियन्ता (विकास) एंव विभागाध्यक्ष के पत्रांक-4650/4एग-एल0सी0/2020 दिनांक 27.08.2020 के अनुरूप निविदादाता को प्रहरी यू0आर0एल0 http://wms.uppwd.gov.in/prahari/ पर लॉग इन कर आवश्यक अभिलेख अपलोड करने होगें। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
मुरादाबाद

(कुलदीप सन्त)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
मुरादाबाद
(महामहिम राज्यपाल की ओर से)

UPID-232618, DATE-17/04/2025
WEBSITE-www.up.gov.in

## डॉ.अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा की जिला संगोष्ठी आयोजित

# बाबा साहब के सपनों को साकार कर रही भाजपा सरकार: तोमर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित 'भाजपा सम्मान अभियान जिला संगोष्ठी' में प्रदेश के ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ. सोमेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार ने बाबा साहब के सपनों का साकार करने का काम किया है। आज केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा बाबा साहब के संविधान पर चलते हुए दलितों, पिछड़ों व वंचितों के हितार्थ अनेकों कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। रविवार को नगर के आरपी वेंकट हॉल में आयोजित गोष्ठी में ऊर्जा राज्य मंत्री ने कहा कि बाबा साहब ने हमेशा दलितों, पिछड़ों और कमजोरों की लड़ाई लड़ी, अब भाजपा की केन्द्र व प्रदेश सरकार उनकी नीतियों पर काम करते हुए अंतोदय तक विकास कर रही है। भाजपा के प्रदेश मंत्री चन्द्रमोहन सिंह ने भी बाबा साहब के व्यक्तित्व पर रोशनी डालते हुए भाजपा सरकार की नीतियों से भी रूबरू कराया। संगोष्ठी को मण्डी धनौरा विधायक राजीव तरारा, पूर्व विधायक हरपाल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, जिपं सदस्य डॉ.सोरन सिंह व पवनीत दिवाकर, अभियान संयोजक व जिला उपाध्यक्ष चौ. विरेन्द्र सिंह, कार्यक्रम संयोजक भाजपा अनुसूचित के जिलाध्यक्ष रामरतन सिंह जाटव आदि ने भी संबोधित किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने दोनों मुख्य अतिथियों का फूल मालाएं पहनाकर व बाबा साहब का चित्र भेंट करके अभिनंदन किया। इस अवसर पर चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा, हसनपुर ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर, हेम सिंह आर्य, धर्मेन्द्र चौधरी, सुनील गुप्ता, उत्तर सिंह प्रजापति, महेश प्रधान, महेन्द्र सिंह प्रजापति, वीर सिंह सैनी, डॉ. राजीव शुक्ला, डॉ.आशुतोष भूषण शर्मा, रविराज सिंह, विपिन सागर, मनमोहन सिंह सैन, अंकुर नागर, होशियार सिंह, अंजु जाटव, सुरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं जिपं सदस्य डॉ.सोरन सिंह ने अपने आवास पर ऊर्जा राज्यमंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर व प्रदेश मंत्री भाजपा चन्द्रमोहन सिंह का अंगवस्त्र एवं भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंट करके स्वागत किया। वहीं भाजपा नेता अंकुर नागर के आवास पर भी ऊर्जा राज्यमंत्री डॉ.सोमेन्द्र तोमर व प्रदेश मंत्री चन्द्रमोहन सिंह का स्वागत किया गया। वहीं ऊर्जा मंत्री के आगमन के चलते पुलिस की कड़ी सुरक्षा रही।

**■ भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया ऊर्जा मंत्री का स्वागत**




■ गजरौला। भाजपा की जिला स्तरीय गोष्ठी को संबोधित करते ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ.सोमेन्द्र तोमर।

## स्टंटबाज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** नगर के रहरा बस स्टैंड पर कार से स्टंट करने का वीडियो वायरल होने के बाद कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी का चालान कर कार सीज कर कानूनी कार्रवाई की गई। 17 अप्रैल को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुई थी जिस वीडियो में कुछ युवक कार की छत पर बैठकर स्टंट कर रहे थे वीडियो वायरल होते ही कोतवाली पुलिस ने संज्ञान लिया और स्टंटबाजी करने वाले शाहरुख निवासी ग्राम सोहरका पट्टी थाना गजरौला को गिरफ्तार कर धारा 207 में उसका चालान कर दिया तथा गाड़ी को सीज कर दिया गया। कस्बा इंचार्ज संदीप पवार द्वारा बताया गया की वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए आरोपी का चालान कर गाड़ी को सीज कर दिया गया है।

# बिना अनुमति के होर्डिंग लगाए तो होगी कार्रवाई




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** नगर पालिका परिषद की बिना अनुमति के होल्डिंग लगाने वालों की अब खैर नहीं है। पालिका ने अभियान चलाते हुए सरकारी स्थान पर लगे होल्डिंग को उतार कर अपने कब्जे में ले लिया।

नगर में जगह-जगह लग रहे प्रचार प्रसार के होल्डिंग को उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पालिका कर्मचारियों द्वारा हटवाया गया। पालिका प्रशासन के अनुसार यह अभियान लगातार चलाया जायेगा। अब बधाई संदेश एवं प्रचार प्रसार के लिए पहले पालिका से अनुमति लेनी पड़ेगी। अब नगर में बधाई एवं प्रचार प्रसार के होल्डिंग लगाने से पूर्व नगर पालिका परिषद कार्यालय से अनुमति लेनी आवश्यक है। रविवार को उच्च अधिकारियों के निर्देश पर नगर पालिका की टीम द्वारा नगर के अंबेडकर पार्क से लेकर ब्लॉक तिराहे तक बधाई एवं प्रचार के लगे हुए होल्डिंग को हटवाया गया और उन्हें पालिका कार्यालय ले आई। पालिका की कार्रवाई से जहां होल्डिंग लगाने वालों में हड़कंप मच गया। वही नगर को साफ स्वच्छ रखने वालों के दिलों में खुशी है। नगर पालिका के बाबू दिनेश कुमार द्वारा बताया गया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर प्रचार के होल्डिंग हटाए गए हैं।अब प्रचार प्रसार के होल्डिंग लगाने से पूर्व नगर पालिका की अनुमति आवश्यक है और यह अभियान प्रतिदिन चलेगा।

# चचेरी बहन से दुष्कर्म करने वाले को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** सगी चचेरी बहन के साथ दुष्कर्म किये जाने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

कोतवाली क्षेत्र के हल्का नंबर 5 में स्थित एक गांव में शुक्रवार की देर शाम 20 वर्षीय सगा तहेरा भाई अपनी सगी नौ वर्षीय चचेरी बहन को देर शाम आई आंधी के चलते जंगल में स्थित भूसे पर तिरपाल डालने के बहाने बाइक पर बैठाकर जंगल में ले गया था। जहां उसने रिश्तो को शर्मसार करते हुए बहन के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। जिससे छात्रा की हालत बिगड़ गई थी। परिजनों द्वारा आरोपी के



खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की गई थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पोक्सो एक्ट समेत संबंधित धाराओं में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। प्रभारी निरीक्षक वरुण कुमार ने बताया कि आरोपी लोकेश पुत्र खूबचन्द निवासी ग्राम लुहारी खादर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# यीशु मसीह के जिंदा होने पर दी मुबारकबाद

## ईसाई समाज ने प्रभातफेरी भी निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** यीशु मसीह के तीसरे दिन जिंदा होने पर ईसाई समाज के लोगों ने एक दूसरे को मुबारकबाद देते हुए खुशी का इजहार किया। प्रभात फेरी भी निकाली गई।

रविवार को नगर के सेंट जॉन्स चर्च में प्रभु यीशु मसीह तीसरे दिन जीवित हुए तो ईसाई समाज के लोगों ने खुशी का इंतजार करते हुए एक दूसरे को मुबारकबाद दी। पादरी सुशील मसीह द्वारा धर्मशास्त्र पढ़ा गया। उन्होंने बताया कि दुनिया की सृष्टि के आरंभ में आदम व हव्वा का आना हुआ था। प्रभु यीशु मसीह ने मृतकों में से पुनर्जिवित होकर मौत पर विजय पाई। ओर मनुष्य जाति के लिए उद्धार का मार्ग खोल दिया। उसके बाद मनुष्य जाति के पापों का सर्वनाश किया गया। प्रभु यीशु ने मानव जाति को बुराई के मार्ग से मोड़कर सच्चाई के रास्ते की तरफ कर दिया। उन्होंने बताया कि यह सब चीज पवित्र शास्त्रों में लिखी हुई है। उन्होंने बताया परमेश्वर ने जगत से ऐसा प्रेम रखा कि उसने अपना इकलौता पुत्र दे दिया। ताकि जो कोई



उस पर विश्वास अरे उसका नाश ना हो। वह अच्छा जीवन पाये। उन्होंने वहां मौजूद ईसाई समाज के लोगों से आह्वान किया कि वह गलत कार्य को छोड़कर अच्छाई की राह पकड़ ले। इस अवसर पर सुशील मसीह, डेबरा मसीह, शेन मसीह, राखी मसीह, शेनन मसीह, उषा अग्रवाल, निकिता अग्रवाल, ऑलिवर मसीह, अनुज मसीह, मेघा मसीह, अभि मसीह, संजना मसीह, विशाल मसीह आदि मौजूद थे।

## हैदराबाद आर्मी स्कूल प्रवेश परीक्षा पास की




**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल स्कूल के दो छात्रों ने आर्मी स्कूल हैदराबाद में प्रवेश के लिए पहले पड़ाव शारीरिक दक्षता परीक्षा को पार कर दिया है। प्रबंधक रोहित सांगवान ने बताया कि दिनांक 15 से 19 मार्च तक माखन सिंह स्टेडियम हैदराबाद आर्मी स्कूल में प्रवेश के लिए ऑल इंडिया भर्ती चली। जिसमे शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल स्कूल के पार्थ चौधरी व अभी देओल ने भी टेस्ट पास किया। बच्चों की इस सफलता में उनके हेड कोच हरमेन्दर सिंह उर्फ विक्की व सहायक कोच मुनिदेव सिंह का बहुत बड़ा योगदान रहा।

# कस्तूरबा स्कूल निर्माण में घटिया सामग्री का आरोप

## सीडीओ से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** तहसील क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर पट्टी में कस्तूरबा बालिका विद्यालय के अतिरिक्त भवन निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप लगाते हुए एक ग्रामीण ने अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर जांच और कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि भवन निर्माण में अनियंमिता बरती जा रही हैं और घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। शिकायतकर्ता का आरोप हैं कि गांव में कस्तूरबा बालिका विद्यालय संचालित है जिसमे भवन निर्माण कराया जा रहा है निर्माण मे ठेकेदार मानक के विपरीत सामग्री लगवा रहा है घटिया सामग्री के कारण उक्त भवन जर्जर रह जायेगा, जिससे पढ़ने वाले बच्चों को कभी भी जान का खतरा हो सकता है। इसकी शिकायत पूर्व मे भी सम्बन्धित अधिकारी से की गयी तो ठेकेदार ने अधिकारी से हमसाज होकर सामग्री पास करवा दी है। शिकायतकर्ता ने अधिकारियों को शिकायत देकर जांच और कार्यवाही की मांग की है। सीडीओ ने बीडीओ को जांच के निर्देश दिए है।

# पत्नी से छेड़छाड़ के विरोध पर ताना तमंचा

## जान से मारने की धमकी दे आरोपी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** शादी समारोह के दौरान खाना खाने गई महिला के साथ मारपीट की गई। विरोध करने पर महिला के पति को तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी फरार हो गये।

कोतवाली क्षेत्र के गांव सिहाली जागीर निवासी आरिफ खान पुत्र आबिद खान अपनी पत्नी के साथ गांव में आयोजित एक शादी समारोह में गये थे। खाना खाते समय गांव निवासी कुछ व्यक्तियों द्वारा आरिफ की पत्नी के साथ बदतमीजी एवं विरोध करने पर मारपीट की गई। जिसका विरोध आरिफ द्वारा किया गया तो उसके साथ भी मारपीट कर तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। इसके बाद पीड़ित आरिफ कोतवाली पहुंचा और पांचो आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई।

# गेहूं कटाई के दौरान किसान पर तेंदुए का हमला



## जंगल में लगाया पिंजरा, बकरी को बनाया निवाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** खेत में गेहूं की कटाई कर रहे किसान पर अचानक तेंदुए ने हमला कर दिया तेंदुए के हमले में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर शराबा होने पर ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर एकत्र हो गई परिजन घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे यहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की जानकारी पर थाना पुलिस और वन विभाग की टीम भी गांव पहुंच गई। वन विभाग की टीम ने तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगा दिया है। वन विभाग ने पिंजरे में बकरी को तेंदुए का निवाला बनाया है।

थाना क्षेत्र के गांव देहरा कादर बक्श में खेत में गेहूं की कटाई कर रहे किसान पर तेंदुए ने हमला कर घायल कर दिया तेंदुए के हमले में किसान गंभीर घायल हो गया। परिजन घायल किसान को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे यहां किस को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। गांव निवासी केसरी रविवार की सुबह खेत पर गेहूं की फसल की कटाई कर रहे थे इसी दौरान अचानक खेत में आए तेंदुए ने केसरी पर हमला कर दिया तेंदुए के हमले में केसरी गंभीर रूप से घायल हो गए केसरी की चीख पुकार की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी केसरी के पास दौड़े घायल हालत में केसरी को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सतीश चंद्र भास्कर ने बताया कि तेंदुए के हमले में घायल किसान केसरी को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वन कर्मी विनोद कुमार ने बताया कि गांव में तेंदुए की धरपकड़ के लिए वन विभाग की टीम भी मुस्तैद है पिंजरे के साथ खेतों में जाल भी बिछाया गया है। वहीं घटना के की जानकारी पर एसडीओ विमल कुमार भारद्वाज भी गांव पहुंच गए उन्होंने ब्राह्मणों से घटना की जानकारी कर ग्रामीणों से खेतों की तरफ अकेले ना जाने की अपील की

## बारिश से गेहूं की फसल को नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** बारिश के कारण गेहूं की फसल नुकसान मे आ गयी, जिसे लेकर किसान चिंता मे है। क्षेत्र मे लगभग 60 फीसदी किसानो की गेहूं निकाल कर अपने घर लें गये है लेकिन बाकी की कुछ फसले खड़ी है और कुछ की कटी पड़ी है उन्हें तो कोई चिंता है। नहीं लेकिन बहुत से किसान ऐसे है जिन्होंने गेहूं निकालवाने के लिए खेत मे ढेर लगा दिया और नहीं निकाल पाए। जोकि बारिश की वजह से भीग गए अब उन्हें पूरे खेत मे दोबारा फैलाया जा रहा है। जिससे की वो सूख सके । इसमें फसल का नुकसान है तथा 3 से 4 दिन सूखने मे लग जायेंगे। जबकि भीगने से गेहूं की बाली काली पड़ गयी जिससे गेहूं का दाना साफ रंग का नहीं निकलेगा।

# फ्रैंडस अमरोहा ने मीडिया इलेविन को 21 रन से हराया

## तारिक चीना बने मैन ऑफ द मैच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** फ्रैंडस ऑफ अमरोहा ने मीडिया इलेविन को 21 रन से हराकर मैच जीत लिया।

नायाब अब्बासी डिग्री कालेज के मैदान पर अब्बासी क्रिकेट एकेडमी द्वारा फ्रैंडस ऑफ अमरोहा व मीडिया इलेविन के बीच फ्रैंडली मैच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते फ्रैंडस ऑफ अमरोहा की टीम ने छह विकेट के नुकसान पर 183 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की तरफ से तंजील हामिद ने 56, सलीम खान ने 39, तारिक चीना ने 32 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मीडिया इलेविन की टीम 161 रन पर ऑल आउट हो गई। फैंडस अमरोहा ने 21 रन से मैच जीत लिया। टीम की तरफ से एसपी अमित कुमार आनंद ने 26, नवीन भाटी ने 83 रन बनाये। लेकिन वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। मैन ऑफ दा मैच का पुरस्कार तारिक चीना को दिया गया। एसपी अमित कुमार आनंद ने कहा कि खेल हमें फिट रखने में अहम योगदान देते है। काम के साथ खेलों पर भी अध्यान देना चाहिये। इस मौके पर मौहम्मद अहमद, जैदी कसीम, फैजउद्दीन सिद्दीकी, फैजले चौधरी, आसिफ सुल्तान, इमदार खान, जिशान पाशा, अजीम शेख मौजूद रहे।



## सिर पकड़कर बैठे बाग ठेकेदार, पेड़ों से टूटकर गिरी छोटी अम्बियां

# आम की फसल पर कहर बनकर टूटा तूफान


**आरिफ खां,**

**हसनपुर।** मौसम की उलट फेर के चलते आम की फसल तबाह व बर्बाद हो गई है। पेड़ों पर भोर नष्ट होने के बाद डंडिया ही नजर आ रही है। आम की फसल को तबाह हुआ देखकर कारोबारी भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं।

हसनपुर क्षेत्र आम की पट्टी से देश में विदेश में जाना जाता है। यहां का आम देश के कोने-कोने में भेजा जाता है। साथ ही विदेशों में भी यहां के आम को काफी पसंद किया जाता है। इस बार आम की फसल पूरी तरह से खराब हो चुकी है। जिसके चलते हसनपुर क्षेत्र के रसीले आम का मजा इस बार लोगों के हलक तक नहीं पहुंच पायेगा। हसनपुर तहसील में बड़े पैमाने पर आम के बाग हैं। लोग आम की फसल तैयार करने के लिए पूरे साल दिलो जान से लगे रहते हैं। लेकिन इस बार आम की फसल उनके हाथ से निकल रही है। जिसके चलते वह काफी परेशानी झेल रहे हैं। आम कारोबार से देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत किया जाता है। तबाह बर्बाद हुए आम











कारोबारी इस बार सरकार की और को देख रहे हैं ताकि वह उनकी मदद करने के लिए आगे आये। आम कारोबारी मुन्नन खां का कहना है कि मौसम की उलट फेर के चलते इस बार आम की फसल बर्बाद हो गई है। उन्होंने बताया कि पिछले महीने जब पेड़ों पर भोर आया था उस समय ठंड पड़ने के साथ और ओस पड़ रही थी। जिसके चलते भोर में आम का दाना नहीं पड़ा तथा वह गल गया। जिसके चलते कारोबारी भारी नुकसान झेलने को मजबूर है। आम कारोबारी रईस मलिक ने बताया आम की फसल इस बार तबाह हो गई है। उनका कहना था कि अधिकतर लोग उधार कर्ज लेकर आम का कारोबार करते हैं। कुछ लोग गहने गिरवी रखकर आम का काम करते हैं। इस बार आम की फसल बर्बाद होने से ऐसे लोगों के सामने समस्या आकर खड़ी हो जायेगी। आम कारोबारी सलमान चौधरी ने बताया इस बार मौसम ने आम कारोबारियों का साथ नहीं दिया। मौसम लगातार ठंडा गर्म होता रहा। जिसके चलते आम का भोर नष्ट हो गया। इस बार पेड़ों पर आम दिखाई नहीं दे रहा है। कारोबार करने वाले कई लोगों के सामने इस बार अपने परिवार का पालन पोषण करने की समस्या उत्पन्न हो सकती है। कारोबारी रईस खां ने बताया उनका मानना है कि गजरौला क्षेत्र की फैक्ट्रीयों द्वारा गैस का रिसाव करने के कारण आम की फसल बर्बाद हो गई है। उन्होंने बताया कि जहां-जहां फैक्ट्री के गैस का असर पहुंचा वहां वहां आम की फसल बर्बाद हो गई। दूर देहात क्षेत्र के बागों में जहां गैस नहीं पहुंच सकी वहां फसल ठीक है। गजरौला की फैक्ट्रीयों ने फसल के साथ ही आम के बागों को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है। आम व्यापारी हाफिज शाहिद इदरीसी ने बताया इस बार फसल बर्बाद होने के कारण आम कारोबारी के सामने एक समस्या यह आकर खड़ी हो गई है कि वह अब इस भारी नुकसान से किस तरीके से बाहर निकलेंगे।

## फल की क्रेट को लेकर मारपीट, दो घायल

**हसनपुर।** क्रेटों को बेचे जाने को लेकर हुए विवाद के बीच मारपीट में दो लोग चोटिल हो गये। मंडी समिति में फल बेचने का कार्य करने वाले एहसान अच्छन इस्तेकार आदिल ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह मंडी समिति में फल बेचने का कार्य करते हैं। उनका आरोप है कि नगर के मोहल्ला डॉक्टर शौकत वाली गली अंबेडकर पार्क के नजदीक स्टेट बैंक के बराबर में फल बेचने वाला युवक दुकान चलाता है। वह उनके यहां से क्रेटों से फल लाता है। अपनी खाली क्रेटे और अपने माल के पैसे मांगता है। तो वह गाली गलौज करता है। आज सुबह करीब 10 बजे उन्हें सूचना प्राप्त हुई कि आरिफ एक ट्राली भरकर क्रेटे बेच रहा है। जब वह मौके पर पहुंचे और उन्होंने विरोध किया तो आरोपी के साथ अन्य चार अज्ञात लोगों ने उनके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की तथा पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

## समतासैनिक दल की विचार गोष्ठी



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** नगर के मोहल्ला महादेव स्थित इंडियन कोचिंग अकादमी में समता सैनिक दल के विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। विचार गोष्ठी में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ज्योतिबा फूले हुए अन्य महान समाज सुधारकों के जीवन पर प्रकाश डाला गया। बैठक की अध्यक्षता अंतराम सिंह ने और संचालन नरदेव सिंह ने किया। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर ज्योतिबा फुले बहाने महान समाज सुधार को के जीवन पर प्रकाश डाला गया धर्मपाल सिंह ने समता पर प्रकाश डाला। प्रदेश सचिव राम प्रसाद सिंह ने समता सैनिक दल के कैडर को मजबूत करने की अपील की। विचार गोष्ठी में धर्मपाल शेर सिंह सुरेंद्र सिंह अमर सिंह गंगा शरण राजपाल आदि मौजूद रहे।

# डेथ बालिंग करिश्मे से जीता लखनऊ

## राजस्थान को रोमांचक मुकाबले में 2 रन से हराया, आवेश ने 3 विकेट लिए



**जयपुर, वार्ता।** लखनऊ सुपरजायंट्स ने राजस्थान रायल्स को आईपीएल के रोमांचक मुक.ाबले में 2 रन से हरा दिया। आवेश खान ने 20वें ओवर में 9 रन डिफेंड किए ओर लखनऊ को जीत दिलाई। आवेश ने 3 विकेट लिए।

एडन मार्करम और आयुष बडोनी दोनों ने फिफ्टी लगाई। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में लखनऊ ने बैटिंग चुनी। लखनऊ ने 5 विकेट खोकर 180 रन बनाए। जवाब में राजस्थान 5 विकेट के नुकसान पर 178 रन ही बना सकी। जायसवाल ने 74 रन बनाए। वनिंदू हसरंगा को 2 विकेट मिले। आवेश ने डेथ ओवर्स में लखनऊ के लिए बेहतरीन बालिंग की। उन्होंने 18वें ओवर में 5 ही रन खर्च किए और 2 विकेट ले लिए। आवेश ने फिर आखिरी ओवर में 9 रन डिफेंड किए और टीम को 2 रन से जीत दिला दी। आवेश ने जायसवाल, शिमरोन हेटमायर और रियान पराग को पवेलियन भेजा। आवेश खान ने आखिरी 2 ओवर में 11 ही रन खर्च किए। नंबर-7 पर बैटिंग करने उतरे समद ने 10 गेंद पर 30 रन बनाए। उन्होंने ही आखिरी ओवर में 27 रन बनाकर टीम को 180 तक पहुंचाया था। इम्पैक्ट प्लेयर बनकर बैटिंग करने उतरे बडोनी ने फिफ्टी लगाई। उन्होंने मार्करम के साथ 76 रन की पार्टनरशिप भी की। लखनऊ से ओपनिंग करने उतरे ऐडन मार्करम ने 31 गेंद पर फिफ्टी लगा दी। उन्होंने 66 रन बनाए और टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। मार्करम ने 1 विकेट भी लिया। 181 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी राजस्थान रायल्स को यशस्वी जायसवाल ने तेज शुरुआत दिलाई। उन्होंने ओपनर वैभव सूर्यवंशी के साथ 85 रन की पार्टनरशिप की। यशस्वी ने 31 गेंद पर हॉफ सेंचुरी लगाई। उन्होंने 74 रन बनाए और टीम को जीत के करीब पहुंचाया। राजस्थान को आखिरी 3 ओवर में 25 रन चाहिए थे। यहां आवेश बालिंग करने आए, उन्होंने 18वें ओवर में महज 5 रन दिए और 2 विकेट भी झटक लिए। उनके ही ओवर ने राजस्थान पर दबाव बनाया और टीम जीत की स्थिति में होते हुए भी 2 रन से हार गई। आवेश खान ने ही आखिरी ओवर में 9 रन भी बचाए।

## यार्कर फेंकना जारी रखूंगा जीत के बाद बोले आवेश खान

### ● राजस्थान को छह गेंद नें नहीं बनाने दिए नौ रन

**जयपुर, वार्ता।** लखनऊ सुपर जाएंट्स ने आईपीएल में राजस्थान रायल्स पर दो रन की रोमांचक जीत हासिल की थी। डेथ ओवरों में आवेश खान ने यार्कर पर यार्कर गेंदें की, जिससे राजस्थान की टीम छह गेंद में नौ रन नहीं बना सकी थीं। जीत के बाद आवेश ने कहा है कि वह यार्कर पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेंगे, जो मुश्किल परिस्थितियों में उनका मुख्य हथियार है। आवेश ने 18वें और 20वें ओवर में शानदार गेंदबाजी करते हुए कुल मिलाकर 11 रन दिए। लखनऊ ने आखिरी तीन ओवरों में 25 रन का बचाव किया था। आवेश ने मैच के बाद प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि मैं यार्कर फेंकना जारी रखने की कोशिश करूंगा क्योंकि मेरा मानना है कि यार्कर मेरी सबसे अच्छी गेंद है। मैं हमेशा किसी भी स्थिति में यार्कर फेंकने की को.शिश करता हूं। आईपीएल में खुद पर भरोसा रखना महत्वपूर्ण होता है। आवेश ने कहा कि वह किसी तरह से दबाव में नहीं थे क्योंकि जब वह 18वें ओवर में गेंदबाजी करने आए तो रायल्स जीत की ओर बढ़ रहा था और उसके आठ विकेट बचे हुए थे। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा अपनी रणनीति पर अमल करने की कोशिश करता हूं। जब भी मैं गेंदबाजी के लिए आता हूं तो किसी तरह के दबाव में नहीं रहता हूं। मैं जो भी गेंद करता हूं उस पर पूरा भरोसा रखता हूं। आवेश ने कहा कि आईपीएल में बड़े स्कोर बन रहे हैं और गेंदबाज काफी रन दे रहे हैं। पहले ओवर में मैंने भी 13 रन दिए लेकिन मैं हमेशा परिस्थितियों के अनुसार गेंदबाजी करता हूं और अपनी रणनीति को सही तरह से लागू करने पर ध्यान देता हूं। इस 28 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि 18वें ओवर में यशस्वी जायसवाल और रियान पराग के आउट होने से लखनऊ को काफी फायदा मिला क्योंकि इससे डेथ ओवरों में दो नए बल्लेबाज क्रीज पर थे। उन्होंने कहा कि अगर कोई नया बल्लेबाज आता है, तो उसके लिए यह इतना आसान नहीं होता है। नए बल्लेबाज के लिए, किसी भी स्थिति में आना मुश्किल होता है, खासकर जब गेंद थोड़ी नीचे रह रही हो। मध्य प्रदेश के तेज गेंदबाज ने कहा कि जब डेविड मिलर ने शुभम दुबे का कैच छोड़ा तो वह थोड़ा तनाव में थे। दुबे ने दो रन लिए जबकि रायल्स को जीत के लिए आखिरी गेंद पर चार रन चाहिए थे। आवेश ने कहा कि जैसे ही गेंद हवा में गई तो मैं सोच रहा था कि मिलर इसे पकड़ लेंगे। वह पूरी तरह से गेंद के नीचे थे, लेकिन जब कैच छूट गया तो मैं थोड़ा निराश हो गया, लेकिन मुझे आखिरी गेंद पर चार रन बचाने का भरोसा था। आवेश ने कहा कि वह रोमांचक जीत का जश्न नहीं मना सके क्योंकि दुबे का शाट फील्डर के पास जाने से पहले उनके टखने पर लगा था।




## धीमे ओवर रेट के लिए गिल पर जुर्माना

### शुभमन गिल पर आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत 12 लाख का जुर्माना लगा

**अहमदाबाद, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में धीमे ओवर रेट के लिए जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि शुभमन गिल पर आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत धीमें ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपये जुर्माना लगाया हैं।

आईपीएल ने बयान में कहा कि चूंकि यह इस सत्र में उनकी टीम का पहला अपराध था, इसलिए आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत, जो न्यूनतम ओवर रेट अपराधों से संबंधित है, गिल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि गुजरात टाइटंस ने शनिवार को खेले गए आईपीएल के 35वें मुकाबले में जॉस बटलर (97 नाबाद) और शरफेन रदरफोर्ड (43) के बीच 119 रन की रिकार्ड साझीदारी की मदद से दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को सात विकेट से हरा दिया था। इस जीत के साथ गुजरात टाइटंस अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है।

### खेल विशेष

## स्टैंड से अजहरुद्दीन का नाम हटाने का आया फरमान

### आदेश के खिलाफ अदालत जाने की तैयारी में भारतीय टीम के पूर्व कप्तान

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन नए विवाद में फंसते जा रहे हैं। हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के स्टैंड से उनका नाम हटाने का फरमान आया है। हैदराबाद क्रिकेट संघ (एचसीए) को नार्थ पवेलियन स्टैंड से अजहरुद्दीन का नाम हटाने के लिए कहा गया है। इसके अलावा एचसीए से यह भी कहा गया है कि अजहरुद्दीन के नाम पर टिकट जारी नहीं किए जाएं। यह आदेश एचसीए के लोकपाल (सेवानिवृत्त) वी ईश्वरैया ने दिया है। लोकपाल ने एचसीए की सदस्य इकाइयों में से एक लाड्र्स क्रिकेट क्लब द्वारा दायर याचिका के आधार पर यह निर्णय लिया जिसमें आरोप लगाया गया था कि अजहरुद्दीन ने मनमाने फैसले लेकर तत्कालीन एचसीए अध्यक्ष के रूप में अपने पद का दुरुपयोग किया। न्यायमूर्ति ईश्वरैया एचसीए के आचरण अधिकारी भी हैं। लाड्र्स क्रिकेट क्लब ने इस साल 28 फरवरी को अजहरुद्दीन के खिलाफ याचिका में आरोप लगाया था कि दिसंबर 2019 में नार्थ स्टैंड का नाम अपने नाम पर रखने के प्रस्ताव को पारित कराने के लिए पूर्व एचसीए अध्यक्ष के रूप में शीर्ष परिषद की बैठक में बैठकर एचसीए के नियमों का उल्लंघन किया था। एचसीए संविधान के अनुसार किसी प्रस्ताव को आम सभा (एजीएम) द्वारा अनुमोदित किया जाना आवश्यक है। हालांकि, लोकपाल के आदेश के खिलाफ अजहरुद्दीन अदालत जाने की तैयारी में है। पूर्व भारतीय कप्तान ने लोकपाल के आदेश की वैधता पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि उनका कार्यकाल पहले ही समाप्त हो चुका है। अजहरुद्दीन ने कहा, मैं निश्चित रूप से कानूनी सहारा लूंगा और इस आदेश पर रोक लगाने के लिए उच्च न्यायालय में अपील करूंगा। यह शर्म की बात है कि एक भारतीय कप्तान का नाम हटाने के लिए कहा जा रहा है। संघ के उपनियमों के अनुसार, लोकपाल/आचरण अधिकारी का कार्यकाल एक वर्ष का होता है। इस मामले में लो.कपाल का कार्यकाल 18 फरवरी 2025 को समाप्त हो गया था और उस अवधि के बाद पारित कोई भी आदेश अमान्य है।



## कोलकाता नाइट राइडर्स से जुड़े नायर

### ● टीम इंडिया के सहायक कोच पद से हटाए गए थे, 2018-2024 तक कोचिंग स्टॉफ में शामिल थे अभिषेक नायर

**मुंबई, वार्ता।** टीम इंडिया के सहायक कोच से हटाए गए अभिषेक नायर फिर से कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ जुड़ गए हैं। इसकी जानकारी फ्रेंचाइजी की तरफ से एक्स पर दी गई। हालांकि, इस पोस्ट में यह नहीं बताया गया कि उनकी किस पद पर वापसी हुई है। दरअसल शुक्रवार को बीसीसीआई ने अभिषेक नायर को टीम इंडिया के सहायक कोच पद से हटा दिया था। अभिषेक नायर के अलावा फील्डिंग कोच टी दिलीप और ट्रेनर सोहम देसाई की भी टीम इंडिया से छुट्टी कर दी गई थी। बीसीसीआई ने यह कार्रवाई आस्ट्रेलिया में बार्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में भारत की शर्मनाक हार के बाद की। 2018-2024 तक केकेआर का हिस्सा रहे नायर अभिषेक नायर 2018 से 2024 तक आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा थे। पिछले साल जुलाई में उन्हें भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर के कोचिंग स्टाफ में शामिल किया गया था। अभिषेक ने केकेआर में गंभीर के साथ काम किया था द्रविड़ का कार्यकाल टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद समाप्त हो गया था। इसके बाद बीसीसीआई ने गंभीर को मुख्य कोच बनाया था। गंभीर ने अपने सहयोगी के तौर पर कोलकाता नाइट राइडर्स से जुड़े अपने साथियों को टीम से जोड़ा था। गंभीर भारतीय टीम के मुख्य कोच बनने से पहले केकेआर के मेंटर रहे थे और तब उसी टीम में अभिषेक नायर, रेयान टेन डेशकाटे सहयोगी स्टाफ रहे थे। मोर्ने मोर्कल ने गंभीर के साथ लखनऊ सुपर जाएंट्स में काम किया था। दिलीप द्रविड़ के समय से ही फील्डिंग कोच के पद पर बने हुए थे। हालांकि, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में करारी हार के बाद अभिषेक पर सवाल खड़े हो रहे थे।

## जिम्बाब्वे ने बांग्लादेश को किया 191 के स्कोर पर ढ़ेर

### जिम्बाब्वे के गेंदबाज मसकदजा और मुजारबानी ने तीन-तीन विकेट हासिल किए

**सिलहट, वार्ता।** वेलिंगटन मसकदजा और ब्लेसिंग मुजारबानी (तीन-तीन विकेट), विक्टर न्याउची और वेस्ली मधेवेरे (दो-दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद दम पर जिम्बाब्वे ने रविवार को बांग्लादेश को पहले टेस्ट मैच के पहले दिन पहली पारी 191 के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया है।

यहां बांग्लादेश की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 32 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। विक्टर न्याउची ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करे हुए पहले पहले शादमान इस्लाम (12) और उसके बाद महमुदुल हसन जॉय (14) को अपना शिक.ार बना लिया। ऐसे संकट के समय मोमिनुल हक और नजमुल शान्तो ने पारी को संभाला।

दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 66 रनों की साझेदारी हुई। 32वें ओवर में लेसिंग मुजारबानी ने नजमुल शान्तो (40) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद वेलिंगटन मसक.दजा ने (56) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। मुशफिकुर रहीम (चार) और तैजुल इस्लाम (तीन) को वेलिंगटन ने आउट किया। मेहदी हसन मिराज (एक) को मुजारबानी ने अपना शिकार बनाया। तैजुल इस्लाम (तीन), हसन महमूद (19) और नाहिद राणा (शून्य) पर आउट हुये। जिम्बाब्वे के गेंदबाजी आक्रमण के आगे बांग्लादेश की पूरी टीम पहले टेस्ट मैच के पहले दिन 61 ओवर में 191 के स्कोर पर सिमट गई। जिम्बाब्वे की ओर से वेलिंगटन मसकदजा ने 10 ओवर में 21 रन देकर तीन विकेट लिए और ब्लेसिंग मुजारबानी ने 19 ओवर में 50 रन देकर तीन विकेट झटके। विक्टर न्याउची ने 15 ओवर मे 74 रन देकर दो विकेट लिए। वेस्ली मध.ेवेरे ने तीन ओवर मे दो रन देकर दो विकेट लेकर बांग्लादेश की पहली पारी का अंत किया।

## विमेंस वर्ल्ड कप के लिए भारत नहीं आएगा पाक




### पीसीबी चीफ बोले कि हाइब्रिड मॉडल के तहत बीसीसीआई और आईसीसी न्यूट्रल वेन्यू का करने ऐलान

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान विमेंस टीम भारत में होने वाले वर्ल्ड कप 2025 में खेलने के लिए नहीं आएगी। पाकिस्तान विमेंस टीम ने हाल ही में वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई किया है।

भारत 29 सितम्बर से 26 अक्टूबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने ऐलान किया है कि उनकी महिला टीम इस साल के आखिर में होने वाले आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप के लिए भारत नहीं जाएगी। उन्होंने कहा कि इस साल की शुरुआत में हुए समझौते के तहत हाइब्रिड मॉडल का पालन करते हुए अपने मैच किसी न्यूट्रल वेन्यू पर खेलेगी। टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान नहीं गई थी दरअसल पाकिस्तान ने हाल ही में संपन्न हुए चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी की थी। टीम इंडिया राजनीतिक कारणों की वजह से पाकिस्तान में जाकर अपने मैच नहीं खेले। टीम इंडिया के सभी मैच दुबई में हुए। हाइब्रिड मॉडल पर पीसीबी और बीसीसीआई के बीच हुआ समझौता भारतीय क्रिकेट बोर्ड और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बीच हाइब्रिड मॉडल पर सहमति बनी थी, जिसके तहत भारत और पाकिस्तान के आईसीसी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने की स्थिति में दोनों को अपने मैच न्यूट्रल वेन्यू पर खेलने की अनुमति होगी।

नकवी ने कहा कि टूर्नामेंट के मेजबान होने के नाते भारत और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) न्यूट्रल वेन्यू पर फैसला करेंगे। पाकिस्तान विमेंस टीम ने लाहौर में आयोजित हुए क्वालिफायर में अपने सभी पांच मैच जीते। उन्होंने आयरलैंड, स्काटलैंड, वेस्टइंडीज, थाईलैंड और बांग्लादेश को हराकर मुख्य दौर के लिए आसानी से क्वालीफाई किया। वहीं भारत, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया, दक्षिण अफीका और श्रीलंका पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं।



## बेंगलुरु ने पंजाब को 7 विकेट से रौंदा

### विराट कोहली ने नाबाद 73 रन और देवदत्त ने 61 रनों की बेहतरीन पारी खेली

**मुल्लांपुर, वार्ता।** क्रुणाल पांड्या और सुयश शर्मा की शानदार गेंदबाजी के बाद विराट कोहली (नाबाद 73) और देवदत्त पड़िक्कल (61) रनों की बेहतरीन अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 37वें मैच में पंजाब किंग्स को सात गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया।

158 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में फिल सॉल्ट (एक) का विकेट गवां दिए। उन्हें अर्शदीप सिंह ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए देवदत्त पड़िक्कल ने विराट कोहली के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 103 रनों की साझेदारी हुई। 13वें ओवर में हरप्रीत बराड़ ने देवदत्त पडिक्कल को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। देवदत्त पडिक्कल ने 35 गेंदों में पांच चौके और चार छक्के लगाते हुए (61) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान रजत पाटीदार (12) रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

हालांकि इस दौरान एक छोर थामे विराट कोहली रन बनाते रहे। विराट कोहली ने 54 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 73) रनों की मैच विजयी पारी खेली। जितेश शर्मा (11) रन बनाकर नाबाद रहे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 18-5 ओवर में तीन विकेट पर 159 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया। आरस.ीबी की आठ मैचों में यह पांचवीं जीत है और वह अंक तालिका में 10 अंकों के साथ तीसरे पायदान पर हैं। पंजाब किंग्स की ओर से अर्शदीप सिंह, हरप्रीत बराड़ और यजुवेंद्र चहल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब किंग्स के लिए प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 42 रन जोड़े। पांचवें ओवर में क्रुणाल पांड्या की गेंद पर प्रियांश आर्य आगे निकलकर लांग ऑफ के ऊपर से मारने के प्रयास में मिड ऑफ पर टिम डेविड को आसान कैच थमा बैठे। प्रियांश ने 15 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (22) रन बनाए। इसके बाद सातवें ओवर में क्रुणाल ने प्रभसिमरन सिंह को भी डेविड के हाथों कैच आउटकरा कर पंजाब किंग्स को दूसरा झटका दिया। प्रभसिमरन सिंह ने 17 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए (33) रनों की पारी खेली। कप्तान श्रेयस अय्यर (छह) को रोमारियो शेफर्ड ने अपना शिकार बनाया। नेहाल वढेरा (पांच) रनआउट हुए। जॉश इंग्लिस 17 गेंदों में (29) और मार्कस स्टॉनिस (एक) को सुयश शर्मा ने आउट किया। पंजाब किंग्स ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 157 रन बनाए। शशांक सिंह (31) और मार्को यानसन (25) रन बनाकर नाबाद रहे। आरसीबी के लिए क्रुणाल पांड्या और सुयश शर्मा ने दो-दो विकेट लिए। रोमारियो शेफर्ड ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## क्रोएशिया के पूर्व खिलाड़ी पोक्रिवैक की कार दुर्घटना में मौत

**ज़ाग्रेब (क्रोएशिया), वार्ता।** क्रोएशिया के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निकोला पोक्रिवैक की अपने देश में एक कार दुर्घटना में मौत हो गई है। क्रोएशियाई फुटबॉल महासंघ ने इसकी पुष्टि की है। 39 वर्षीय मिडफील्डर ने अपने करियर में दिनामो ज़ाग्रेब, एएस मोनाको और आरबी साल्ज़बर्ग के लिए खेला और 2008 से 2010 तक 15 अंतरराष्ट्रीय मैच जीते। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पोक्रिवैक को 2015 में हॉजकिन के लिंफोमा का पता चला था, जिसके कारण उन्हें पेशेवर फुटबॉल से संन्यास लेना पड़ा लेकिन वह 2021 में शौकिया फुटबॉल में लौट आए और पिछली गर्मियों में निचली लीग की टीम एनके वोजनिक में शामिल हो गए। स्थानीय मीडिया ने कहा कि वह एनके वोजनिक के तीन साथियों के साथ एक वाहन में थे कि शुक्रवार शाम को उनकी कार मध्य क्रोएशिया के कार्लोवैक में हादसे का शिकार हो गया। बताया गया है कि एक अन्य कार में सवार 42 वर्षीय व्यद्रि की भी मौत हो गई, जबकि पोक्रिवाक की कार में सवार अन्य लोगों को गंभीर चोटों के साथ अस्पताल ले जाया गया। क्रोएशियाई फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष मारिजान कुस्टिक ने कहा कि निकोला एक महान फुटबॉल खिलाड़ी थे, उन्होंने इस दुनिया में अपने अंतिम क्षण तक फुटबॉल को जिया और एक भयानक बीमारी पर विजय प्राप्त करके जीवन में बहुत साहस दिखाया। यह हमारे फुटबॉल समुदाय के लिए एक बड़ी क्षति है, और विशेष रूप से परिवार के लिए दर्दनाक है। पोक्रिवाक ने यूरो 2008 में खेला, जहां क्रोएशिया क्वार्टर फाइनल में पहुंचा और 2010 विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग में दो बार इंग्लैंड का सामना किया। कुस्टिक ने कहा कि ऐसे चौंकाने वाले और अकल्पनीय रूप से दुखद क्षण में सांत्वना के शब्द खोजना असंभव है, जब हमने एक युवा जीवन खो दिया है। मैं इस अपूरणीय क्षति के लिए निकोला के परिवार और प्रियजनों के प्रति केवल अपनी गहरी संवेदना व्यद्र कर सकता हूं।

# वरिष्ठ कवि काले सिंह साल्टा की कृति सरबंस दानी गुरु गोबिन्द सिंह जी का हुआ लोकार्पण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** गुरुद्वारा श्री नानक दरबार जोया अमरोहा के तत्वावधान में कवि काले सिंह काले सिंह "साल्टा" की कृति सरबंस दानी गुरु गोबिन्द सिंह जी का हुआ लोकार्पण एवं काव्य-गोष्ठी का आयोजन दयानन्द आर्य कन्या महाविधालय मुरादाबाद मे हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाज सेवी सरदार गुरविन्दर सिंह ने की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष गुरुद्वारा श्री नानक दरबार जोया अमरोहा रहे द्य विशिष्ट अतिथि के रूप में सरदार योगेंद्र सिंह, वरिष्ठ कवियत्री डॉ प्रेम. वती उपाध्याय व वरिष्ठ बाल साहित्यकार डॉ राजीव सक्सेना रहे द्य कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर व वाहे गुरु की अरदास से हुआ। माँ सरस्वती की वंदना इंदु रानी ने की। कार्यक्रम का संचालन अशोक विश्नोई व आवरण अग्रवाल श्रेष्ठ ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित हुआ प्रथम सत्र में कवि काले सिंह काले सिंह "साल्टा" की कृति सरबंस दानी गुरु गोबिन्द सिंह जी का हुआ लोकार्पण हुआ व उस पर सभी विद्वान जन ने अपने विचार रखे द्य कार्यक्रम के द्वितीय सत्र मे काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमे महानगर के प्रमुख कवि व कवियत्रियों ने अपना काव्य पाठ किया। कवियत्री पूजा राणा ने कहा कि लाल मेरे ओ लाल मेरे तुम, खोलो अपने दोनों नैन ,कुछ बोलो तुम अपने मुख से, आयेगा मेरे दिल को चैन। नकुल त्यागी ने कहा की गुरु नानक ने सिख बनाये गोबिन्द सिंह ने सुरे , भारतवासियों की आजादी के सपने किते पूरे द्यद्य डॉ प्रीति हुंकार ने पढ़ा की सुखों मे देखकर हमको ,सदा जो मुसकुराते है ,हमारी कामयाबी पर जो, फूले ना समाते हैं। समंदर प्रेम का दिल में ,दुआ होंठों पे रहती है। बड़े ही धन्य वे मानव, जो इनका प्रेम पाते हैं। विवेक निर्मल ने पढ़ा कि निराशाओ के जंगल में कहीं गुम आज की पीढ़ी , विवेकानंद को पढ़ लो वो रस्ता खोल देता है। इंदु रानी ने कहा कि कर्तव्य के पथ पर तुम्हें अंगारों से बचकर जाना होगा , अपने साहस का परिचय खुद ही



दिखाना होगा। राजीव प्रखर ने कहा कि एक श्रृंखला में जुडने की अलख जगाए चलो सखे, लिये तिरंगा बलिदानों में गीत सुनाए चलो सखे मातृभूमि पर मर मिटने को जो सीना ताने चलते है उन वीरों की चरण धूलि का तिलक लागये चलो सखे। इसके अलावा ईशांत शर्मा ईशु, रवि चतुर्वेदी, चेतन विश्नोई आदि ने काव्य पाठ किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में सीमा चौधरी , सोनू कुमार सहित गुरुद्वारा श्री नानक दरबार जोया अमरोहा के सेवक और साहित्य प्रेमी मौजूद रहे।

## लखनऊ: को-ऑपरेटिव बैंक वर्कर्स यूनियन का गठन

**भगतपुर।** क्षेत्र मे लखनऊ में उत्तर प्रदेश की विभिन्न जिला सहकारी बैंकों में कार्यरत कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए गठन पर चर्चा की गई एवम को-ऑपरेटिव बैंक वर्कर्स यूनियन का गठन किया गया है। संगठन के प्रदेश सहायक मंत्री ओम चंद्र शुक्ला ने बताया कि संगठन का उद्देश्य कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करना और उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ना है। संगठन ने 26 अप्रैल को लखनऊ में श्कर्मचारी संवादश बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया है, जिसमें भारी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहेंगे और अपनी समस्या निस्तारण व अपने अधिकारों की लड़ाई के लिए कार्ययोजना तैयार करेंगे।कार्य योजना में संगठन की मांगों में - प्रदेश की 50 जिला सहकारी बैंकों का एकीकरण करके प्रदेश स्तर पर एक बैंक बनाना, समान वेतन और पूर्ण सेवा शर्तो का लाभ,नई भर्ती करना,संगठन का उद्देश्य कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करना और उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ना है।

## एक नजर

### एएसपी सोनाली मिश्रा ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता बिलारी।** डॉक्टर भीमराव अंबेडकर शोभायात्रा नगर में शांतिपूर्ण तरीके से निकाले जाने पर अंबेडकर युवक संघ के पदाधिकारियों को कोतवाली में एएसपी सोनाली मिश्रा ने प्रशस्ति पत्र



देकर सम्मानित किया। अंबेडकर युवक संघ के तहसील अध्यक्ष डॉ जगत सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारी कोतवाली पहुंचे। जहां एएसपी सोनाली मिश्रा, कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा, नगर इंचार्ज यशवीर सिंह व स्टाफ को बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा भेंट की। इसके अलावा पर प्रशस्ति पत्र भी दिया। वहीं एएसपी सोनाली मिश्रा ने पदाधिकारियों की समस्याओं को सुना। मुख्य रूप से डा. जगत सिंह, लटूरी सिंह, के के नवल, राम अवतार सिंह, डा. चरन सिंह, मनवीर सिंह, शिवओम सागर, रोहतास कुमार,विनीत कुमार, ब्रह्मपाल सिंह, डॉक्टर विजय दीप,रामवीर सिंह, बादाम सिंह आदि सहित भारी तादाद में युवक संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### ग्राम वासियों को यातायात सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**शाह टइम्स संवाददाता बिलारी।** पुलिस जनता के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत प्रभारी एएसपी सोनाली मिश्रा, कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा आदि सोंडारा गांव पहुंचे जहां पंचायत घर में जनसुनवाई की। ग्राम वासियों को यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूक किया कि यातायात नियमों का पालन करें दो



पहिया वाहन पर बिना हेलमेट नहीं जाएं, कार में सीट बेल्ट अवश्य लगाएं, खुद बचें दूसरों को भी बचाएं। महिलाओं से कहा प्रदेश सरकार उन्हें सशक्त बनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चला रही है सभी सरकारी दफ्तरों में महिला काउंटर बने हुए हैं बेझिझक अपनी समस्या और शिकायतों को बताएं। हेल्पलाइन नंबर डायल करने पर उन्हें घर बैठे ही पुलिस सहायता मिलेगी। महिला सशक्तिकरण के लिए 112,1090,1930 जैसे हेल्पलाइन नंबर बताए। इस दौरान महिलाओं को भी बुलाया गया। एएसपी ने कहा जो महिलाएं जनप्रतिनिधि हैं उन्हें स्वयं ही अपना कार्य करना चाहिए भले ही उनके पति सहयोग के लिए उनके साथ चले जाएं इससे उनमें जागृति और आत्मविश्वास बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि कोतवाली के जो दूरस्थ गांव हैं वहां प्रत्येक रविवार को कोतवाली पुलिस पहुंचकर जनसुनवाई करेगी।

# भारत सरकार से इजराइल और फिलिस्तीन के बीच जंग रुकवाने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापाडे।** इजराइल और फिलिस्तीन के बीच चल रही जंग को रुकवाने की मदरसा जामिया अरबिया गुलशने मुस्तफा दौलरा प्रबंधक ने पत्र लिखकर मांग की है।

ज्ञात हो कि पिछले एक वर्ष से अधिक समय से इजराइल और फिलिस्तीन के बीच भयावह जंग हुई है जिसमें फिलिस्तीन के बच्चों और बूढी औरतो पर इजराइल ने बमबारी कर बबरता की है। रविवार को मदरसा जामिया अरबिया गुलशने मुस्तफा में इजरायल के खिलाफ फिलस्तीनी के हक में एक एतजाजी सभा का आयोजन किया गया जिसमें भारत के प्रधानमंत्री और देश के राष्ट्रपति को जिलाधिकारी मुरादाबाद के माध्यम से पत्र लिखकर तत्काल जंग रूकवाने की मांग की है मदरसा प्रबंधक गुलाम रब्बानी रजवी ने फिलिस्तीन, गाजा में हो रही बम्बरी



तत्काल रुकवाने, बिना किसी शर्त के दोनो देशों के बीच सीज फायर कराने, इस्राईल और अमरिका. फ्रांस, ब्रिटेन की कोई माली इमदाद न करना इस्राईल, अमरिका, फ्रांस और ब्रिटेन के सभी प्रोडक्टो पर रोक लगाने हिन्दुस्तान में रहने वाले मुसलमान नौजवानो को फिलिस्तीन गाजा के मजलूमीन के साथ उनकी इमदाद करने की इजाजत की मांग प्रमुख है प्रबंधक ने भारत सरकार से अपील की है कि एताजाज को सरकार स्वीकार करते हुये मांगों को पूरा करे इस अवसर पर मेनेजर मुफ्ती मुज्जाफर हुसैन जामिया अरविया गुलशने मुस्तफा ग्राम दौलरा मुरादाबाद प्रेमसिपल सदर मुदरिश कारी मो फाईम कारी इजमामूल हक कारी मुख्तार कारी जुनेद मास्टर नौशाद मास्टर नूर आलम मास्टर मुजाहिद रजा मुफ्ती गुलाम रब्बानी लोगो ने शिरकत की।

# भगतपुर टांडा में सचिव ने वृद्ध को मृत दर्शाकर पेंशन रोकी, डीएम ने दिए जांच के आदेश

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**भोजपुर।** ब्लॉक भगतपुर टांडा के गांव बुढानपुर अलीगंज के वृद्ध गुलाम नबी को सचिव में मृत दर्शाकर वृद्धावस्था पेंशन रूकवा दी। इसका खुलासा सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी करने पर सामने आया। वृद्ध गुलाम नबी पुत्र अब्दुल मजीद निवासी बुढानपुर अलीगंज ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि वृद्धावस्था पेंशन आ रही थी। विगत११महीनों पहले पेंशन आनी बंद हो गई। सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत वृद्धावस्था पेंशन की जानकारी मांगी तब प्रार्थी को पता चला कि ग्राम सचिव गरिमा देवी ने मृत्यु हो जाना दर्ज कर पेंशन रूकवा दी। सचिव के समक्ष पेश होकर अपने आप को जीवित बताया तो सचिव ने कहा कि प्रधान और ग्रामीणों के कहने पर मृत दर्शाकर पेंशन रूकवाई है। पीड़ित छह महीने से पेंशन बहाल कराने के लिए दर दर भटक रहा है। ग्रामीण का आरोप है कि प्रधान और सचिव ने उसकी जगह अपने चेहते दूसरे अपात्र की पेंशन स्वीकृत कर दी। जिलाधिकारी ने ग्रामीण की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र की गहनता से जांच कराने और शिकायत सत्य पाये



जाने पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत छात्रों को स्वस्थ रहने के दिए टिप्स

**मुरादाबाद।** पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत हैविट मुस्लिम इंटर कॉलेज मे पंडित दीन दयाल उपाध्याय जिला चिकित्सालय के डॉ तारिक अंसारी परामर्श दाता किशोर स्वास्थ के सहयोग से छात्रों को संतुलित आहार की जानकारी दी। डॉ तारिक द्वारा एनीमिया ( खून की कमी )के बारे मे विस्तार से बताया, सप्ताह मे एक बार आयरन व फोलिक एसिड की टेबलेट खाने की सलाह दी इसके अतिरिक्त गुड़, खजूर, चुकंदर व चने खाने की सलाह दी, डॉ तारिक अंसारी ने आगे बताया कि साल मे दो बार अल्बण्डाजोल टेबलेट खाने से पेट की बीमारी नहीं होतीं. इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी मुशाहिद हुसैन ने अपने विचार रखे तथा आफताब मेहंदी हसन, अफसर अली व वाजिद अली ने शुद्ध जल, हरी सब्जीया व मौसमी फल खाने एवं स्वस्थ रहने की सलाह दी उपस्थित रहे।




# उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष चंद्रभान सिंह व क्षेत्रीय मंत्री बने अरुण कुमार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ मुरादाबाद क्षेत्र का वार्षिक चुनाव कटघर बस स्टेशन, पीतलनगरी डिपो के प्रांगण में सम्पन हुआ।

चुनाव अधिकारी राजीव त्यागी मेरठ क्षेत्र एवं संजय मौतला सहारनपुर क्षेत्र की उपस्थिति में सर्वसम्मति से संपन्न हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से चंद्रभान सिंह को क्षेत्रीय अध्यक्ष के पद पर तथा अरुण कुमार सिंह क्षेत्रीय मंत्री के पद पर मनोनीत किया गया।

राजीव वर्मा वीरेंद्र सिंह सुबोध कुमार नरेंद्र रावत अतुल कुमार विजयपाल सिंह गौरव चौहान अतुल चौहान को क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, रामेश्वर दयाल भारती अनस खान राजीव यादव अभिनव शर्मा उमेश कुमार भाई लाल को क्षेत्रीय संयुक्त मंत्री, सतीश सिंह को क्षेत्रीय संगठन मंत्री, विपिन कुमार को क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष, रविंद्र सिंह को क्षेत्रीय लेखा परीक्षक,



तेजपाल सिंह को क्षेत्रीय कार्यालय सचिव, लक्ष्यदीप सिंह को क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी, मबरूर मिया राजवीर सिंह को प्रांतीय प्रतिनिधि सदस्य तथा क्षेत्रीय प्रबंध समिति सदस्य के रूप में सर्वेश कुमार शर्मा, श्री जितेंद्र सिंह, शशैलेंद्र वाजपेई, दुष्यंत कुमार, पुनीत अग्रवाल, लोकेश शर्मा, सौरभ शर्मा, कु० मीनाक्षी यादव, श्रीमती ज्योति रानी, श्रीमती पूजा रानी, मोहम्मद शालिम चयनित हुए। उक्त चुनाव कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ, मुरादाबाद क्षेत्र की समस्त शाखाओं के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा भारी संख्या में प्रतिभाग किया गया तथा नवचयनित क्षेत्रीय कार्यकारिणी को समस्त पदाधिकारियों को फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया स नव निर्वाचित क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री चंद्रभान सिंह के द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं का पूरी तरह निराकरण कराने हेतु सदन को आश्वस्त किया गया, नव निर्वाचित क्षेत्रीय मंत्री अरुण कुमार सिंह ने संगठन को मजबूत करने के लिए बल दिया गया।

## बस ने सड़क किनारे खड़े स्कूटी सवार को मारी टक्कर, मौके पर मौत

**भोजपुर।** मुरादाबाद बाजपुर स्टेट हाइवे पर सिरसवां दोराहा पुलिस चौकी से दो सौ मीटर की दूरी पर सड़क के किनारे खड़े स्कूटी सवार अधेड़ को निजी यात्री बस ने टक्कर मार दी। ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। शनिवार को



दोपहर बाद चार बजे थाना भगतपुर के गांव पसियापुरा निवासी डंपी (45) पुत्र धर्म पाल सिरसवां दोराहा पुलिस चौकी से दो सौ मीटर की दूरी पर स्कूटी को सड़क किनारे खड़ी करके खड़ा था। अचानक मुरादाबाद से बाजपुर जा रही निजी यात्री बस ने पीछे से ग्रामीण को टक्कर मार दी।घ्हादसे में ग्रामीण का सिर बस के टायर से बुरी तरह कुचल गया। ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक बस को मौके पर छोड़ कर फरार हो गया घ। चौकी इंचार्ज पंकज राठी ने मौके पर पहुंचकर मृतक की जेब में रखे आधार कार्ड में दर्ज नाम पते पर उसके परिजनों को हादसे की सूचना भेजकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। पुलिस ने स्कूटी और बस को अपने कब्जे में लेकर थाने पर खड़ा कर लिया।

## मोमबत्ती से मकान में लगी आग मजदूर का लाखों का नुकसान

**डिलारी।** थाना क्षेत्र के गांव में लाखों का सामान जलकर हुआ राख, गांव महमूदपुर लाल में मोमबत्ती से मकान में आग लगने से कीमती सामान जलकर राख बन गया। घटना से गांव में अपरा तफरी मच गई। आग बुझाने में कई लोगों के हाथ पांव झुलस गए। गांव निवासी मजदूर चंद्रहास ने आंधी से बिजली आपूर्ति ठप होने पर शनिवार की रात को घर में रोशनी करने के लिए मोमबत्ती जलाकर रख दी। अचानक जलती हुई मोमबत्ती कपड़ों पर गिर गई। जिससे आग लगने से तेज लपटो ने लेटर के मकान को चपेट में ले लिया, घर में रखा कीमती सामान सहित खाने-पीने की सामग्री जलकर राख बन गई, सेफ अलमारी में रखी ज्वेलरी और 5000 की नकदी भी जलकर खाक बन गई,आग की तेज लपटे उठती देख ग्रामीणों ने घटना स्थल पर पहुंचकर रेत पानी आदि डालकर लगी आग पर काबू किया। पीड़ित ने आग लगने की सूचना फोन पर तहसीलदार ठाकुरद्वारा को दी। लेकिन राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन नहीं किया। जिससे मजदूर गहरे सदमे में है। उचित मुआवजे की सरकार से मांग की है।

# तूफान तो गुजर गया अब नुकसान का आंकलन कर रहे लोग

**कांठ ( शाह टाइम्स )** तूफान तो आकर चला गया लेकिन वह अपने निशान जगह-जगह छोड़ गया है लोग अब नुकसान का आकलन करने में लगे हैं बतादें कि 18 तारीख की रात को आए तूफान के बाद क्षेत्र में विद्युत सप्लाई गुल हो चुकी है। जगह-जगह टूटे खंबे और तार दिखाई दे रहे हैं रास्तों के किनारे और किसानों के खेतों में भारी संख्या में पेड़ पड़े हैं जिन्हें अब धीरे-धीरे वहां से हटाने का काम कर रहे हैं बड़ी संख्या में लोगों के घरों में पड़े टीन सेड कहीं के कहीं पहुंच चुके हैं आज दिन भर लोगों ने दूर दराज में पड़े अपने सामान को समेटने का काम किया इसके साथ-साथ किसानों ने अपने नुकसान का भी आकलन किया। गांव-गांव किसानों के खेत में पड़ी गेहूं की फसल भी तूफान की चपेट में आकर खत्म हो गई कुछ किसानों का कहना था कि उनके खेत में एक एकड़ गेहूं की फसल कटी पड़ी थी लेकिन सुबह जाकर देखा तो आधी फसल गायब थी।

जिसका तलाशने के बाद भी कहीं पता नहीं चल पाया इसके साथ-साथ किसानों को पेड़ गिरने से भी काफी नुकसान हुआ एक तो पेड़ों की चपेट में आकर फसल बर्बाद हुई और दूसरा पेड़ों की कीमत भी घट गई पुराने लोगों का कहना है कि ऐसा तूफान उन्होंने जीवन में पहली बार देखा है जिसने सब कुछ ध्वस्त करके रख दिया है विद्युत आपूर्ति 2 दिन बाद भी सुचारू नहीं हो पाई है और बिजली विभाग के अधिकारी विद्युत आपूर्ति सुचारू किए जाने के बारे में कोई जानकारी नहीं दे पा रहे हैं। कुल मिलाकर विभाग की ओर से विद्युत आपूर्ति सुचारू किए जाने की कार्यवाही चल रही है। लेकिन अभी इसकी उम्मीद कम ही दिखाई दे रही है समरसेबल द्वारा घरों में पानी का इस्तेमाल करने वाले लोगों के पानी के टैंक सूख चुके हैं बिजली के अभाव में अन्य कोई साधन न होने के कारण लोग सरकारी नलों से पानी भरने में लगे हैं कुल मिलाकर तूफान के गुजर जाने के बाद अब नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

# बिजली गुल होने पर सहारा बन रहे हेंड पंप

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** आंधी और बारिश के कारण लोगों के घरों में लगे समरसेबल शोपीस बन गए स नगर में विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर लगे इंडिया मार्का हैंडपंप लोगों के लिए वरदान साबित हुए अमीर और गरीब इस हैंडपंप पर पहली बार पानी भरते हुए देखे गएस नगर पंचायत में हजारों घरों के अंदर समरसेबल लगे हुए हैं लेकिन पिछले 48 घंटे से विद्युत आपूर्ति ठप रहने के कारण यह समरसेबल शोपीस बनकर रह गए जिसकी वजह से अमीर और गरीब सब पानी के लिए तरस गएस नगर में एक दर्जन से ज्यादा स्थानों पर लगे इंडिया मार्क का हैंडपंप पर पानी भरने के लिए अमीर और गरीब सब लोग पहुंचने लगे है।



# अनुदेशकों व शिक्षामित्रों के सहयोग से होगा समर कैंप का आयोजन

**कांठ ( शाह टाइम्स )** परिषदीय विद्यालयों में समर कैंप के आयोजन से नियमित शिक्षकों को राहत दी गई है। समर कैंप का आयोजन अनुदेशकों व शिक्षामित्रों के सहयोग से किया जाएगा। इसके लिए उन्हें 6000 रुपये मानदेय भी दिया जाएगा। समर कैंप का आयोजन 21 मई से 15 जून के बीच कक्षा छह से आठ के बच्चों के लिए आयोजित किया जाएगा।स्कूल शिक्षा निदेशालय की ओर से समर कैंप आयोजन के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इसमें कहा गया है कि परिषदीय उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों (कक्षा छह से आठ) में समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। एनईपी के तहत होने वाले इस आयोजन में बच्चों का समग्र विकास किया जाएगा। कैंप कक्षा छह से आठ के बच्चों के लिए ही आयोजित किया जाएगास कैंप में रोचक गतिविधियों से बच्चों का बहुमुखी विकास किया जाएगा। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने कहा है कि समर कैंप आयोजन सुबह 7.30 से 10.30 बजे तक किया जाएगा। समर कैंप विद्यालय के शिक्षामित्रों, अनुदेशकों व स्वप्रेरित शिक्षकों द्वारा किया जाएगा।

साथ ही स्नातक छात्र-छात्राओं, एनसीसी प्रमाण पत्र धारक युवाओं व स्वयंसेवी संगठनों का भी सहयोग लिया जा सकता है।

# ब्लाक में विभिन्न समस्याओं को लेकर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन मुरादाबाद की एक बैठक विकासखंड मुरादाबाद में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष। विनोद कुमार सागर एवं संचालन सहायक विकास अधिकारी मदनपाल सिंह द्वारा किया गया । बैठक में कार्यकारिणी के रिक्त पदों पर सर्वसम्मति से संरक्षक धर्मवीर सिंह एवं मदनपाल सिंह, उपाध्यक्ष जयपाल सिंह, नाजिम इकबाल, दिगंबर राठी, महिला उपाध्यक्ष स्वाति चौहान, कोषाध्यक्ष संजीव कुमार राणा, मीडिया प्रभारी चंद्र प्रकाश सिंह, ऑडिटर अभिरुप टंडन ,संयुक्त मंत्री सुरेंद्र सिंह, संगठन मंत्री सत्यम गॉड, को चुना गया बैठक मैं साथियों की समस्याओं के निराकरण के लिए उच्च अधिकारियों से मिलकर समस्या समाधान का प्रस्ताव पास किया गया, ऑडिट की समस्याओं के संबंध में शीघ्र समाधान करने का प्रस्ताव पारित किया गया, गौशाला संचालक में साथियों को हो रही परेशानियों के समाधान पर विचार किया गया। गया मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा साथी कर्मचारियों की समस्याओं के लिए एक निश्चित दिवस पर मीटिंग करके साथियों की समस्याओं के समाधान की व्यवस्था को पुनः स्थापित करने का प्रस्ताव पारित किया गया विकास भवन में संगठन के कार्यालय के लिए स्थान की मांग की गई बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा अपने विचार बैठक में प्रस्तुत किए गए जिनके समाधान के लिए तत्काल कार्रवाई करने का आश्वासन सभी साथियों को संगठन के अध्यक्ष विनोद कुमार सागर द्वारा पूर्ण निष्ठा एवं मनोयोग से समस्याओं के प्रयास हेतु दिया गया। बैठक में धर्मवीर सिंह, नाजिम इकबाल, जयपाल सिंह, दयाराम सिंह ,मनोज कुमार, प्रदीप राठी, अमित कुमार गुप्ता, सुरेंद्र प्रकाश, योगेंद्र सिंह, नरेश कुमार, आदि भारी संख्या में ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित रहे।



## कार की टक्कर से बाइक पर बैठी महिला घायल, भेजा अस्पताल

**कांठ ( शाह टाइम्स )** कार की टक्कर से बाइक पर बैठकर जा रही महिला घायल हो गई जिसे पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है घटना शाम 5 बजे की है छजलेट निवासी मेहताब पुत्र जमील व उसकी पत्नी अफसरा अपने तीन बच्चों के साथ मोटर साइकिल से छजलैट चौराहा की तरफ से आ रहे थे। तभी सेंट्रो कार ने बाइक को टक्कर मार दी।

टक्कर लगने पर मोटर साइकिल गिर गई, जिसमें मोटर साइकिल चालक मेहताब की पत्नी अफसरा के सर के पीछे चोट लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया समाचार लिखे जाने तक इस मामले में कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की गई थी।

## खाद्य विभाग ने कांठ, उमरी कला और छजलैट में भरे खाद्य पदार्थों के सेंपल

**कांठ ( शाह टाइम्स )** खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावट के शक में नगर एवं क्षेत्र में दुकानों से दूध, घी और मावा सहित कुल सात नमूने लिए। जांच रिपोर्ट आने के बाद गड़बड़ी मिलने पर विभाग संबंधित विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई करेगा। सहायक आयुक्त खाद्य-2 राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव ने शिकायतों के आधार पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी इंद्र बहादुर यादव के नेतृत्व में टीम गठित की। टीम ने कांठ रोड पर उमरी कला स्थित वाहिद डेयरी से मिश्रित दूध का सैंपल लिया। इसी प्रकार खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने घोसीपुरा कांठ से देशी घी, छजलैट में परमेंदर सिंह की दुकान से मिश्रित दूध और मावा का सैंपल लिया। उमरी कला में शादाब एजेंसी से जूस और कोल्ड ड्रिंक का सैंपल लिया। कुल सात नमूने जांच के लिए वाराणसी स्थित लैब भेजे गए।

# निशाने पर आरएसएस

एक तरफ जहां पश्चिम बंगाल के हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद में हुई बाप-बेटे की हत्या के मामले में गिरफ्तारी का सिलसिला जारी है। तो वही दुसरी तरफ राजनीतिक बयानबाजी अपने चरम पर है। रविवार को मुर्शिदाबाद हिंसा में मारे गए बाप-बेटे की हत्या के मामले में चौथी गिरफ्तारी की बात सामने आई है। पश्चिम बंगाल के विशेष जांच दल ने जियाउल शेख के नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है वह मुख्य आरोपियों में से एक है और 11 अप्रैल को वक्फ संशोधन विधायक को लेकर भड़की हिंसा में हरगोविंदो दास व उनके बेटे चंदन को मार डाला था। उस भीड़ को उक्साने में शेख का बहुत बड़ा हाथ था। इससे साफ है कि पश्चिम बंगाल सरकार जो हिंसा में लिप्त है उनको कानून के कठघरे में पहुंचाने के लिए प्रयास कर रही है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कई बार कह भी चुकी है कि जो भी हिंसा में दोषी है उनको बख्शा भी नहीं जाएगा। बात सही भी है हिंसा की इजाजत किसी को भी नहीं दी जा सकती। ठीक उसी तरह इस तरह की घटनाओं पर राजनीति करना भी ठीक नहीं कहा जा सकता, लेकिन विडंबना देखिए जहां सभी की यह कोशिश होनी चाहिए कि हिंसाग्रस्त क्षेत्र में शांति आए। उसके विपरित ऐसे काम किए जा रहे है जिससे इस पूरे मामले का राजनीतिकरण किया जा सके। जाहिर है हर कोई इसे अपने नजरिए से देख रहा है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तो एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप में एक से बढ़कर एक बाजी मारने में लगे है। योगी आदित्यनाथ कह रहे है कि लातों के भूत बातों से नहीं मानते और दंगाईयों से शक्ति से निपटना चाहिए। जाहिर है जब वह ऐसा कह रहे है, तो उनके कहने का मतलब यही है कि ममता बनर्जी सख्ती से काम नहीं ले रही है। जबकि ममता पलटवार करते योगी को भोगी बता रही है और भी जाने कितनी तरह की बाते हो रही है। जो किसी के भी हित में नहीं है। शांति लाने में तो बिलकुल भी नहीं अब शनिवार की देर रात की ही बात करें तो ममता बनर्जी ने दो पेज का एक खुला पत्र जारी किया है। जिसमे आरोप लगाया है कि मुर्शिदाबाद की हिंसा भाजपा और आरएसएस के लोगों ने कराई है। पत्र में उन्होंने कहा है कि भाजपा और आरएसएस ने पश्चिम बंगाल में दुर्भावनापूर्ण अभियान शुरू किया है। ममता का यह भी दावा है कि आरएसएस व भाजपा इस घटना का इस्तेमाल बांटने वाली राजनीति के लिए कर रही है। ममता ने इस पत्र में यह कहकर लोगों से अपील भी कि है कि बहुसंख्यक व अल्पसंख्यक समुदायों को एक-दूसरे का ख्याल रखना चाहिए। वैसे देखा जाए तो ममता बनर्जी व भाजपा के बीच पहले से ही 36 का आंकड़ा रहा है। जब भी अवसर मिलता है भाजपा ममता को घेरने में नहीं चुकती तो वही ममता भी पलटवार करने में जरा भी देर नहीं लगाती। जाहिर है लोकतंत्र में इस तरह का वातावरण ठीक नहीं कहा जा सकता। लड़ाई वेचारिक होनी चाहिए। जिसका आजकल अभाव दिखता है।

## झूठ के प्रचार में भाजपा को महारथ हासिल



सच छिपाने और झूठ के प्रचार में भाजपा को महारथ हासिल है, उसका जीता जागता प्रमाण महाकुंभ है, महाकुंभ पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं से सच छिपाकर बेहतर व्यवस्था का झूठा प्रचार किया गया, पहले किसी सरकार में कोई मंत्री प्रोपोगंडा किया करता था, लेकिन यहां तो पूरी भाजपा सरकार ही प्रोपोगंडा पर चल रही है, यह श्रद्धालुओं का महाकुंभ नहीं था, यह पूरी तरह राजनीतिक कुंभ था, मुख्यमंत्री ने दावा किया था महाकुंभ में 100 करोड़ लोगों की व्यवस्था की गई है, जो पूरी तरह से फ्लॉप साबित हुई है, महाकुंभ में व्यवस्था कम और प्रचार अधिक था, दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मेला महाकुंभ के मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर हुई दर्दनाक हादसे को रोका जा सकता था, लेकिन इस सरकार में अहंकार इतना कि प्रबल है सुझाव और आशंकाओं को भी आलोचना समझा गया।

**अखिलेश यादव**
**अध्यक्ष समाजवादी पार्टी**

# फिल्मों से डरते कागजी बहादुर



**पवन सिंह**



**सेंसर बोर्ड ने विगत 11 सालों में ऐसी तमाम फिल्मों को या तो रोका है या उन पर कैंची चलाई है जिन्होंने भी भारतीय समाज की नग्न तस्वीर सामने रखने की कोशिश की है**

बहादुरों में एक कौम होती है जिसे कागजी बहादुर कहा जाता है। इस तरह की कागजी बहादुर कौम और इसके रहनुमा को बहुत की करीने व सलीके से कागजों पर तैयार किया जाता है। किसी थ्री-डी फिल्म या कामिक्स की तरह पहले कागजी बहादुर का एक कैरेक्टर गढ़ा जाता है और फिर उसमें रंग भरकर मूवमेंट्स दे दिए जाते हैं! इसके बाद इस कैरेक्टर को आवाम के दिलो-दिमाग में उतारा जाता है। जबकि ऐसे कैरेक्टर दरअसल कागज़ी बहादुर होते हैं, लेकिन आवाम को ऐसा हिप्नोटाइज करते हैं कि आवाम सब कुछ लुटा के जब तक होश में आती है तब-तक बहुत देर हो चुकी होती है।

इधर भी कुछ कागज़ी बहादुर कैरेक्टर गढ़े गए हैं ओर उनके पीछे एक भीड़ गढ़ दी गई है। जैसे भीड़ का कभी कोई चरित्र ओर विवेक नहीं रहता वैसे ही कागजी बहादुरों का भी कोई चरित्र नहीं रहता। भीड़ कागज़ी बहादुर की कठपुतली होती है ओर कागज़ी बहादुर को दूर बैठा कोई और संचालित कर रहा होता है। ऐसे कागज़ी बहादुर तेज हवाओं से सहम जाता करते हैं! तेज आवाज से चौंक जाते हैं! हालात यह हो जाते हैं कि फिल्में भी डरा दिया करती हैं। फिल्म निर्माता निर्देशक अनुराग कश्यप ने सेंसर बोर्ड की लचर-पचर और सत्ताचरण वंदन कार्य-प्रणाली पर जो टिप्पणी की है, वह सर्वथा उचित है।

सेंसर बोर्ड हर हाल में कागज़ी बहादुरों की उस छवि को बचाए रखने के लिए कटिबद्ध नजर आता है जिसे बमुश्किल से विगत 70 सालों में कतरा-कतरा करके झूठ के सहारे गढ़ा गया और फिर 2008-2009 से नफ़रत और फिरका परस्ती के रंगों से उसे रंगा गया! सेंसर बोर्ड ने विगत 11 सालों में ऐसी तमाम फिल्मों को या तो रोका है या उन पर कैंची चलाई है जिन्होंने भी भारतीय समाज की नग्न तस्वीर सामने रखने की कोशिश की है। सेंसर बोर्ड एक अलग ही लेबल का कागजी शेर है। छींक से भी डरता हुआ और हवाओं से भी सिहरता हुआ। बिना रीढ़ का एक ऐसा कुनबा जिसकी अपनी कोई स्वतंत्र सोच नहीं है। जिसकी सत्ता उसकी चौकीदारी मतलब सेंसर बोर्ड।

कुछ उदाहरण देता हूं जैसे-2005 में विनोद पांडेय ने एक लड़की और पादरी के अफेयर पर एक फिल्म बनाई थी सिंस। जरा सा विरोध विरोध हुआ सेंसर बोर्ड को ठंड लगकर बुखार आ गया और इसे बैन कर दिया गया। वर्ष 2005 में फिल्म वाटर बनी। जो कि भारत में बाल विधवाओं के जीवन पर आधारित थी। सेंसर बोर्ड को फिर ठंड लगकर बुखार आया और उसके कुछ दृश्यों के कारण उसे प्रतिबंधित कर दिया था...वर्ष, 2005 में ही परजानिया आई। यह फिल्म भारत में सां. प्रदायिक दंगों पर आधारित थी लेकिन सेंसर बोर्ड की हिम्मत चोक ले गई और कुछ दृश्यों के कारण इसे प्रतिबंधित कर दिया। वर्ष, 2014 में अनफ्रीडम आई यह फिल्म भारत में एलजीबीटीआईक्यू+ समुदाय यानी कि लेस्बियन, गे, बाइसेक्सुअल, ट्रांसजेंडर और क्वीर पर आधारित थी। सेंसर बोर्ड को इस बार ठंड लगकर बुखार के साथ-साथ डायरिया हो गया और फिल्म बैन हो गई। एक फिल्म बनी घल्लूघारा। दिलजीत दोसांझ की इस फिल्म पर सेंसर बोर्ड फावड़ा-कुदाल लेकर बैठ गया और तमाम सीन इस बिना पर कटवा दिए कि इससे हिंसा भड़क सकती है यहां तक कि कागज बहादुर बोर्ड ने फिल्म का शीर्षक बदलने के लिए कहा था। एक लखनऊ के डायरेक्टर हैं संजीव जायसवाल शूद्रों के हालात पर शूद्र द राइजिंग बनाई पहले सेंसर बोर्ड से लड़ें फिर 'भावना आहत गैंग' से! देश में ये गैंग एक अलग ही लेबल पर सक्रिय है टू ट्राप आफ वाटर गिरने से ही भावना आहत होकर 'स्खलित' हो जाती है। शूद्र पर किसी की भावना आहत हो गई और मुकदमा हो गया। 'भावना जी' एक सीन पर आहत हो गई जिसमें एक शूद्र बालक द्वारा शिवमंत्र के जाप करने से सवर्णों द्वारा जिह्वा काट लेने, शूद्र व्यक्ति को कुएं से पानी लेने से रोकने, जिसके कारण जल के अभाव से उसके पिता की मृत्यु होने, शूद्रों को मंदिर में प्रवेश करने से वर्जित करने जैसे विषयों को दिखाया गया है। सेंसर बोर्ड की कैंची की धार और भावना गैंग की भावना, द केरला स्टोरी और कश्मीर फाइल्स और छावा पर कुंद हो जाती है? लेकिन अगर कोई निर्माता अगर गुजरात दंगों पर गोधरा द ट्रुथ, पुलवामा फाइल्स, मणिपुर फाइल्स, इंडस्ट्रलिस्ट पितामह, भाई डियर फ्रेंड, काणां बाबा, पैरोल के संत टाइप्स फिल्म बना दे तो सेंसर बोर्ड के सारे सेंसर जाग्रत हो जाएंगे और आहत गैंग उचक कर बाहर आ जाएगा। कारण साफ है कागजी बहादुरों की छवि सालों-साल की कड़ी कागजी मेहनत और झूठ व फरेब के रंगों से गढ़ी जाती है। कागज पर यानी 'अखबार के पन्नों' और 'न्यूज चैनलों के स्टूडियो' के भीतर गढ़ी गई कागजी छवि इतनी हल्की होती है कि वह हमेशा सच की एक बूंद के गिरने से भी डर जाती है। इसीलिए विश्व में जितने भी कागजी शेर पाले गए वो सभी सच से सदैव डरे रहे। ये कागजी शेर फिल्मों के कथानक से डरे रहते हैं। ये कागजी शेर किसी एक डायलॉग से डरें रहते हैं। ये कागजी शेर किसी एक सीन से डरें रहते हैं और जब-जब ये डरते हैं अपनी मातहत संस्थाओं को आगे कर देते हैं। इन कागजी शेरों के एजेंडे से जुड़ी फिल्मों से भले आग लग जाए उन्हें डर नहीं लगता क्योंकि वह उनके एजेंडे का पोषण करती हैं लेकिन जैसे ही सच को छूते हुए सब्जेक्ट आते हैं कागजी शेर गैस्ट्रो का शिकार हो जाते हैं। फिल्म 'फूले' से डरे हुए कागजी शेरों का सच यही है।

**सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश के एक युवा शायर अविनाश तिवारी 'ब्रह्मवंशी' का एक शेर साझा है**

**लगा लो जोर तुम चाहे जितना तानाशाही के लिए**
**हम भी लड़ते रहेंगे अपनी बेगुनाही के लिए**
**कितना भी जुल्म कर लो कत्ल छुपाने के लिए**
**आएंगी अब तो लाशें भी गवाही के लिए**
**सियासत बिक चुकी है अपने**
**एश-ओ-इशरत के लिए**
**पकड़ लाते हैं सिर्फ़ बेगुनाह ही कार्यवाही के लिए**

( ये लेखक के निजी विचार है )

# गांव, किसान और मजदूरः कॉर्पोरेट सत्ता के शिकार



**2014 के पहले तक की सरकारें भले ही पूंजीपतियों के प्रति नरम रुख रखती रही हों, लेकिन उस समय नीतियों में एक संतुलन बना रहता था**



**विरेश तरार**

भारतीय लोकतंत्र की आत्मा माने जाने वाले गांव, किसान और श्रमिक वर्ग पिछले कुछ वर्षों में सत्ता और पूंजी के गठजोड़ की प्रयोगशाला में तब्दील हो चुके हैं। वे जो कभी देश की अर्थव्यवस्था का मेरुदंड होते थे, आज सरकार और कॉर्पोरेट के साझे 'विकास मॉडल' में सिर्फ 'लाभार्थी' बनकर रह गए हैं।

2014 के पहले तक की सरकारें भले ही पूंजीपतियों के प्रति नरम रुख रखती रही हों, लेकिन उस समय नीतियों में एक संतुलन बना रहता था, जिसमें किसान, मजदूर और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को 'कमज़ोर लेकिन ज़रूरी' मानते हुए कुछ जगह दी जाती थी। लेकिन 2014 के बाद सत्ता में आई सरकार ने जैसे घोषणा कर दी कि अब प्राथमिकता सिर्फ कॉर्पोरेट है।

### 'कॉर्पोरेट प्रथम' का नया दौर

मोदी सरकार ने सत्ता संभालते ही जिस तरह से 'मेक इन इंडिया', 'स्टार्टअप इंडिया', 'डिजिटल इंडिया', 'नेशनल मॉनेटाइजेशन पाइपलाइन' जैसी योजनाओं के ज़रिए देश की संपत्ति को निजी हाथों में सौंपने का सिलसिला शुरू किया, उसने साफ संकेत दे दिए थे कि आने वाला वक्त पूंजीपतियों के लिए 'गोल्डन एरा' होगा। रेलवे, एयरपोर्ट, तेल कंपनियां, बीमा, बैंक एक-एक कर सार्वजनिक क्षेत्र की संपत्तियां निजी हाथों में जाती गई, और वही हाथ अब नीति निर्माण में भी निर्णायक भूमिका निभाने लगे।

### जो रोड़े थे, उन्हें रास्ते से हटाया गया

सरकार जानती थी कि यदि कोई वर्ग इन फैसलों की राह में सबसे बड़ा रोड़ा बन सकता है तो वह है किसान, मजदूर और नौकरीपेशा वर्ग। इसीलिए इनके ध्यान को मुख्य मुद्दों से भटकाने के लिए योजनाबद्ध ढंग से प्रपंचों की राजनीति की गई। कभी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के नाम पर 6000 रुपये की किश्तों में 'करुणा' बांटी गई, तो मुफ्त राशन और गैस सिलेंडर जैसे कदमों से एक श्लाभार्थी मानसिकताश को गढ़ा गया। ये वो वर्ग हैं जो कभी अधिकार मांगते थे, अब कृपा स्वीकार करने के लिए विवश हो गए। इसी तरह अग्निवीर योजना लाकर युवा वर्ग की स्थायी नौकरी की आकांक्षा को अस्थायी ठेकेदारी में बदल दिया गया, जबकि इसका विरोध करने वालों को 'राष्ट्र विरोधी' तक बताया गया।

### धार्मिक आयोजनों व भावनात्मक मुद्दों की बिछी बिसात

इस नई राजनीति में धर्म एक उपकरण की तरह इस्तेमाल किया गया। राम मंदिर, कांवड़ यात्रा, गो रक्षा, घर वापसी जैसे मुद्दे मीडिया और सत्ताधारी दल की प्राथमिकता बने रहे। इसके समानांतर किसान आंदोलन, श्रमिक असंतोष, बेरोजगारी, महंगाई जैसे मुद्दे हाशिये पर डाल दिए गए। कई बार सरकार खुद ही ऐसे धार्मिक रूप से संवेदनशील मुद्दों को हवा देने में ल गई दिखती है जिससे जनमानस भावनाओं में उलझा रहे और आर्थिक फैसलों पर जनदबाव न बन पाए। 2020-21 का कृषि कानून विवाद इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जिसमें किसान वर्ग को वर्षों तक संघर्ष करना पड़ा।

### 'महिला आरक्षण': बहाना या बदलाव?

ऐसे ही एक भावनात्मक प्रलोभन के रूप में हाल में महिला आरक्षण विधेयक को पेश किया गया। लेकिन इसकी समयसीमा और कार्यान्वयन की अनिश्चितता इसे मात्र 'शिगूफा' बनाती है। यह सच है कि महिला मतदाता करीब पचास प्रतिशत हैं, और उनके सम्मान, अधिकार, नेतृत्व की बात कर उन्हें लुभाना आसान भी है। लेकिन हकीकत यह है कि जमीनी स्तर पर न तो पंचायतों में शक्ति का हस्तांतरण हो सका, न ही संसद में महिलाओं की संख्या में ठोस बढ़ोतरी।

### मीडिया की चुप्पी और कॉरपोरेट की सहमति

मीडिया जो कभी सरकार की निगरानी करता था, अब कॉर्पोरेट के नियंत्रण में आ चुका है। अब बहस का केंद्र नीतियां नहीं, विवाद और भावनाएं हैं। टीवी पर जाति, धर्म और राष्ट्रवाद पर हो-हल्ला रहता है, लेकिन नरेगा की घटती मज़दूरी, किसान की गिरती आमदनी या मजदूरों की हालत पर मौन पसरा रहता है।

### आदिवासी समुदाय व प्राकृतिक संसाधनों पर भी नजर

सरकार और पूंजी का गठजोड़ केवल खेतिहर किसान और श्रमिक वर्ग तक सीमित नहीं है। देश के वन क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी समुदायों पर भी कॉर्पोरेट की नजर है। झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा में खनन परियोजनाओं के नाम पर जिस तरह जंगल, ज़मीन और नदी-नाले छीने जा रहे हैं, वह भी इसी मॉडल का विस्तार है। लब्बोलुआब यह कि देश का लोकतंत्र अगर वास्तव में 'जनता का, जनता के लिए, जनता द्वारा' है, तो आज जो नीति-निर्माण की प्रक्रिया है वह इस आत्मा से पूरी तरह भटकी हुई लगती है। किसान और मजदूर वर्ग को भले ही वादों और भत्तों से संतुष्ट रखने की कोशिश की जाए, लेकिन जब तक वे अपने वास्तविक अधिकारों, हिस्सेदारी और नीति-निर्धारण में भागीदारी के लिए खड़े नहीं होंगे, तब तक यह शोषण चक्र चलता रहेगा।

# नवजात इल्ली भी अपना इलाका बांधती है

स्रोत फीचर्स



बाघ, तेंदुआ, कुत्ता, बिल्ली जैसे बड़े-बड़े जानवर अपना इलाका बांधते हैं। यानी वे कुछ संकेतों के ज़रिए अपना अधिकार क्षेत्र चिंहित करते हैं। इस इलाके के संसाधनों, खासकर मादाओं, पर उनका अधिकार होता है। और, इलाके में अतिक्रमण की कोशिश हो तो चेतावनियों से लेकर मुठभेड़ तक की स्थिति बन सकती है। लेकिन क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि 2 मिलीमीटर छोटी वार्टी बर्च इल्ली भी इलाका बांधती होगा। जी हां, इतनी छोटी-सी इल्ली 1 सेंटीमीटर लंबी जगह का इलाका बांधती है।

उत्तरी अमेरिका में दो-धारियों वाली एक पतंगा मादा (**Falcaria bilineata**) सनोबर की टहनियों और पत्तियों पर अपने अंडे देती है। जब अंडे फूटते हैं तो इनसे निकलने वाली इल्ली (वार्टी बर्च कैटरपिलर) तुरंत ही करीब की पत्तियों की नोंक पर चली जाती हैं। वैज्ञानिकों ने काफी समय से इल्लियों के इस व्यवहार के अलावा एक और व्यवहार पर गौर किया था ख्र ये इल्लियां पत्तियों पर कम्पन करती हैं। इस व्यवहार को देखकर लगा कि संभवतः यह इलाका बांधने का संकेत है।

अनुमान की जांच करने के लिए कार्लटन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने कुछ वार्टी बर्च इल्लियों को पकड़कर प्रयोगशाला में यह देखने के लिए जमाया कि यदि किसी पत्ती पर कोई वार्टी बर्च इल्ली पहले से है और उसी प्रजाति की दूसरी इल्ली आती है तो पहले से बैठी इल्ली क्या प्रतिक्रिया देती है? उन्होंने पाया कि जब कोई घुसपैठिया इल्ली आती है तो पहली इल्ली अधिक ज़ोर-ज़ोर से कम्पन करना शुरू कर देती है। वह अपने शरीर को पत्ती पर ठोंककर आवाज़ पैदा करती है और

**इल्ली अपने शरीर को पत्ती पर ठोंककर आवाज़ पैदा करती है और अपने शरीर को पत्ती पर रगड़ती है, यह ध्वनि इस बात का संकेत होती है कि यह इलाका आरक्षित है, कहीं और चले जाओ**

अपने शरीर को पत्ती पर रगड़ती है। यह ध्वनि इस बात का संकेत होती है कि यह इलाका आरक्षित है, कहीं और चले जाओ। यदि घुसपैठिया इल्ली फिर भी आगे बढ़ती है तो कम्पन पहले से भी 14 गुना तेज़ी से होने लगते हैं। जर्नल ऑफ एक्सपेरीमेंटल बायोलॉजी में प्रकाशित शोध पत्र में बताया गया है कि इन कम्पनों से उन्हें अपना छोटा-सा इलाका बचाए रखने में मदद मिलती है, 71 प्रतिशत मामलों में इल्लियां इस तरह अपना इलाका महफूज़ रख पाई लेकिन जिन मामलों में घुसपैठिया इल्ली हावी हुई तो देखा गया कि निवासी इल्ली रेशम के धागे के सहारे पत्ती से नीचे कूद गई। शोधकर्ताओं का कहना है कि इल्ली पत्ती के सिरे पर इसलिए जाती हैं क्योंकि पत्ती की नोंक लचीली होती है जिसके चलते कम्पन को बढ़ाने में मदद मिलती है, और जान पर आने के समय रेशमी धागे के सहारे कूदना भी आसान है ही।

# न्यू बॉर्न बेबी की देखभाल के दौरान पेरेंट्स भूलकर भी न करें ये गलतियां

## वरना बच्चे की सेहत को हो सकता है नुकसान



बच्चे का जन्म न सिर्फ माता-पिता बल्कि उनके आसपास के लोगों के लिए भी खुशियों से भरा पल होता है। न्यू बॉर्न बेबी के होने से जितनी खुशी और सुकून की बात होती है, उतनी ही जिम्मेदारियों से भरा काम होता है। क्योंकि नवजात बच्चे काफी ज्यादा नाजुक होते हैं, इसलिए उनकी देखभाल बहुत ध्यान से करने की जरूरत होती है। हालांकि नवजात बच्चे की देखभाल के दौरान पेरेंट्स कुछ ऐसी गलतियां करते हैं, जिसका उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको नवजात बच्चे के देखभाल के कुछ जरूरी टिप्स बताने जा रहे हैं। साथ ही उन गलतियों को करने से बचना चाहिए।

### सीधी लाइट न डालें...

नवजात बच्चे की आंखें बहुत सेंसिटिव होती हैं, ऐसे में उनको तेज रोशनी से परेशानी हो सकती हैं। बच्चे को सीधे तौर पर बल्ब या फोन के टॉर्च और सूरज की रोशनी में नहीं ले जाना चाहिए। इससे उनकी आंखों को नुकसान पहुंच सकता है। इसलिए बच्चे को ऐसी जगह पर रखें, जहां पर पर्याप्त मात्र में हल्की रोशनी हो। वहीं रात के समय भी बच्चे को तेज लाइट में नहीं ले जाएं, जिससे बच्चे को सोने में परेशानी न हो।

### नवजात के पास तेज शोर या म्यूजिक न बजाएं

बता दें कि नवजात बच्चे के पास अधिक शोर या तेज म्यूजिक नहीं बजाना चाहिए। इससे बच्चे को असु. विधा और घबराहट हो सकती है। क्योंकि नवजात बच्चे के कान के परदे काफी नाजुक होते हैं। इसलिए उनके लिए तेज आवाज या म्यूजिक सही नहीं है। तेज म्यूजिक या शोर से बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास पर प्रभाव पड़ सकता है।

### एसी या पंखे की सीधी हवा

इसके साथ ही नवजात बच्चे को कभी भी सीधे तौर पर ठंडी या गर्म हवा में नहीं रखना चाहिए। अगर आप एसी या पंखा चलाते हैं। तो ध्यान रखें कि बच्चे पर इसकी सीधी हवा न पड़े। ठंडी हवा लगने से बच्चे को सर्दी-खांसी की समस्या हो सकती है। वहीं बहुत ज्यादा गर्म वातावरण भी नवजात बच्चे के लिए अच्छा नहीं होता है।

### चेहरे पर किस करने से बचें

नवजात बच्चा दिखने में बहुत क्यूट लगते हैं। ऐसे में न सिर्फ उनके पेरेंट्स बल्कि उनसे मिलने आने-जाने वाले लोग भी बच्चे के गाल या माथे पर किस करते हैं। लेकिन यह बच्चे के लिए काफी खतरनाक हो सकता है। नवजात बच्चे की त्वचा और इम्यून सिस्टम काफी सेंसिटिव होता है। जिसके वजह से वह आसानी से इंफेक्शन के संपर्क में आ सकते हैं।

### छोटे बच्चों के साथ नवजात को अकेला न छोड़ें

नवजात बच्चे को कभी भी छोटे बच्चे के साथ अकेला नहीं छोड़ना चाहिए। क्योंकि छोटे बच्चे समझदार नहीं होते हैं। ऐसे में वह नवजात शिशु को अंजाने में चोट पहुंचा सकते हैं।



# आखिर फूटा गुस्साः ट्रम्प की बढ़ी मुसीबतें

## सड़कों पर उतरा 50 अमेरिकी राज्यों का जनसैलाब

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नीतियों के खिलाफ हजारों प्रदर्शनकारी एक बार फिर सड़कों पर उतर आए। यह प्रदर्शन सभी 50 राज्यों में हुए। प्रदर्शनकारी ट्रम्प की टैरिफ वार की नीतियों, सरकारी नौकरियों में छंटनी का विरोध कर रहे हैं। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति आवास व्हाइट हाउस का घेराव किया। लोगों ने ट्रम्प पर नागरिक और कानून के शासन को कुचलने का आरोप लगाया।

इस आंदोलन को 50501 नाम दिया गया है, जिसका मतलब 50 विरोध प्रदर्शन, 50 राज्य, 1 आंदोलन है। प्रदर्शनकारियों ने व्हाइट हाउस के अलावा टेस्ला के शोरूम का भी घेराव किया। ट्रम्प के खिलाफ प्रदर्शनों का यह दूसरा दौर है। इससे पहले 5 अप्रैल को ट्रम्प के खिलाफ पूरे देश में प्रदर्शन हुए थे। राजधानी वाशिंगटन डीसी समेत सभी राज्यों में प्रदर्शन की बड़ी वजह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और कारोबारी एलन मस्क की आक्रामक नीतियां हैं।


एलन मस्क का दक्षता विभाग लगातार सरकारी विभागों में छंटनी कर रहा है। अब तक हजारों सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा चुका है। दूसरी तरफ डोनाल्ड ट्रम्प की अप्रवासियों पर कार्रवाई और दूसरे देशों पर टैरिफ लगाने की सख्त पालिसी भी इन प्रदर्शनों की एक बड़ी वजह है। ट्रम्प के टैरिफ वार से अमेरिका में दूसरे देशों से आने वाली चीजों के दाम बढ़े हैं। इसका सीधा असर आम लोगों की जेब पर पड़ रहा है। अमेरिकी सर्वे एजेंसी गैलप के मुताबिक 45 प्रतिशत अमेरिकी वोटर्स ट्रम्प के पहले 3 महीने के कामकाज से खुश हैं, जबकि ट्रम्प के पहले कार्यकाल के शुरुआती 3 महीनों में 41 प्रतिशत वोटर्स ही उनके कामकाज से संतुष्ट थे। हालांकि यह बाकी राष्ट्रपतियों की तुलना में बेहद कम है। 1952 से 2020 के बीच सभी राष्ट्रपति की पहली तिमाही की औसत रेटिंग 60 प्रतिशत है। इसकी तुलना में ट्रम्प की रेटिंग कम दिख रही है। एजेंसी के मुताबिक ट्रम्प के पदभार संभालने के वक्त उनकी रेटिंग 47 प्रतिशत थी। इसमें भी गिरावट दर्ज हुई है।

### अमेरिकी टैरिफ अरब के गैर तेल निर्यात के लिए खतरा

**बेरूत।** अमेरिकी व्यापार संरक्षणवाद में तेज वृद्धि से अरब अर्थव्यवस्थायें भारी दबाव में है, जिससे 22 अरब अमेरिकी डॉलर के गैर-तेल निर्यात को खतरा है। पश्चिमी एशिया के लिए संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक आयोग द्वारा शनिवार को जारी नीति विवरण में यह बात कही गई। इस मामले में जॉर्डन सबसे कमजोर के रूप में उभरा है, जिसके कुल निर्यात का लगभग एक चौथाई हिस्सा अमेरिका को जाता है। बहरीन भी अमेरिकी बाजार में एल्यूमीनियम और रासायनिक निर्यात पर अपनी भारी निर्भरता के कारण निशाने पर है। विवरण में कहा गया, इस बीच, संयुक्त अरब अमीरात को अमेरिका में होने वाले लगभग 10 अरब डॉलर के पुनर्निर्यात में व्यवधान देखने को मिल सकता है।

# ऊंची अदालत में अपील नहीं कर सकेंगे कुलभूषण

- सिर्फ काउंसलर मदद मुहैया कराई
- जासूसी में जाधव 9 साल से जेल में बंद



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की जेल में बंद भारतीय नागरिक कुलभूषण जाधव को ऊपरी अदालत में अपील करने का अधिकार नहीं दिया गया है। यह जानकारी पाकिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान दी। दरअसल पाक सुप्रीम कोर्ट में इमरान खान के समर्थकों की गिरफ्तारी से जुड़े मामले में सुनवाई चल रही थी। इस दौरान कोर्ट ने वकील से पूछा कि क्या कुलभूषण जाधव को अपील का अधिकार मिला था और अगर मिला था तो पाकिस्तान के नागरिकों को यह अधिकार क्यों नहीं। इस पर रक्षा मंत्रालय के वकील ने कहा कि जाधव को अपील का कोई अधिकार नहीं मिला था। जाधव 2016 से पाकिस्तान की जेल में बंद हैं। पाकिस्तान ने उन पर जासूसी करने का आरोप लगाया है। पाकिस्तानी अखबार डान की रिपोर्ट के मुताबिक जाधव को 2019 में अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) के फैसले के बाद सिर्फ कान्सुलर एक्सेस दिया गया था। कान्सुलर एक्सेस का प्रावधान होने पर आरोपी को हाई कमीशन के जरिए मदद मिलती है जाधव को बलूचिस्तान से गिरफ्तार किया पाकिस्तानी सेना ने 3 मार्च 2016 को बताया था कि उसने कुलभूषण जाधव को बलूचिस्तान प्रांत से गिरफ्तार किया था। पाकिस्तान ने कुलभूषण पर जासूसी और देशविरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया था। पाकिस्तान ने एक वीडियो जारी किया था, जिसमें जाधव ने कथित तौर पर स्वीकार किया था कि वह भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ के लिए काम कर रहे थे और बलूचिस्तान और कराची में अस्थिरता फैलाने में शामिल थे। हालांकि, भारत ने इसे खारिज करते हुए कहा था कि यह जबरन लिया गया बयान है। भारत ने कहा कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों ने जाधव को ईरान से अगवा किया। जाधव रिटायरमेंट के बाद ईरान में बिजनेस कर रहे थे।

# हसीना को रेड कॉर्नर नोटिस जारी करे इंटरपोल

## 11 अन्य लोगों पर भी ऐसी ही मांग, तख्तापलट के बाद 9 महीने से भारत में रह रहीं पूर्व पीएम



**ढाका।** बांग्लादेश पुलिस ने इंटरपोल से पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ रेड कार्नर नोटिस जारी करने की मांग की है। हसीना के अलावा 11 अन्य लोगों के खिलाफ भी ऐसी ही मांग की गई है। शेख हसीना पिछले साल अगस्त में हुए तख्तापलट के बाद से भारत में रह रही हैं। बांग्लादेश की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल (आईसीटी) ने शेख हसीना, उनके पूर्व मंत्रियों, सलाहक. ारों और अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे। इन पर मानवता के विरुद्ध अपराध और नरसंहार के आरोप थे। इंटरपोल का रेड नोटिस किसी व्यक्ति को ढूंढ़ने और उसे प्रत्यर्पण या कानूनी कार्रवाई से पहले अस्थाई रूप से गिरफ्तार करने में मदद करता है। शेख हसीना ने 8 अप्रैल को सोशल मीडिया पर बात करते हुए कहा था कि पहले बांग्लादेश को विकास के मॉडल के तौर पर देखा जाता था, लेकिन अब ए आतंकी देश बन गया है। हमारे नेता और कार्यकर्ताओं को जिस तरीके से मारा जा रहा है, उसे बताया भी नहीं जा सकता है। अवामी लीग, पुलिस, वकील, पत्रकार, कलाकार सभी को मारा जा रहा है। हसीना ने कहा कि अब तो इस देश में मीडिया को भी काम नहीं करने दिया जा रहा है। रेप, मर्डर, डकैती किसी चीज की रिपोर्ट नहीं कराई जा रहा है। और अगर इसे रिपोर्ट किया जाता है, तो उस टीवी चौनल या अखबार को टारगेट किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा, 'अल्लाह ने मुझे किसी मकसद से जिंदा रखा है। मैं वापस लौटूंगी। वो दिन जरूर आएगा जब अवामी लीग के नेताओं को निशाना बनाने वालों को इंसाफ के कठघरे में लाया जाएगा। शेख हसीना पिछले साल 5 अगस्त को देश छोड़कर भारत आ गई थीं। उनके खिलाफ देशभर में छात्रों ने प्रदर्शन किए थे। दरअसल बांग्लादेश में 5 जून को हाईकोर्ट ने जाब में 30 प्रतिशत कोटा सिस्टम लागू किया था, इस आरक्षण के खिलाफ ढाका में यूनिवर्सिटीज के स्टूडेंट्स प्रोटेस्ट कर रहे थे। यह आरक्षण स्वतंत्रता सेना. नियों के परिवारों को दिया जा रहा था। हालांकि हसीना सरकार ने यह आरक्षण बाद में खत्म कर दिया था, लेकिन इसके बाद छात्र उनके इस्तीफे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। बड़ी संख्या में छात्र और आम लोग हसीना और उनकी सरकार के खिलाफ सड़क पर उतर आए थे। इस प्रोटेस्ट के दो महीने बाद 5 अगस्त को उन्होंने पीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। बाद में बांग्लादेश में अंतरिम सरकार का गठन किया गया था।

# हमास ने बंधक वापसी के सौदे को किया खारिज

**जेरूसलम।** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शनिवार शाम को कहा कि हमास ने युद्ध की समाप्ति और गाजा से इजरायली सैन्य वापसी की मांग करके गाजा में आधे बंधकों को वापस करने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। नेतन्याहू ने एक रिकॉर्ड किए गए वीडियो बयान में कहा, अगर हम अब हमास के हुक्म के आगे झुक जाते हैं, तो युद्ध की सभी महान उपलब्धियां गायब हो जाएंगी। बयान में इजरायली प्रधानमंत्री ने इस विचार को भी खारिज कर दिया कि इजरायल हमास को धोखा देकर सभी बंधकों को मुक्त कर सकता है और फिर युद्ध फिर से शुरू कर सकता है, उन्होंने तर्क दिया कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय इस तरह के कदम को स्वीकार नही करेगा। इससे पहले दिन में हमास की सशस्त्र शाखा अल-क़स्साम ब्रिगेड ने एक नया वीडियो जारी किया, जिसमें गाजा में एक इजरायली बंधक को दिखाया गया था। चार मिनट के वीडियो में इजरायली बंधक एल्काना बोहबोट लैंडलाइन फोन पर बात करते हुए दिखाई दे रहे हैं, जो अपने परिवार को उनकी रिहाई के लिए प्रयास जारी रखने के लिए कॉल कर रहे हैं।

रिकॉर्डिंग के अंत में उन्होंने कहा, मेरा स्वास्थ्य ठीक नहीं है। मैं मौत के लिए चिल्ला रहा हूं। कृपया, मेरे लिए यह करो। अल-क़स्साम ब्रिगेड ने बंधकों के संदर्भ में संदेश के साथ वीडियो का समापन किया, वे केवल एक क्षमता के साथ ही वापस आएंगे। यह स्पष्ट नही है कि वीडियो कब रिकॉर्ड किया गया था। इजरायली मीडिया ने बताया कि वीडियो के जारी होने से तेल अवीव, यरुशलम, बीरशेबा और हाइफ़ा में प्रदर्शन शुरू हो गए।

## राहुल गांधी अमेरिका पहुंचे

**वाशिंगटन।** कांग्रेस लीडर और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अमेरिका के दौरे पर पहुंचे हैं। वे स्थानीय समयानुसार बास्टन लोगन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरे। इस दौरे पर राहुल गांधी रोड आइलैंड स्थित ब्राउन यूनिवर्सिटी का दौरा करेंगे, जहां वे फैकल्टी और छात्रों से संवाद करेंगे। इसके अलावा राहुल प्रवासी भारतीय समुदाय, इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के पदाधिकारियों और सदस्यों से भी मुलाकात कर सकते हैं।

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने राहुल गांधी के इस दौरे की जानकारी एक्स पर दी थी। इसमें बताया गया था कि राहुल का यह दौरा 21 और 22 अप्रैल को रहेगा। राहुल ने इससे पहले सितम्बर 2024 में 3 दिन का अमेरिका का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने डलास शहर में टेक्सास विश्वविद्यालय में छात्रों और शिक्षकों से बातचीत की थी और भारतीय समुदाय को संबोधित किया था।

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति आज से चार दिन के भारत दौरे पर



**नई दिल्ली।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस 21 अप्रैल को भारत के चार दिन के दौरे पर आ रहे हैं। उनके साथ उनकी पत्नी उषा वेंस और तीनों बच्चे भी इस ट्रिप पर आएंगे। वे इटली का दौरा कर भारत आ रहे हैं। सोमवार सुबह 10 बजे जेडी वेंस दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर लैंड करेंगे। इसके बाद वे अक्षरधाम मंदिर जाएंगे और पारंपरिक भारतीय हस्तशिल्प देखने किसी शापिंग कॉम्प्लेक्स भी जाएंगे। इस दौरे पर जेडी वेंस पीएम मोदी, विदेश मंत्री एस जयशंकर, एनएसए अजित डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिस्री और अमेरिका में भारतीय दूत विनय मोहन क्वात्रा से मुलाकात करेंगे। पीएम मोदी जेडी वेंस के लिए डिनर आयोजित करेंगे। इसके बाद वेंस सोमवार रात को ही जयपुर रवाना होंगे, जहां वे मंगलवार को रुकेंगे। बुधवार को वे आगरा घूमने जाएंगे। अमेरिका का उपराष्ट्रपति बनने के बाद यह जेडी वेंस का पहला आधिकारिक भारत दौरा है।

## चीन ने आपातकालीन मानवीय सहायता के लिए सातवीं खेप भेजी म्यांमार

**यांगून।** चीन की सरकार की ओर से भेजी गई आपातकालीन मानवीय सहायता की सातवी खेप रविवार को म्यांमार के यांगून अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची। म्यांमार में 28 मार्च को आए 7.9 तीव्रता के भूकंप से अब तक 3,726 लोगों की मौत हो चुकी है और 5,105 घायल हुए हैं।

# यमन में अमेरिकी स्ट्राइक तीन लोगों की मौत, 4 घायल

**सना।** यमन की राजधानी सना, इसके बाहरी इलाकों और अन्य प्रांतों पर ताजा अमेरिकी हवाई हमलों में कम से कम तीन लोग मारे गए और चार अन्य घायल हो गए। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी ने स्वास्थ्य अधिकारियों का हवाला देते हुए शनिवार रात यह जानकारी दी। टेलीविजन के अनुसार अमेरिकी सेना ने सना और इसके पश्चिमी बाहरी इलाकों में 21 हवाई हमले किए, जिसमें उत्तरी सना के अल-नहदा इलाके में दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। दक्षिणी सना के सफियाह इलाके में एक कब्रिस्तान में तीसरा व्यक्ति घायल हो गया। हूती टेलीविजन ने कहा कि सना के पश्चिमी बाहरी इलाके में बानी मातर जिले में हवाई हमलों में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। रिपोर्ट में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि पीड़ित नागरिक थे या हूती कार्यकर्ता।

सना के निवासियों के अनुसार, राजधानी पर हवाई हमलों में कई अन्य स्थानों को भी निशाना बनाया गया, जिनमें पूर्वी सना के माउंट नुकुम में अल-हफा सैन्य शिविर में हथियार डिपो और उत्तर-पूर्वी सना में दो सैन्य स्थल शामिल हैं।

### उत्तरी गाजा में इज़रायली सैनिक की मौत

**यरूशलेम।** उत्तरी गाजा पट्टी के बेत हनौन में इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के एक सैनिक की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। आईडीएफ ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी।

बयान के अनुसार मारा गया सैनिक दक्षिणी इजराइल के बेडौइन शहर राहत का 35 वर्षीय ट्रैकर गालेब स्लीमन अलनासरा था। इसमें कहा गया कि एक अन्य आईडीएफ ट्रैकर और दो महिला सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गईं। इजरायल के चैनल 12 न्यूज ने बताया कि हमास के आतंकवादी एक छिपी हुई सुरंग से निकले और आईडीएफ बल पर आरपीजी से फायर किया, जिससे दो महिला सैनिक घायल हो गईं।

# चीन की पहली अनोखी रेसः रोबोट हारा, इंसान जीता




**बीजिंग।** चीन की राजधानी बीजिंग में इंसानों और 21 रोबोट्स के बीच अनोखी हॉफ मैराथन दौड़ हुई। यह पहली बार था जब मशीनों ने 21 किलोमीटर (13 मील) की दूरी तक इंसानों के साथ दौड़ लगाई। यह इवेंट बीजिंग के दक्षिण-पूर्वी यिझुआंग जिले में हुआ, जहां चीन की कई बड़ी टेक्नोलाजी कंपनियों का ऑफिस है। इसका मकसद रोबोटिक्स और टेक्नोलाजी की दुनिया में चीन की तरक्की दिखाना था। चीन की ड्रायडअप और नोएटिक्स रोबोटिक्स जैसी कंपनियों के रोबोट्स ने भी इस रेस में हिस्सा लिया। रेस में शामिल कुछ रोबेट्स का साइज 120 सेमी (3.9 फीट) से कम था, जबकि कुछ 1.8 मीटर (5.9 फीट) तक ऊंचे थे। बीजिंग इनोवेशन सेंटर आफ ह्यूमन रोबोटिक्स के रोबोट तियांगोंग अल्ट्रा ने मशीनों में सबसे पहले 2 घंटे 40 मिनट में इस रेस को पूरा किया, जबकि इंसानी विजेता ने रेस पूरी करने के लिए 1 घंटे 2 मिनट का टाइम लिया। सबसे कम वक्त में 21 किमी की मैराथन पूरी करने का रिकार्ड जैकब किप्लिमो (56 मिनट 42 सेकेंड) के नाम है। रेस के दौरान जिस तरह इंसानों को बीच में पानी पीने की जरूरत पड़ती है उसी तरह रोबोट्स को बैटरियां बदलने की परमिशन दी गई थी।

रोबोट के साथ इंसानी ट्रेनर भी थे, जिन्होंने दौड़ के दौरान मशीनों को सहारा भी दिया। कुछ रोबोट्स ने रनिंग शूज पहने थे, एक ने बॉक्सिंग ग्लव्स पहने थे और दूसरे ने लाल रंग का हेंड-बैंड पहना था जिस पर चीनी भाषा में बाउण्ड टू विन (जीतने के लिए तैयार) लिखा था। रोबोटिक्स सेंटर के चीफ टेक्नोलाजी अफसर तांग जियान ने कहा कि तियांगोंग अल्ट्रा को रेस के दौरान लंबी टांगों और एक एल्गोरिथ्म की मदद मिली। इस वजह से यह इंसानों की तरह मैराथन दौड़ पाया।

